सुप्रभात
रांची, शनिवार
26.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी- चतुर्दशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 281



12 सुप्रीम कोर्ट ने राहुल को लगायी फटकार

## न्यूज डायरी

### पीएम मोदी आज देंगे युवाओं को नियुक्ति पत्र

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। मौके पर उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। पीएमओ के अनुसार यह 15वां रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। देश भर से चयनित नये कर्मचारी राजस्व विभाग, कार्मिक एवं लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रेल मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में केन्द्र सरकार में शामिल होंगे।

### पोप की अंत्येष्टि में भाग लेने रोम पहुंचीं राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** वेटिकन के सेंट पीटर्स स्क्वायर में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई राष्ट्राध्यक्षों और विभिन्न देशों से गणमान्य व्यक्तियों का रोम पहुंचना शुरू हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को रोम पहचीं। वह वेटिकन सिटी में सेंट पीटर के बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देंगी।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मृत्यु

**चान्हो।** रांची– मेदनीनगर मुख्यपथ पर स्थित चटवल मोड़ के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में दो युवक कि मौत हो गयी। मृतकों में सतबरवा के मुक्ता गांव का विकास विश्वकर्मा (17 )और मनातू के रहेया का उपेंद्र कुमार (22) शामिल हैं। दोनों रांची से मेदिनीनगर की ओर बाइक से जा रहे थे। गति तेज होने से घुमाव सड़क पर बाइक असंतुलित होकर पहले डिवाइडर से टकरायी और फिर पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक कई मीटर दूर जा गिरे। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बरामद महिला व पुरुष के शवों की शिनाख्त

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जमनीजारा स्थित कोनार डैम के जंगल से शुक्रवार की अहले सुबह बरामद महिला व पुरुष के शवों की पहचान कर ली गयी। उनकी पहचान बोकारो निवासी विजय कुमार महतो और तिलैया देवी के रूप में की गयी। सूत्रों के मुताबिक मामला प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा है। तिलैया देवी विष्णुगढ़ के कुसुंभा की रहने वाली थी, जिसकी शादी जरीडीह में हुई थी और वह दो बच्चों की मां भी थी। मृतक विजय कुमार महतो रिश्ते में मृतिका का देवर लगता था।

### नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया गिरफ्तार

**रांची।** नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। लीक मामले का केंद्र बिंदु हजारीबाग रहा है। इस गिरफ्तारी से अब कई बिंदुओं का खुलासा होने की उम्मीदहै। अब तक हजारीबाग से चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।




## पाकिस्तान को सबक देने की तैयारी, बैठक में गृह मंत्री की बड़ी घोषणा

# सिंधु का एक बूंद भी पानी नहीं जाने देंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान पर शिंकजा कस रहा। सिंधु जल समझौते पर अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। गृहमंत्री ने साफ कर दिया है कि सिंधु जल समझौते को लेकर जो निर्णय किया गया है उसका पालन किया जायेगा। पाकिस्तान में एक बूंद भी पानी न जाये, इसकी ठोस व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये फैसला तीन चरण में लागू होगा, जिसमें तुरंत, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म में लागू होंगे। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पांच बड़े फैसले लिये हैं, जिसमें सिंधु जल समझौता स्थगित रखना भी शामिल था। । वहीं, पाकिस्तान ने भी शिमला समझौता रद करने की धमकी दी है।

**पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत वापस भेजो :** पांछ अहम फैसलों में पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने का है। इस संबंध में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें तुरंत वापस पाकिस्तान भेजने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी नागरिकों के सभी वीजा रद्द करने के निर्देश भी जारी किये हैं। सभी राज्य अपने क्षेत्र में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को खोज-खोजकर उनकी वापसी सुनिश्चित करें। इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पाकिस्तानियों को जारी वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है।

**पर्यटकों के लिए एसओपी बनायें :** पहलगाम स्थित बैसरन मैदान में पर्यटकों की हत्या से स्तब्ध गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों से एक स्टैंडर्ड ओपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) तैयार करने के लिए इनपुट उपलब्ध कराने को कहा है, जिसका पालन स्थानीय प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जायेगा। गृह मंत्रालय और खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस को पर्यटकों के बैसरन आने की जानकारी नहीं थी। बैसरन एक पहाड़ी इलाके में स्थित है, जहां वाहन नहीं जा सकते। कुपवाड़ा जिला प्रशासन की ओर से जारी आदेश में आम जनता और विजिटर्स को सीमावर्ती इलाकों जैसे करनाह, केरन और माछिल और बुंगस घाटी में जाने से बचने की सलाह दी गयी है।



### जम्मू-कश्मीर में सेना प्रमुख और कमांडर्स की अहम बैठक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। आज शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार, सेना के उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और श्रीनगर स्थित 15 कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव शामिल थे। बैठक में मौजूदा सुरक्षा हालात, अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीतियां, और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय पर चर्चा हुई। जनरल द्विवेदी ने विक्टर फोर्स और 15 कोर मुख्यालय का भी दौरा किया, जहां उन्हें जमीनी स्थिति की विस्तृत जानकारी दी गया। ( पेज 12 भी देखें)

## आतंकी ठिकानों पर ताबड़तोड़ एक्शन शुरू

# दो आतंकियों का घर मिट्टी में मिलाया

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और अनंतनाग में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादियों के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। आदिल शेख उर्फ आदिल गुरी का घर ब्लास्ट से उड़ा दिया। असे पहलगाम आतंकी हमले का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। उसने 2018 में पाकिस्तान जाकर आतंकी ट्रेनिंग ली थी। दूसरे का बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ये घर पुलवामा के त्राल के मोनाघामा इलाके के आसिफ शेख और अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर के थे। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात विस्फोट करके घरों को जमींदोज कर दिया गया।



**लश्कर के शीर्ष कमांडर ढेर :** जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा में जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया है. मारा गया आतंकी अल्ताफ लश्कर का टॉप कमांडर बताया जा रहा है। बांदीपुरा जिले के कुलनार, बाजीपुरा इलाके में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ एक आतंकवादी के मारा गया। उसकी पहचान अल्ताफ लाली के रूप में हुई है। वह तालिब लाली का भाई है जो जेल में है। मुठभेड़ में एक जवान भी जख्मी है।

## वायुसेना ने शुरू किया 'आक्रमण' युद्धाभ्यास

**भारत** और पाकिस्तान के बीच तनाव अब अपने चरम पर पहुंच चुका है, और इसके मद्देनजर भारतीय वायुसेना ने एक विशेष युद्धाभ्यास 'आक्रमण' की शुरूआत की है। इस एक्सरसाइज का उद्देश्य वायुसेना की आक्रमकता और तत्परता को परखना हखासकर ऐसे समय में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच हालात बेहद संवेदनशील हो चुके हैं। युद्धाभ्यास में वायुसेना ने पहाड़ी और जमीनी ठिकानों पर हमला करने की तैयारी की है। इस एक्सरसाइज के तहत, वायुसेना के पायलट्स रियल वॉर सिचुएशन में दुश्मन के ठिकानों पर लंबी दूरी से बमबारी कर रहे हैं। इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं, जो ग्राउंड अटैक, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और स्ट्राइक मिशन की तैयारियों में जुटे हैं।



# स्पेन से निवेश और व्यापार बढ़ाने पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मैड्रिड में स्पेन से निवेश और व्यापार बढ़ाने पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन सरकार के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्यम मंत्रालय, स्पेनिश चैंबर ऑफ कॉमर्स और स्पेन इंडिया काउंसिल फाउंडेशन के एक स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल के साथ आमने-सामने चर्चा की। चर्चा में लगातार संवाद, सूचनाओं के आदान-प्रदान और आपसी यात्राओं को बढ़ाकर भारत-स्पेन निवेश और व्यापार को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आने और राज्य में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स और काउंसिल के सदस्यों का स्वागत किया।



# मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांध कैंडल मार्च निकाला

### पहलगाम आतंकी हमले का रांची में विरोध जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद लोगों ने हाथों में काली पट्टी लगाकर घटना का विरोध किया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। नमाज के बाद लोगों ने मुल्क में अमन और चैन बरकरार रहने की दुआएं की। इसके अलावा, इकरा मस्जिद के पास नमाज के बाद हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने पहलगाम घटना की निंदा की और सरकार से आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

**कैंडल मार्च :** मस्जिद जाफरिया से लेकर अलबर्ट एक्का चौक तक कैंडल मार्च निकाला। इसका नेतृत्व हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने किया। इनके साथ विभिन्न मुस्लिम संगठनो के ओहदेदार शामिल थे। लोगों ने हाथों में तख्ती और मोमबत्ती लेकर मार्च किया। कैंडल मार्च में लोगों ने कहा कि हमारे लिए देश पहले है धर्म बाद में आता है।

आतंकवादियों ने जिस तरह से निर्दोष पर्यटकों की हत्या की है वह इंसानियत के खिलाफ है। कैंडल मार्च में मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद ,झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता जुनैद अनवर, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकिलुर रहमान, सरफरज समेत सैंकड़ों मुस्लिम प्रतिनिधि शामिल थे।




# अगले माह झारखंड में प्रचंड गर्मी पड़ेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सभी जिलों में मई महीने के दूसरे हफ्ते में इस बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ेगी। इसका असर राज्य के आम जनजीवन पर भी पड़ेगा। शुक्रवार को मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मई माह के दूसरे हफ्ते में प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका है। दो-तीन मई तक काल बैसाखी का प्रभाव रहेगा।

इससे बारिश और वज्रपात होने की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया कि जब-जब बंगाल की खाड़ी से नमी झारखंड में प्रवेश करेगी उसके प्रभाव से काल बैसाखी के चलते गर्जन वज्रपात और हल्की बारिश होगी। इससे राज्य के आम लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। वहीं पूरा झारखण्ड प्रचंड गर्मी की चपेट में है। जमशेदपुर और डाल्टेनगंज में तापमान 43 डिग्री को पार चुका है। रांची में अभी भी राहत है। यहां का तापमान शुक्रवार को 38.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



### भीषण बारिश का अलर्ट, बिजली गिरने की चेतावनी

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने चेतावनी दी गर्मी से झुलस रहे लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है, क्योंकि एक बार फिर पहाड़ों में मौसम करवट लेने को तैयार है। 26 और 27 को गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। लोगों से आग्रह किया गया है कि इस दौरान खुले स्थानों से बचें और सुरक्षित स्थानों में रहें। 26 से 30 अप्रैल के बीच राज्य के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। जहां एक ओर मैदानों में तेज गर्मी और लू लोगों को बेहाल कर रही है, वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में भी तपिश बढ़ने लगी है। इसका असर अब प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर भी दिखने लगा है, जिससे कई इलाकों में जल संकट की स्थिति बन गयी है। आइएमडी के अनुसार 26 व 27 को रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में बारिश और आकाशीय बिजली की संभावना है। वहीं 30 उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना है।

# अवैध उत्खनन से नदियों और पुल पर मंडराने लगा खतरा

## सख्ती के बावजूद कोयल, कारो और छाता नदियों से अवैध उत्खनन जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बालू माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बावजूद नदियों से बालू का उठाव थम नहीं रहा है। बालू के अवैध उत्खनन से नदी के अस्तित्व और उस पर बने पुलों पर पर खतरा मंडरा रहा है। खूटी जिले के रनिया से लेकर तोरपा और कर्रा समेत पूरे क्षेत्र की कोयल, कारो और छाता नदियों से अवैध उत्खनन जारी है। हालांकि जिला प्रशासन के सख्त रवैये के कारण कुछ दिनों से अवैध बालू के उठाव पर कुछ लगाम जरूर लगी है लेकिन चोरी छिपे अब भी बालू का उठाव लगातार जारी है। जिला प्रशासन विगत कुछ दिनों से माफियाओं पर अंकुश लगाने एवं उत्खनन रोककर नदियों के अस्तित्व को बचाने का अभियान चला रहा है। पिछले दिनों इन इलाकों के जंगल से लाखों सीएफटी अवैध बालू का स्टॉक जब्त किया था।




**नदियां और पुल खतरे में :** अधिकारियों ने छापामारी के दौरान रनिया से लौटते समेत तोरपा कर्रा पथ स्थित छाता नदी पर बने पुल का भी निरीक्षण किया। बालू के अत्यधिक उठाव के कारण छाता नदी पर बनी पुलिया पर भी अस्तित्व खतरा मंडरा रहा है। पुल के 5 पिलर के तल से बालू का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। एसडीओ ने कारो और छाता नदी का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्र की नदियों को देखकर उन्होंने कहा कि ये एक बड़ी समस्या है, इसके समाधान के लिए वरीय अधिकारियों से बात करेंगे और जल्द ही माफियाओं को जिले से खदेड़ने का काम होगा। माफियाओं ने किसी भी क्षेत्र को नहीं छोड़ा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है भविष्य बचाने के लिए नदियों को संरक्षित करना होगा और इसके लिए उन्हें प्रशासन को सूचना देनी होगी कि क्षेत्र में माफिया सक्रिय है, प्रशासन को सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई हो। इसी रास्ते से सिमडेगा से जाने वाली हर छोटी बड़ी गाड़ियां तोरपा होते हुए कर्रा और फिर रांची जाती है। पुल के क्षतिग्रस्त होने पर खूंटी शहर का ट्रैफिक लोड बढ़ सकता है, कभी भी हादसा हो सकता है।

# जल्द जारी होगी ओबीसी सर्वेक्षण रिपोर्ट

### अंतिम रूप देने में जुटा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर निकाय चुनाव को लेकर शहरी क्षेत्र में विगत कई महीनों से चल रहा ओबीसी सर्वे अंतिम चरण में है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग इसे अंतिम रुप देने में जुटा है। आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक जल्द ही इसे जारी किया जाएगा। इन सबके बीच राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने विगत दो नगर निकाय चुनाव में सामान्य सीटों पर चुनाव जीतकर आए झारखंड के स्थानीय ओबीसी जनप्रतिनिधियों की सूची सभी जिलों से मांगी है। आयोग के सदस्य सचिव कृष्ण कुमार सिंह के अनुसार इसके जरिए शहरी नगर निकायों में झारखंड के ओबीसी वर्ग के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की संख्या का पता चल पाएगा कि आखिर ये लोग यहां के हैं कि बिहार के ओबीसी वर्ग से हैं।




**सभी जिलों में ओबीसी सर्वेक्षण पूरा :** विगत कई महीनों से जिला स्तर पर चल रहा ओबीसी सर्वेक्षण का काम पूर्ण हो चुका है। जिला स्तर से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग राज्यस्तरीय रिपोर्ट तैयार करने में जुट गई है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ 30 जून से निर्णायक आंदोलन : चंपई

## पूर्व सीएम ने भोगनाडीह से आंदोलन की शुरूआत की बात कही है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने धर्मांतरण और बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का ऐलान किया है। श्री सोरेन ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि हूल दिवस 30 जून के दिन भोगनाडीह में आदिवासी समाज के लोग जुटकर आंदोलन की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को रोकने के लिये पहल नहीं हुई तो भविष्य में आदिवासी सरना स्थलों में पूजा करने वाला कोई नहीं बचेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति आदिवासी परंपराओं और जीवनशैली को त्याग दे या दूसरे धर्म में विवाह कर ले, उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिये। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिये आदिवासी समाज की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और उनकी बेटियों को बहला-फुसलाकर या धमकी देकर शादी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट जैसे सुरक्षा कवच होने के बावजूद इन्हें जमीनें कौन उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि हूल दिवस के बाद आंदोलन तेज होगा और हजारों लोग सड़कों पर उतरेंगे। इसके बाद समाज की भावना से केंद्र सरकार को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिये किसी भी हद तक जायेगा।



## मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मिलीं शहीद मनीष रंजन के परिजनों से

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के नेतृत्व में झामुमो विधायकों ने शहीद आईबी अधिकारी मनीष रंजन के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। मंत्री के साथ झामुमो विधायक विकास सिंह मुंडा और मंगल कालिंदी भी मौजूद थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शोक संतप्त परिवार से घटना की जानकारी ली। इस अवसर पर शहीद के पिता मंगलेश कुमार मिश्रा ने अपने बेटे की यादों को साझा करते हुये बताया कि मनीष रंजन बचपन से ही मेधावी छात्र थे। उन्हें क्रिकेट एवं संगीत में भी उनकी विशेष रुचि थी। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार को हर संभव मदद के लिये तैयार है। परिजनों ने कुछ समस्याओं का उल्लेख किया है।

## खबर एक नजर में

### जमीन घोटाले के तीन आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

**रांची।** सेना की जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के तीन आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दी। इनमें अमित कुमार अग्रवाल, तल्हा खान और मो अफसर अली शामिल हैं। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में अमित कुमार अग्रवाल और तल्हा खान आरोपी हैं। वहीं, खेलगांव की जमीन से जुड़े फर्जीवाड़ा मामले में मोहम्मद अफसर अली आरोपी है। सेना के जमीन फर्जीवाड़ा मामले में ईडी ने अमित कुमार अग्रवाल और तल्हा खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें अमित कुमार अग्रवाल, तल्हा खान, छवि रंजन सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन खरीद-बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### सूरज कुमार सास की हत्या का दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त संजीव झा की अदालत ने शुक्रवार को सास की हत्या मामले में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त सूरज उरांव को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 29 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त पर अपनी सास शकुंतला देवी को मोबाइल विवाद में सिर में पत्थल से वार कर हत्या करने का आरोप है। घटना को लेकर 22 अप्रैल 2021 को अभियुक्त के खिलाफ लापुंग थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियुक्त ने बेड़ो निवासी सोनी कुमारी से 2018 में प्रेम विवाह किया था। शादी के दो साल बाद सूरज की दोस्ती किसी दूसरी महिला से हो गई थी। इसे घर लाकर साथ रहने लगा था। इस पर उसकी पत्नी मायके चली गई। सूरज ने ससुराल जाकर पत्नी का मोबाइल लेकर चला गया। मांगने पर विवाद हुआ और घटना को अंजाम दिया गया था।

### झालदा पहुंचे संजय सेठ, शहीद मनीष रंजन के परिजनों को ढांढस बंधाया



**रांची।** शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री झालदा पहुंच कर पहलगाम के आतंकवादी हमले में बलिदान हुये आईबी अधिकारी मनीष रंजन के परिजनों से झालदा में मुलाकात किया। उन्होंने परिवार जनों से मिलकर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा भारत मनीष रंजन के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले का दुस्साहस करने वाले और परदे के पीछे की साजिश में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने उनके परिवार वाले को हर संभव सहायता करने की बात कही।

### जानलेवा हमले के आरोपी को मिली जमानत

**रांची।** जमानत का दुरुपयोग करने के मामले में जेल में बंद आरोपी सन्नी तिग्गा को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह ने जमानत की सुविधा प्रदान की है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपी लगातार तीन निर्धारित तारीखों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेगा। जानलेवा हमले से जुड़े पांच साल पुराने मामले में आरोप तय किया जाना है। लेकिन, आरोपी उपस्थित नहीं हो रहा था। 11 जनवरी 2024 से जमानत पर चल रहा आरोपी की जमानत रद्द करते हुये कोर्ट ने 28 अगस्त 2024 को गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुलिस ने बीते 15 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी। आरोपी नामकुम थाना कांड संख्या 117/2020 मामले में ट्रायल फेस कर रहा है।

### दहेज प्रताड़ना के दो दोषियों को एक-एक साल कैद की सजा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अमित गुप्ता की अदालत ने दहेज प्रताड़ना और मारपीट से जुड़े पांच साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा पति नेपोलियन महली और उसकी चचेरी भाभी सहोदरी देवी को दोषी पाकर उन्हें सजा की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, नेपोलियन पर 10 हजार और सहोदरी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। घटना को लेकर नामकुम निवासी आरती महली ने महिला थाना में 24 मार्च 2019 को अपने पति और चचेरी गोतनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि 29 नवंबर 2017 को नेपोलियन से शादी हुई। शादी के बाद पता चला कि मेरे पति का अवैध संबंध छह बच्चों की मां चचेरी भाभी सहोदरी से है। इसके बाद मारपीट करने लगा और दहेज के लिये प्रताड़ित की जाने लगी थी। मामले में सुनवाई के दौरान नामकुम थाना के तत्कालीन एसआई पंकज कुमार यादव समेत पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### सिविल जज जूनियर डिवीजन का पीटी रिजल्ट जारी करने का निर्देश

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन की पीटी का रिजल्ट जारी होने का रास्ता साफ हो गया है। शुक्रवार को चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने जेपीएससी को 98 प्रश्नों के आधार पर चार माह में पीटी का रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने माना है कि पीटी का जो आंसर शीट जारी किया गया था, उसमें दो प्रश्न गलत थे। कोर्ट ने जेपीएससी को 98 सवालों के आधार पर रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया। इस संबंध में प्रार्थी नमिता राज एवं अन्य ने याचिका दायर की थी। प्रार्थी की ओर से कहा गया था कि आयोग ने जो आंसर-की जारी किया है, उसमें कई खामियां हैं। इन खामियों को दूर कर रिजल्ट प्रकाशित किया जाए। दो प्रश्नों के उत्तर जो आयोग द्वारा दिए गए हैं, वह गलत हैं। बता दें कि वर्ष 2023 में सिविल जज जूनियर डिवीजन में नियुक्ति के लिए जेपीएससी ने विज्ञापन निकाला था। वर्ष 2024 में परीक्षा ली गई। इसके बाद आंसर शीट जारी किया गया। अभ्यर्थियों ने उसमें खामी बताते हुए आयोग से शिकायत की, लेकिन आयोग ने शिकायत नहीं सुनी। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी।

# राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाला : मधु कोड़ा की याचिका पर सीबीआई ने बहस के लिए मांगा समय

### हैदराबाद की बिजली कंपनी के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रु घूस लेने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई।

मामले में सीबीआई ने बहस के लिए समय की मांग की। जिस पर कोर्ट ने अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दो सप्ताह के बाद सुनवाई की तिथि निर्धारित की। पिछली सुनवाई में तीसरी बार मधु कोड़ा की ओर से समय मांगे जाने पर कोर्ट ने उनपर 4000 रुपए का जुर्माना लगाया था।

बता दें कि मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आईवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपए घूस ली। साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है, इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। उन्हें 30 जुलाई 2013 को जमानत मिली थी।

आरोप है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड कंपनी आईवीआरसीएल को काम दिया था। वर्ष 2006 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतिकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ रुपए मिले थे। इस परियोजना के तहत झारखंड के छह जिलों के 27359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था। इससे 29.26 लाख परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिलता।

# चारा घोटाला: लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने को लेकर सीबीआई की याचिका पर सुनवाई अब 9 जुलाई को

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद सहित 3 सजायाफ्ताओं की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल सीबीआई की याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। मामले में 6 में से अभी सिर्फ तीन सजायाफ्ता लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य की सजा को बढ़ाने के मामले में सुनवाई चल रही है। बाकी तीन का निधन हो चुका है।

यहां यह बता दे की सीबीआई द्वारा सजा बढ़ाने के आग्रह किए गए 6 आरोपियों में से फूलचंद सिंह, आरके राणा समेत तीन सजायाफ्ताओं का निधन हो चुका है। पूर्व में कोर्ट ने सजायाफ्ता फूलचंद सिंह, आरके राणा सहित 3 का नाम इस केस से हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य सहित छह सजायाफ्ताओं को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। इन्हें सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि लालू प्रसाद को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है इन्हें अधिकतम 7 साल की सजा मिलनी चाहिए।


## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

### अति अल्पकालीन कॉटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2025–26

इच्छुक अधिकृत फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता/विक्रेता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है:–

विज्ञापनदाता का नाम :– प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा।

कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय:–दिनांक– 06.05.2025 को 5:00 बजे अप0 तक।

कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थान:– दिनांक– 07.05.2025 को 3:30 बजे अप0, नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

| Sl No. | Particulars | Per Unit | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Submersible Pump set 100 Mm dia (With Polypropylene/Noryl Impeller) up to 20 Stages. 1.5 HP With DOL Starter (CRI, V-Guard, Crompton, Amrut & Kirloskar) | Piece | |
| 2. | Submersible Pump set 100 Mm dia (With Polypropylene/Noryl Impeller) up to 20 Stages. 2.0 HP With DOL Starter ((CRI, V-Guard, Crompton, Amrut & Kirloskar) | Piece | |
| 3. | Submersible Pump set 100 Mm dia (With Polypropylene/Noryl Impeller) up to 20 Stages. 3.0 HP With DOL Starter (CRI, V-Guard, Crompton, Amrut & Kirloskar) | Piece | |
| 4. | 3 Core PVC Insulated, PVC Sheathed copper Conductor flat Submersible Cable. 2.5MM² (CRI, V-Guard, Anchor & Havells) | Mtr | |
| 5. | FRLS Pvc Insulated Single core Copper Conductor Cable, Single Core 4MM² (Anchor & Havells) | Mtr | |
| 6. | Isolator, 40 Amps 2- Pole | Piece | |
| 7. | 32 MM Dia PVC Pipe | Piece | |
| 8. | Elbow 32MM Dia | Piece | |
| 9. | Nipple 25Mm Dia | Piece | |
| 10. | Nipple 32Mm Dia | Piece | |
| 11. | Socket 25 Mm Dia | Piece | |
| 12. | Socket 32 Mm Dia | Piece | |
| 13. | Standard length High density polyethylene pipe (HDPE) Pipe, 32 MM Dia | Mtr | |
| 14. | Rope 12 MM (Nylon) | KG | |
| 15. | Adapter 32MM | Piece | |
| 16. | PVC Ball Valve 20 MM | Piece | |
| 17. | PVC Ball Valve 25MM | Piece | |
| 18. | PVC Ball Valve 32MM | Piece | |

नोट:– नियम एवं शर्तें कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 351053 (Lohardaga) 25-26 (D)


# थानों के लिए जेनरेटर खरीद का टेंडर गलत नीयत से रद्द किया गया : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** उग्रवाद प्रभावित जिलों के थानों में जेनरेटर की आपूर्ति के बाद गलत नीयत से टेंडर रद्द किया गया है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव और न्यायाधीश राजेश शंकर की पीठ ने सप्लायर द्वारा भुगतान की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि आठ जुलाई निर्धारित की है। साथ ही अगले आदेश तक टेंडर रद्द करने से संबंधित जारी किये गये आदेश को स्थगित कर दिया है। इससे पहले इस मामले में प्रतिवादी बनाये गये पुलिस अधिकारियों को शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया।

मेसर्स जी. एस इंटरप्राइजेज ने हाइकोर्ट में 25 मार्च 2024 को रिट याचिका दायर की थी। इसमें यह कहा गया था कि झारखंड पुलिस ने उग्रवाद प्रभावित जिलों के लिए, जेनरेटर खरीद का टेंडर जारी किया था। टेंडर के निपटारे के बाद उसे सफल घोषित करते हुए वर्क ऑर्डर जारी किया गया। इसके आलोक में जी.एस. इंटरप्राइजेज ने 10 केवी के 64 जेनरेटर की आपूर्ति कर दी। जेनरेटर की आपूर्ति के बाद पुलिस विभाग ने जेनरेटर की जांच के लिए एक टीम का गठन किया। टीम ने जांच के बाद जेनरेटरों को मानक के अनुरूप पाया। जांच में सब कुछ सही पाये जाने के बावजूद उसे भुगतान नहीं किया गया। मेसर्स जी. एस इंटरप्राइजेज द्वारा हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर किये जाने के बाद पुलिस विभाग ने जेनरेटर खरीद के लिए जारी किये गये टेंडर को 27 मार्च 2025 को रद्द कर दिया। टेंडर रद्द किये जाने के बाद मेसर्स जी. एस. इंटरप्राइजेज की ओर से हाईकोर्ट में आईए दायर किया गया और पुलिस विभाग द्वारा की गयी कार्रवाई को गलत करार देते हुए आपूर्ति किये गये जेनरेटर के बदले 2.66 करोड़ के भुगतान की मांग की गयी।मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव और न्यायाधीश राजेश शंकर की पीठ में याचिका की सुनवाई हुई। न्यायालय ने याचिकादाता की दलील सुनने के बाद टेंडर को रद्द करने से संबंधित आदेश को स्थगित कर दिया। साथ ही यह भी लिखा कि टेंडर गलत नीयत से रद्द किया गया है।

# बालू के अवैध खनन और ढुलाई रोकने को लेकर राज्यपाल के प्रधानसचिव से गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर राज्य में बड़े पैमाने पर हो रहे बालू के अवैध खनन और ढुलाई को रोके जाने की मांग की गयी है। कहा है कि खान एवं भूतत्व विभाग, झारखंड सरकार द्वारा विगत 4 वर्षों से बालू घाटों की नीलामी नहीं की गई है। इसे राज्य हित और नदियों के अस्तित्व से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय करार देते हुए कहा है कि महत्वपूर्ण नदियों से इन दिनों अवैध तरीके से बड़े पैमाने पर बालू खनन और ढुलाई रोके जाने के लिए सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। साथ ही इस पत्र से राज्यपाल को अवगत कराने की भी गुहार लगाया है। यह पत्र नीरज कुमार राम ने लिखी है।

प्रधान सचिव को बताते हुए कहा कि 08 मार्च 2022 को झारखंड विधानसभा में प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने 15 दिनों के अंदर बालू घाटों के नीलामी का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक राज्य के 90% बालू घाटों की नीलामी नहीं हो पाई है। हाल के दिनों में स्थानीय समाचार पत्रों में बालू के अवैध कारोबार को लेकर लगातार खबरें छपती रही हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी रात में हाइवा में बालू की ढुलाई के वीडियो वायरल होते रहे हैं। हाल ही में सिल्ली थाना क्षेत्र में बालू ढुलाई की जांच करने गए जिला खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों को एक हाइवा वाले ने कुचलने का भी प्रयास किया था। राज्य की महत्वपूर्ण नदियां, बालू खनन के कारण वजूद के संकट से जूझ रही हैं। बालू खनन के कारण राज्य के कई बड़े पुल तक धंस गए हैं। नदियों के बदस्तूर खनन से हाथियों और अन्य जंगली जानवरों के अस्थायी कोरिडोर पर भी खतरा उत्पन्न हो रहा है और इसके साथ ही पर्यावरण पर भी संकट पैदा हो रहा है। बालू के अवैध खनन तथा ढुलाई से राज्य सरकार को करोड़ों के राजस्व की क्षति हो रही है, वहीं चोरी, तस्करी और पैसे बंटवारे का एक बड़ा चेन है। यही वजह है कि कमीशन के चलते या अघोषित तौर पर उगाही के चलते पांच हजार रुपये में मिलने वाला शहर पहुंचते 45 हजार के दर में बदल जाता है। बालू घाटों की नीलामी नहीं होने के बाद भी कई घाटों से लगातार बालू की ढुलाई की जा रही है। रांची जिले में महज 60 किमी की दूरी तय करने के साथ बालू की कीमत में नौ गुना से दस इजाफा एक संगठित अवैध कारोबार का नतीजा है।


## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

### सूचना

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड टण्डवा मे निर्मित न्यू डाकबंगला को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती /लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पत्ति विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र.स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | न्यू डाकबंगला टण्डवा | 3876 sqft | 120000 | 36000 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 09/05/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के सभागार में अधोहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 5000.00 ( पाँच हजार) रू0 का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं,जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्त :–

1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम–5 में वर्णित राशि जमानत के रू० में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकासआयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालकपदाधिकारी,जिलापरिषद,चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र /पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdictionमें सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 351101 (District) 25-26 (D)


# मंत्री सुदिव्य सोनू ने अपने बयान पर दी सफाई, कहा जुबान नहीं फिसली, दिया सोच-समझ कर बयान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शुक्रवार को अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम लेकर कोई गलती नहीं की है। जब जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं लेते हैं तो गैर-जिम्मेदार लोगों को ही जिम्मेदारी लेनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री, नीतीश कुमार और शिवराज पाटिल जैसे नेताओं ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुये इस्तीफा दिया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। क्योंकि जम्मू-कश्मीर केंद्र सरकार के अधीन आता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपनी भूमिका निभानी चाहिये और जिम्मेदार लोगों से सवाल पूछने चाहिये। उन्होंने कहा कि जब पत्रकार अपनी भूमिका नहीं निभाते हैं तो नेताओं को ही पत्रकारों की भूमिका निभानी पड़ती है। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि उन्होंने सोच समझकर बयान दिया था। कोई जुबान नहीं फिसली थी। उन्होंने कहा कि वह किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री का नाम ले सकते थे। लेकिन, उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम इसलिए लिया कि वह एक उदाहरण देना चाहते थे। उन्होंने कहा कि पुलवामा में आरडीएक्स पहुंचाने वाले डीएसपी का अब तक क्या हुआ। उन्होंने कहा कि पठानकोट एयरबेस पर हमले के बाद भी किसी की जवाबदेही तय नहीं हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि पहलगाम हमले पर पूरा देश शोकाकुल है। लेकिन राष्ट्रीय शोक की घोषणा क्यों नहीं हुई।

### सोनू नहीं करें झारखंड को शर्मसार : बाबूलाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को मंत्री सुदिवय सोनू के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बीते गुरूवार को चारों ओर से जग हंसाई होने के बाद यह उम्मीद थी कि सुदिव्य सोनू को पहलगाम जैसे संवेदनशील आतंकी हमले पर व्यंग्य करने की अपनी गलती का एहसास हुआ होगा। लेकिन, दुर्भाग्यवश उन्होंने बेशर्मी की सभी सीमायें लांघ दीं और आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फिर से अपने मानसिक दिवालियापन का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या का कारण उनका हिंदू होना था। अगर सुदिव्य कुमार सच बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे, तो कम से कम उन्हें ऐसे गैरज़िम्मेदाराना बयान देकर झारखंडवासियों को शर्मिंदा करने से बचना चाहिये।

### छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि 8 मई तक बढ़ी

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री कर उस अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद आरोपियों को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अगली पेशी की तारीख 8 मई निर्धारित की गई है। अदालत ने छवि रंजन, अमित अग्रवाल, तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, मो सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है। वहीं, एक आरोपी दिलीप घोष जमानत पर चल रहा है।

स्पीड न्यूज

## पहलगाम हमले में मारे गये निर्दोषों को जम्बू अखाड़ा ने श्रद्धांजलि दी




**जमशेदपुर।** भालूबासा जम्बू अखाड़ा के तत्वाधान में एक श्रद्धांजलि सभा एवं विरोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस हृदयविदारक घटना के विरोध में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, एवं संगठन के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जम्बू अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह ने की, जिन्होंने कहा कि आतंकवाद किसी भी समाज के लिए अभिशाप है और इसका डटकर विरोध करना आज की आवश्यकता है। हम अपने निर्दोष भाइयों की शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। साथ ही आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाने का संकल्प लें। जम्बू अखाड़ा समिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करती है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस सुरक्षा उपाय किए जाएं। आतंकवाद का जन्मदाता पाकिस्तान है, इसके लिए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में विरोध प्रकट करते हुए सभी लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद एवं भारत माता की जय का नारा लगाया और साथ ही साथ पाकिस्तान के झंडे को भी जलाकर आक्रोश प्रकट किया। अखाड़ा समिति के सदस्यों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन व्रत रखा गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के वरुण कुमार, लाइसेंसी रणबीर मंडल, काकुली मुखर्जी, आरती मुखी, रितिका श्रीवास्तव,रंजीता रय, दुर्गा बोपोई, देवाशीष झा,जंग बहादुर सिंह, विश्वजीत चक्रवर्ती, गौतम धर, रवि विश्वनाथ,दिनेश राव, अशोक कुमार, अभिजीत घोष, केशव राव, ललन रजक, आकाश प्रसाद, पप्पू कुमार, क्रांति मोहंती, कमलेश ओझा,राहुल बेसरा, संजीव नामता, रमन मेहरा एवं अन्य अखाड़ा समिति के सदस्य, बस्ती वासी उपस्थित हुए।

## पानी पाइप चोरी करने वाले दो युवकों गिरफ्तार

जमशेदपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एम0जी0एम0 थाना क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट का पाइप चोरी कर रहे 02 अपराधियों को 90 अद्द पाइप कीमत करीब 6 लाख रुपए के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## गम्हरिया : एलपीटी वाहन पे ड़ से टकरा कर दो हिस्से में टूट गया



**गम्हरिया।** कांड्रा-चौका मुख्य मार्ग पर रायपुर के समीप शुक्रवार अहले सुबह करीब साढ़े चार बजे एक एलपीटी वाहन संख्या सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्ती की एलपीटी वाहन दो भागों में बंट गया और पेड़ टूट कर ट्रक पर गिर पड़ा। हालांकि इस दुर्घटना में वाहन चालक बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि चालक हजारीबाग से वाहन लेकरहाट गम्हरिया लोडिंग के लिए जा रहा था। इसी दौरान झपकी आ जाने से वाहन पेड़ से टकरा गई जिससे यह हादसा हो गया।

## भूमिज विद्रोह के नायक शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती मनायी

**जमशेदपुर।** नीमडीह प्रखंड के बांधडीह गांव में भूमिज विद्रोह के महानायक, महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद गंगा नारायण सिंह जी के जयंती का कार्यक्रम करके लौटने के क्रम में नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे के नेतृत्व में डॉ प्रदीप वर्मा को संस्थान में सम्मानित किया गया।

# सरयू राय ने पेयजल, कचरा निष्पादन, सीवरेज ट्रीटमेंट जैसे मुद्दों पर नगर विकास मंत्री से की विस्तृत चर्चा

# मानगो पेयजल परियोजना का हस्तांतरण 15 दिनों में नगर विकास विभाग को हो जायेगा

### बालीगुमा क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के संबंध में मंत्री ने अभियंता प्रमुख से की बात

खबर मन्त्र ब्यूरो



नगर विकास मं त्री सुदिव्य कुमार से मिलते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) में जनसुविधाओं की स्थिति बेहतर बनाने के मकसद से सुबह नगर विकास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार के साथ उनके निवास पर लंबी वार्ता की। सरयू राय ने उनके सामने मानगो नगर निमग क्षेत्र में पेयजल और कचरा निष्पादन की समस्या तथा जेएनएसी क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर और डीएम लाइब्रेरी के उद्घाटन के साथ-साथ रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सीवरेज ट्रीटमेंट तथा सिटी-रिवर एलायंस परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से अपनी बातें रखीं। मंत्री ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के बारे में दूरभाष पर निर्देश दिया और कहा कि इस विषय में एक बार फिर हम लोग लंबी बैठक करेंगे। सरयू राय और सुदिव्य कुमार की बैठक में यह निर्णय हुआ कि मानगो पेयजल परियोजना का हस्तांतरण 15 दिनों के भीतर पेयजल स्वच्छता विभाग से नगर विकास विभाग को हो जाएगा। यह भी तय हुआ कि परियोजना के संचालन में आ रही दिक्कतों को दूर किया जाएगा ताकि सभी इलाकों में पर्याप्त जलापूर्ति की जा सके। मंत्री ने मानगो पेजयल परियोजना के बालीगुमा क्षेत्र की पानी टंकी को संचालित करने के बारे में भी पेयजल स्वच्छता विभाग के अभियंता प्रमुख से बात की और कहा कि कार्यपालक अभियंता स्तर पर आ रही कठिनाईयों का निस्तारण शीघ्र करें ताकि बालीगुमा क्षेत्र में भी पेयजल की व्यवस्था हो सके। राय ने बताया कि एक महत्वपूर्ण निर्णय यह हुआ कि मानगो क्षेत्र में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति के लिए डोबो स्थित सतनाला डैम के पानी का उपयोग किया जाए। इसके लिए नगर विकास विभाग के मंत्री जल संसाधन विभाग तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्रियों से बात करके आवश्यक परियोजना क्रियान्वित कराने हेतु पहल करेंगे। मानगो नगर निगम क्षेत्र में निगम का कार्यालय, एक टाउनहल एवं विवाह भवन बनाने तथा अंतरराज्यीय बस स्टैंड की समस्या का भी समाधान शीघ्र किया जाएगा। मंत्री कुमार इस बात पर राजी हुए कि मानगो की पतली गलियों तक जाने के लिए छोटे आकार के जेसीबी एवं कचरा उठाव वाहनों की खरीद की जाएगी ताकि घर-घर से कचरा का उठाव किया जा सके। राय के अनुसार, उन्होंने मंत्री के समक्ष लंबे समय से तैयार कदमा स्थित कन्वेंशन सेंटर और साकची स्थित डीएम लाइब्रेरी की शुरुआत कराने के संबंध में कहा। उन्हें बताया कि विगत 5 वर्षों में इन दोनों ही संस्थानों का ढांचा कमजोर हो गया है। इसके लिए विशेष अनुदान देकर सरकार इसे चालू कराए। इस पर मंत्री कुमार सहमत हुए और कहा कि इस बारे में वह सीधे कार्रवाई करेंगे। जमशेदपुर में कमांड कंट्रोल कम्युनिकेशन सेंटर (स्काडा) की स्थापना यातायात नियंत्रण के लिए तथा चौक-चौराहों पर वाहनों की चेकिंग से छुटकारा दिलाने के राय के प्रस्ताव पर भी उन्होंने सहमति जताई। जेएनएसी क्षेत्र में रिवर फ्रंट डेवलपमेंट तथा नाला आधारित शहरी विकास कार्यक्रम का क्रियान्वयन करने तथा नदी में गिरने के पहले नाला के प्रदूषित पानी को साफ करने, इस संबंध मंन केंद्र सरकार के रिवर सिटी एलायंस कार्यक्रम के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने की योजना बनाने पर भी मंत्री ने सहमति जताई। सरयू राय ने मंत्री सुदिव्य कुमार के समक्ष जेएनएसी की आंतरिक वित्तीय संसाधान जुटाने की क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश देने की बात रखी। उन्होंने मालिकाना हक की समस्या की दिशा में एक कदम के रुप में बस्तियों में बने घरों पर होल्डिंग नंबर देने तथा होल्डिंग टैक्स वसूलने की प्रक्रिया आरंभ करने का सुझाव दिया और कहा कि टाटा स्टील लिमिटेड के जितने भी छोटे-बड़े भवन हैं, उन पर भी होल्डिंग नंबर देने और कंपनी से होल्डिंग टैक्स वसूलने से जेएनएसी की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। यदि सरकार यह कदम नहीं उठाना चाहती है तो इसके समरुप विशेष वित्तीय अनुदान जेएनएसी को उपलब्ध कराए ताकि बस्तियों एवं अन्य नागरिक इलाकों में सड़क, नाला-नाली एवं सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। राय ने मंत्री से जेएनएसी एवं मानगो नगर निगम क्षेत्र में जानवर सर्वेक्षण कराने का प्रस्ताव भी रखा ताकि जो भी व्यक्ति पशुओं को अपने घरों में रखते हैं, उसकी पूरी जानकारी सरकार को रहे।

# मोहरदा जलापूति योजना की विसंगतियों के खिलाफ महाघेराव करेंगे कांग्रेसी

### पार्टी ने जेएनएसी और टाटा स्टील यूआइएसएल को दी चेतावनी

खबर मन्त्र ब्यूरो



जेएनएसी के उप-नगर आयुक्त से वार्ता करते जिला अध्यक्ष दूबे व साथी।

**जमशेदपुर।** मोहरदा जलापूर्ति योजन के अनेकों विसंगतियों के विषय को लेकर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार के द्वारा त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन शुक्रवार का बुलाई गई, जिसमें जुस्को हेड मोहरदा जलापूर्ति अभिषेक दुबे एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। जिलाध्यक्ष दुबे ने मोहरदा जलापूर्ति योजन से संबंधित पांच मुद्दों को क्रमवार पदाधिकारी के समक्ष रखा। पहला कि पानी कनेक्शन का शुल्क मनमाने तरह से आम जनता को कनेक्शन दुरी बता कर अनर्गल राशि का मांग किया जा रहा है। इस पर अधिकारियों के साथ सहमती बनी कि जिन गलियों में पाइपलाइन नहीं पहुंच पाया है इसका सर्वे कर पाइप बिछाने का कार्य होगा। जिससे आम जनता को कम शुल्क में कनेक्शन मिल सके। दूसरा कि सप्लाई पानी की गुणवत्ता नहीं है- इस विषय पर अधिकारियों ने कहा कि कुछ लोग गंदा पानी सिधे नालों में छोड़ देते हैं जिससे नदी प्रदुषित हो रही है जल्द नालों पर फिल्टर प्लांट बनाने का डीपीआर बनाकर टेंडर निकाला जाएगा जिससे पानी स्वच्छ रखने की स्थाई सुविधा हो। इस पर उन्होंने जुस्को के पदाधिकारीगण को निर्देशित किया कि क्षेत्र में बारीकी से सर्वे कर पानी के गुणवत्ता को सुधार करने का कार्य करें जिससे लोगों को शुद्ध और स्वच्छ जल मिले। जिलाध्यक्ष नें मांग की कि बहुत सारे लोग बीपीएल श्रेणी के हैं परंतु उनका कार्ड नहीं बना है जिन्हें मुफ्त पानी कनेक्शन देने का कार्य किया जाए जिससे हर जरूरतमंद को शुद्ध जल मिल सके इस पर पदाधिकारीयों ने कहा कि जुस्को एवं जेएनएसी के पदाधिकारीयों का संयुक्त टीम क्षेत्र के वैसे सभी कच्चे घरों का सर्वे करेगी जो वास्तव में अति गरीब हैं और वैसे लोगों को मुफ्त में कनेक्शन देने का कार्य भी करेगी। इस पर जुस्को और जे एन ए सी के पदाधिकारी ने कहा कि कार्य में तेजी लाई जाएगी और बहुत जल्द पानी घर घर पहुंचाया जाएगा। आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी आम जनता के समस्याओं पर संजीदा है, मोहरदा जलापूर्ति योजना एवं बाबूडीह लालभट्ठा ग्वाला बस्ती क्षेत्र में समय रहते यदि सुधार नहीं होता है तो कांग्रेस पार्टी बाध्य होकर जन आंदोलन के तहत जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के कार्यालय एवं जुस्को के कार्यालय का महाघेराव करेगी। वार्ता में विशेष पदाधिकारी मुकेश कुमार, सहायक अभियंता अजय स्वांसी, अतुल गुप्ता, सामंता कुमार, सनी सिंह, हरिहर प्रसाद, भुईयाडीह मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, गुरु पदो गोराई, मृत्युंजय प्रमाणिक राजेश चौधरी, सोमरा तिर्की, सचिन कुमार सिंह, अखिलेश यादव उपस्थित रहे।

## आतंकी हमले के प्रतिकार में प्राथमिक शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गम्हरिया।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश इकाई के आह्वान पर पहलगाम हत्याकांड के विरोध में जिले भर के समस्त शिक्षकों ने शुक्रवार को काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज कराया तथा दिवंगत आत्माओं के शांति एवं घायलों की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में 28 निहत्थे पर्यटकों से धर्म पूछकर एवं सिर्फ हिंदू होने के आधार पर अपने पत्नी एवं बच्चों के सामने ही निर्मम हत्या किए जाने का शिक्षक समाज के द्वारा कड़े शब्दों में निंदा की गई तथा इसे सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य बताया। इस दौरान शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता ने इस बर्वर हत्याकांड के लिए जिम्मेदार सभी पक्षों पर कठोरतम करवाई की मांग करते हुए भविष्य में स्थाई समाधान की दिशा में सार्थक कार्रवाई हेतु भारत सरकार से मांग की। इस प्रतीकात्मक विरोध के आयोजन को सफल बनाने में संघ के जिला अध्यक्ष मानिक प्रसाद सिंह, जिला महासचिव सुदामा माझी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ साहू, मनोज कुमार सिंह, संजय साहू समेत जिला एवं अंचल कमेटी के सभी समर्पित संघीय पदाधिकारी एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## यूनाइटेड क्लब कर्मचारियों के लिए वेतन समझौते पर हुआ हस्ताक्षर, 46,770 रुपये से 62,035 रुपये तक का एरियर मिलेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** यूनाइटेड क्लब के प्रबंधन और कैंटन होटल और रेस्तरां कर्मचारी संघ के बीच आज यूनाइटेड क्लब कर्मचारियों के वेतन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यूनाइटेड क्लब प्रबंधन और संघ ने अपने कर्मचारियों के साथ 7 साल के ऐतिहासिक वेतन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो पहले के 6 साल के चक्र को आगे बढ़ाता है। नए समझौते में वेतन में क्रमिक वृद्धि और कर्मचारी कल्याण और लाभों में महत्वपूर्ण वृद्धि शामिल है।

**समझौते की मुख्य विशेषताएं:** विस्तारित वेतन अवधिः मूल . वीडीए, एचआरए और विभिन्न भत्तों में चरणबद्ध वृद्धि के साथ 6 साल से 7 साल की अवधि में बदलाव। बकाया भुगतानः कर्मचारियों को 46,770 रुपये से 62,035 रुपये तक का बकाया मिलेगा। बकाया राशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाएगा। चिकित्सा कवरेजः संशोधित नीति में अब पतिध्पत्नी और दो आश्रित बच्चे शामिल हैं। प्रति परिवार 10,000 रुपये की वार्षिक ओपीडी सीमा और 10 लाख रुपये का मेडिक्लेम बफर। 10 वार्षिक सीटीसी पर समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा। कर्मचारी मान्यताः दीर्घ सेवा पुरस्कार में 2,000 रुपये की वृद्धि। वीजी गोपाल पुरस्कार में 1,000 रुपये की वृद्धि। समझौत पर प्रबंधन की ओर से चाणक्य चौधरी, जया सिंह पांडा, नीरज क्र.सिन्हा, रंजन कुमार सिंह, प्रबल घोष, कुमार गोपाल, अभिनव कुमार, मनीष श्रीवास्तव, मनसावी दुआ, देवी प्रसाद पैंथला, मो.परवेज सुमित सिंह मौजूद थे।

## वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती पर निकला गया बाइक जुलूस

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**पोटका/जमशेदपुर।** वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 235वीं जयंती पर आदिवासी भूमिज युवा मंच और गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से ढेंगाम से खाड़ियासाई तक 50 किलोमीटर लंबा मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। चिलचिलाती धूप और गर्मी को चुनौती देते हुए हजारों भूमिज महिला-पुरुषों ने समाज की एकता, साहस और समर्पण का परिचय दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में पोटका के विधायक संजीव सरदार स्वयं मोटरसाइकिल से पूरे जुलूस में शामिल रहे। उन्होंने वीर गंगा नारायण सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि,1832-33 में अंग्रेजों के खिलाफ उनका विद्रोह आज भी इतिहास में दर्ज है। उनके विचार और उद्देश्य को आज के युवाओं तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। विधायक ने भूमिज समाज को संगठित और सक्रिय रहने का आह्वान किया। विधायक सरदार ने कहा कि समाज को अपनी पारंपरिक संसति और रीति-रिवाजों को सहेजकर रखना चाहिए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि बच्चों को शिक्षित करें, अच्छे संस्कार दें और अपने इतिहास की जानकारी उन्हें दें, ताकि हमारी गौरवशाली परंपरा सदा जीवित रहे। जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए एकजुटता जरूरी है। कार्यक्रम में टाटा स्टील फाउंडेशन के ट्राइबल आइडेंटिटी मैनेजर शिव शंकर कांडेयोंग, समाजसेवी सिद्धेश्वर सरदार, हरिश चंद्र सिंह भूमिज, मुखिया मिरू सरदार, मुखिया संगीता सरदार, सुधीर सोरेन समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस आयोजन को सफल बनाने में मनोरंजन सरदार, संजय सरदार, भरत सरदार, दीपक सरदार, परमेश्वर सरदार, ग्राम प्रधान शिव शंकर सरदार, नृपेन सरदार, अशोक सरदार, ज्योतिष सरदार, तरूण सरदार और अन्य साथियों का योगदान सराहनीय रहा।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन उप चुनाव : एक सीट पर 5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के फाउंड्री डिवीजन में अध्यक्ष गुरमीत सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद रिक्त हुए एक कमेटी मेंबर के सीट पर उप चुनाव की प्रक्रिया जारी है। नाम वापसी के बाद कुल पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हैं। शुक्रवार को नामांकन वापसी की तिथि थी। परंतु किसी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया। बताते चलें कि कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे थे । फलस्वरूप यह तय हो गया कि मुकाबला पांचों उम्मीदवार के बीच होगा। 28 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

## टाटा स्टील को मिला राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार और विश्व बौद्धिक संपदा पुरस्कार

### कंपनी विनिर्माण क्षेत्र में शीर्ष पेटेंट फाइलर के रूप में उभरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



पुरस्कार ग्रहण करते टाटा स्टील के वीपी सुबोध पांडेय।

**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा स्टील को भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा 'भारत में पेटेंट फाइलिंग, ग्रांट एवं व्यावसायीकरण में सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिकधनिजी कंपनी' श्रेणी में राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। साथ ही, कंपनी को विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा अवार्ड्स प्रोग्राम के तहत विश्व बौद्धिक संपदा पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार टाटा स्टील द्वारा बौद्धिक संपदा के सृजन और उसके व्यावसायीकरण में किए गए उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित करता है। कंपनी ने अब तक वैश्विक स्तर पर 2,000 से अधिक पेटेंट आवेदनों की फाइलिंग की है। वित्त वर्ष 2023-24 में, टाटा स्टील ने 142 पेटेंट आवेदन दाखिल किए और 395 पेटेंट प्राप्त किए। वित्त वर्ष 2020 से 2024 की अवधि में कंपनी ने प्रतिवर्ष औसतन 130 से अधिक पेटेंट आवेदन दर्ज किए, जो अनुसंधान एवं विकास, सहयोगात्मक अनुसंधान और नवाचार-आधारित प्रक्रियाओं के माध्यम से बौद्धिक संपदा को लेकर टाटा स्टील की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

टाटा स्टील के सुबोध पांडे, वाइस प्रेसिडेंट (टेक्नोलजी, आर एंड डी, एनएमबी और ग्राफीन), ने कहा कि आज स्टील क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) क्षमताओं और देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने की अपार संभावनाएं हैं। साथ ही, इस दिशा में हमारी आर एंड डी पहलों को पर्यावरणीय रूप से अधिक सस्टेनेबल स्टील उद्योग के निर्माण की ओर केंद्रित करने की भी आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। टाटा स्टील ने इन दोनों ही पहलुओं पर निरंतर प्रयास किए हैं और आगे भी करती रहेगी। हमारा लक्ष्य केवल तकनीकी और नवाचार की दौड़ में आगे रहना नहीं, बल्कि एक ऐसा मापदंड स्थापित करना है, जो उन संगठनों के लिए प्रेरणा बने जो अपनी बौद्धिक संपदा और नवाचार संसति में दीर्घकालिक निवेश करना चाहते हैं। 1937 में भारत की सबसे पुरानी अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) इकाइयों में से एक की स्थापना के साथ, टाटा स्टील ने नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की नींव रखी थी।

## एक नजर में

### एनआइटी के छात्रों ने दिखायी पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता



**जमशेदपुर।** हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने हेतु एनआईटी जमशेदपुर के छात्र परिषद ने एक मौन कैंडल मार्च का आयोजन किया, जिसमें 1000 से अधिक छात्रों ने एकजुट होकर भाग लिया। यह मार्च एनआईटी गोलचक्कर से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक गया और फिर वापस लौटा। यह केवल एक श्रद्धांजलि नहीं थी, बल्कि आतंक के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने का एक मजबूत संदेश था। इस मार्च की सबसे खास बात यह रही कि कैंपस के बाहर के लोगों ने भी एनआईटी जमशेदपुर के छात्रों की इस एकता और आतंक के खिलाफ उनके संकल्प को देखा और सराहा। मार्च के अंत में, सभी छात्र पुनः गोलचक्कर पर एकत्र हुए और पीड़ितों व दिवंगतों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह शांतिपूर्ण पहल एक सशक्त संदेश देती हैएकता और शांति का संकल्प आतंक और हिंसा से कहीं अधिक मजबूत है।

### चांडिल : पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




चांडिल। श्री श्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा चांडिल के तत्वाधान में कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए 28 निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकला गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष संजय चौधरी की अगुवाई में कैंडल मार्च बस स्टेंड, मैन रोड, चांडिल मुख्य बाजार के विभिन्न हिस्सों में निकला, और चांडिल हस्पिटल के पास दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दिया। संजय चौधरी ने कहा की आतंकवादियों द्वारा कश्मीर के पहलगाम मे निर्दोष हिन्दुओं की हत्या की गयी इसकी घोर निंदा करते है और देश के प्रधानमंत्री से कठोर कारवाई की मांग करते है। इस मौके पर मंटू खैतान, मनोज सिंह, अनाथ मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह, राहुल सिंह, रूपेश दां, अभिषेक पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे।

### टाटा स्टील मेडिकल सर्विसेज ने डक्टरों की नियुक्ति अभियान की घोषणा की

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की मेडिकल सर्विसेज डिवीजन में मेडिकल अफिसर और मेडिकल अफिसर-एएफआईएच (एसोसिएट फेलो अफ इंडस्ट्रियल हेल्थ) के पदों के लिए झारखंड और ओडिशा के विभिन्नस्थानों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 मई निर्धारित की गई है। इस पद के लिए 0 से 9 वर्षों के अनुभव वाले इच्छुक उम्मीदवारों की आवश्यकता है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 25 अप्रैल से 16 मई तक टाटा स्टील की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। विभिन्न घोषणाओं और अपडेट्स के लिए उम्मीदवार नियमित रूप से वेबसाइट विजिट कर सकते हैं। मेडिकल अफिसर के पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एमबीबीएस निर्धारित की गई है, जबकि मेडिकल अफिसर-एएफआईएच के लिए उम्मीदवार के पास एमबीबीएस के साथ एएफआईएच (एसोसिएट फेलो अफ इंडस्ट्रियल हेल्थ) कोर्स होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, एक मान्य मेडिकल रजिस्ट्रेशन नंबर प्रमाणपत्र अनिवार्य है। ये पद अनुबंध और स्थायी, दोनों आधारों पर उपलब्ध हैं। दिव्यांग उम्मीदवार भी इन पदों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जो प्रत्यक्ष रूप से या वर्चुअल माध्यम से आयोजित किए जा सकते हैं। ये नियुक्तियां टाटा स्टील के प्रमुख परिचालन केंद्रों में की जाएंगी, जिनमें जमशेदपुर, नोआमुंडी, मेरामंडली, वेस्ट बोकारो, झरिया और जोड़ा शामिल हैं।


### किड्स इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया विश्व मलेरिया दिवस



**जमशेदपुर।** किड्स इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर, स्कूल में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान, छात्रों ने मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नारे लगाए, जैसे कि 'मलेरिया को हराना है, स्वच्छता को अपनाना है। छात्रों ने प्लेकार्ड्स लेकर रैली में भाग लिया और राहगीरों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि कैसे पुराने टायरों, कूलरों और बर्तनों में पानी जमा न होने दें, जिससे मच्छरों की उत्पत्ति न हो। छात्रों ने लोगों को अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने और पूरी तरह से ढके हुए कपड़े पहनने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इस रैली का पर्यवेक्षण अध्यापिका शिल्पी, अध्यापक आमिर, अध्यापिका फेलिन और अध्यापिका इशरत द्वारा किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या, रुखसार आयशा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूल के निदेशक, सैयद राशिद जफर ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस, जो हर साल 25 अप्रैल को मनाया जाता है, एक वैश्विक प्रयास है जिसका उद्देश्य मलेरिया के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, जो एक रोकी जा सकने वाली और इलाज योग्य बीमारी है।

## स्पीड न्यूज

### देसी कट्टर व बाइक के साथ युवक धराया



पाटन पलामू। अपराध नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी हेतु शुक्रवार को किशुनपुर से तरहसी जाने वाले मुख्य मार्ग कालापहाड़ मोड़ के पास एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान समय लगभग 08:40 बजे एक पल्सर बाइक को तेज गति से बिना हेलमेट चलाते हुए एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रोकने का संकेत देने पर वह भागने का प्रयास करने लगा। तत्पश्चात पुलिस बल द्वारा तत्परता से उसे रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनित कुमार, पिता सुनिल राम, ग्राम कालापहाड़, थाना पाटन, जिला पलामू बताया। तलाशी के क्रम में उसके कमर से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। वैध कागजात की मांग करने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही कोई संतोषजनक उत्तर दे पाया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया तथा पुलिस अवर निरीक्षक निलेश कुमार के आवेदन के आधार पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिक जांच में एक अन्य अभियुक्त अशोक साव, पिता शम्भु साव, ग्राम कालापहाड़, थाना पाटन, जिला पलामू का नाम भी सामने आया है। कांड के अनुसंधान सअनि धर्मेन्द्र कुमार सिंह को सौंपा गया है।

### सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा सतबरवा प्रखंड इकाई की बैठक आयोजित



सतबरवा पलामू। झारखंड एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई की बैठक शुक्रवार को ललन साहू प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन मो आरिफ ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राज्य कमिटी, जिला कमिटी सोए नहीं जागने का कार्य करें और एक बड़ा आंदोलन की रूप रेखा तैयार करे। वर्तमान सरकार बिना आंदोलन के कुछ सुनने वाली नहीं है। आप सभी को देखने को मिल रहा है कि प्रतिदिन पारा शिक्षक दिनों दिन मरते जा रहे है और सेवानिवृत होते जा रहे हैं कोई सुध लेनेवाला नहीं है। पारा शिक्षकों को मरने एवं सेवानिवृत होने के बाद सरकार के द्वारा अभी तक किसी को फुटी कौड़ी नहीं मिला है। हम सभी सहायक अध्यापक सरकार से मांग करते है कि हमलोगों को सरकार को वेतनमान देना होगा नहीं तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन के लिए तैयार है। कहा कि आगे आर पार के लड़ाई लड़ने के लिए चरणबद्ध आंदोलन की जाएगी। बैठक में देवराज कुमारी, सबाना आजमी, रिंकू कुमारी, गीता देवी, सुनीता देवी, सुरेश यादव, कृष्ण यादव, राजेश्वर महतो, ब्रह्मदेव रजक, मालदेव यादव, यशवंत यादव, लीलू सिंह, सीताराम, मो कैसर, गंगेश्वर सिंह, अनिल रजक, नंदकिशोर सिंह समेत कई सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

### पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ पाटन में निकाली गयी कैंडल मार्च



पाटन पलामू। पहलगाम में आतंकवादी के द्वारा किये गये हमले में मारे गये निर्दोष लोगों के विरोध में पाटन में कैंडिल मार्च निकाला गया। लोगों ने इस घटना में मारे गये लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर दुख व्यक्त किया। पाटन के राजेन्द्र सिंह, रवि कुमार, राहुल कुमार, मिक्की सिंह, डिकु सिंह, अक्षय कुमार, दिलीप वर्मा, मंटु वर्मा, अरविंद प्रसाद सहित सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च में भाग लिये। पाटन पेट्रोल पंप से लोहिया चौक तक कैंडिल मार्च में लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकी का सफाया करो समेत कई नारे लगाये गये। लोगों ने इस घटना की निन्दा करते हुए कहा कि यह घटना हृदय विदारक है इसकी जितनी भी निंदा की जाये कम होगा।

### कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल में शहीदों की याद किया गया





मेदिनीनगर। पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धांजलि सभा सह मौन सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन संजीव तिवारी ने स्कूली बच्चों को दो मिनट का मौन रखवाया और इस दु:खद घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ, वह मानवता पर हमला है और सरकार को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। मौके पर उपस्थित आर्क तिवारीजी ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल देश की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं, बल्कि कश्मीर के पर्यटन को भी गहरा आघात पहुंचाती हैं। हमें एकजुट होकर आतंक के खिलाफ आवाज उठानी होगी। मौके पर ओडिशा से पधारे महेश्वर मिश्रा, विजय कुमार दुबे, संगीता पांडे, मुकेश सिंह, राजू सिंह सहित सभी स्टाफ सदस्य, छात्र–छात्राएं और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शांतिपूर्ण भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

### पाहलगाम की घटना के विरोध में मोहम्मदगंज में निकला कैंडल मार्च



मोहम्मदगंज। पहाड़ी सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध जम्मू–कश्मीर के पाहलगाम, जिसे भारत का 'मिनी स्विट्जरलैंड' भी कहा जाता है, मंगलवार को आतंक की काली रात का गवाह बना। बैसारन घाटी में आतंकवादियों ने ताबड़तोड़ गोलियों की बौछार कर दी, जिसमें 28 निर्दोष लोगों की जान चली गई और कई पर्यटक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस अमानवीय और दिल दहला देने वाली घटना के विरोध में शुक्रवार संध्या 6 बजे मोहम्मदगंज में एक कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च रैली में विभिन्न राजनीतिक दल के अलावा क्षेत्र के आम आवाम ने बुलंद हौसले के साथ भाग लिया। इस दौरान हिंदुस्तान जिंदाबाद, आतंकवादी और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगे,खून का बदला ताकत से लेंगे के गगनभेदी नारे ने देश की एकता को जाहिर किया। रैली मुख्य बाजार होते हुए स्टेशन रोड स्थित जगदेव चौक पर आ कर समाप्त हुई। यहीं पर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। रैली में राम जन्म राम, महेंद्र सिंह, रामबालक साहू, राकेश सिंह, सिद्धार्थ कुमार, नर्वदेश्वर सिंह, राम बच्चन मेहता, डॉ पचू जी, प्रदीप सिंह, अंकित सिंह, माणिक चंद शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शांतिपूर्ण माहौल के लिए थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने जवानों के साथ मुस्तैद दिखे।

### दुकान में आग लगने से लाखो की संपत्ति जलकर खाक

सतबरवा। थाना क्षेत्र के लहलहे गांव में बीती रात्रि लगभग 11:00 बजे विजय तिवारी के दुकान में आग लग जाने के कारण लाखो की संपत्ति जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पास पड़ोस के ग्रामीण दौड़ पड़े तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन असफल रहे। बाद में फायर ब्रिगेड को बुलाया गया इसके बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। भुक्तभोगी दुकानदार विजय तिवारी ने बताया कि दुकान में खाद्य सामग्री, ठंडा बेचने के लिए रेफ्रिजरेटर रखा हुआ था और घर में अन्य लोग भी सो रहे थे। जब अचानक रेफ्रिजरेटर का ब्लास्ट हुआ तो नींद खुली तथा आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण भी दौड़ पड़े। उन्होंने बताया कि इसी दुकान से परिवार का भरण पोषण होता था। वही मेदिनीनगर सदर प्रखंड क्षेत्र के पंसस प्रतिनिधि सुभाष तिवारी ने बताया कि घटना के बाद लोगों में अफरा तफरी मच गई तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया तब तक काफी नुकसान हो चुका था। उन्होंने प्रशासन से क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने की मांग किया है। आग कैसे लगी अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

## स्कूल रुआर 2025 (बैक टू स्कूल) अभियान को लेकर टाउन हॉल में कार्यशाला संपन्न

# हर बच्चा स्कूल जाये सपना नहीं, संकल्प है हमारा : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु 10 मई तक चलेगा विशेष अभियान






**मेदिनीनगर।** डीसी शशि रंजन के द्वारा स्कूल रुआर 2025 अभियान का शुभारंभ किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन, मेदिनीनगर में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में डीसी शशि रंजन ने अभियान की शुरूआत की। यह अभियान ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु चलाया जा रहा है जो 10 मई तक चलेगा। डीसी ने कहा बचपन में शिक्षा की अनदेखी केवल एक बच्चे का नुकसान नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की क्षति है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। कार्यशाला में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, बाल संरक्षण इकाइयां, गैर-सरकारी संगठन, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अभियान के तहत 10 स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उच्च गुणवत्ता वाले प्री-रिकॉर्डेड लेक्चर की शुरूआत की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि आने वाले 2-3 वर्षों में पलामू जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र आदर्श केंद्रों के रूप में परिवर्तित किए जाएंगे। इसके अलावा बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने हेतु 'सीटी बजाओ, स्कूल चलो' अभियान निरंतर चलाया जाएगा। शिक्षा विभाग ने सभी जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं, अभिभावकों और नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रयास को जन आंदोलन बनाएं। हर बच्चा स्कूल जाए₹ यह सपना नहीं, अब सबका साझा संकल्प है।

कार्यशाला में उपस्थित लोग

कार्यशाला में डीडीसी शब्बीर अहमद, एसडीपीओ सुलोचना मीना, छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, डीपीआरओ डॉ असीम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा समेत अन्य शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद

कार्यशाला के दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने ड्रॉपआउट दर के कारणों को जानने हेतु जनप्रतिनिधियों,मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और अन्य पदाधिकारियों से संवाद किया। उपस्थित लोगों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी, प्रवासी मजदूरी,घरेलू कार्यों में बच्चों का लगना और प्रेरणा की कमी को प्रमुख कारण के रूप में बताया। इन सभी बातों से अवगत होते हुए उपायुक्त ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल केंद्रों में परिवर्तित किया जाएगा और शिक्षा के साथ वोकेशनल कोर्सेज की शुरूआत की जाएगी। इसके अलावा 10 चयनित स्कूलों में प्री-रिकॉर्डेड उच्च गुणवत्ता वाले लेक्चर की व्यवस्था की जाएगी। आगामी कार्य योजना में नामांकन हेतु 10 मई तक विशेष अभियान, पुन: प्रवेश उत्सव पंचायत स्तर पर बाल शिक्षा समन्वयक,शिक्षा मेला, बाल संवाद और कहानी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद आपत्तिजनक मैसेज पर लोग ध्यान न दें : एसपी रीष्मा रमेसन

**पुलिस ने जिलेवासियों से शांति बनाये रखने का किया अपील**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जम्मु कश्मीर के पहलगाम में कुछ दिन पूर्व आतंकवादी हमले किये गये थे। उसके बाद सोशल मीडिया पर भ्रामक व असत्य तथा आपत्तिजनक मैसेज व वीडियो वायरल किये जा रहे हैं। ऐसे मैसेजों को पलामू जिला में भी फैलाया जा रहा है। जिस पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कड़ा एक्शन लेते हुए जिले के सभी थाने को हाई अलर्ट कर दिया है। एसपी रमेसन ने पलामू जिलेवासियों से अपील किया है कि भ्रामक खबर व वीडियो फैलाये जाने से किसी के धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचाने वाला होता है। साथ ही शांति व्यवस्था भी भंग हो सकता है। इसलिए लोग किसी भी प्रकार के तथ्यहीन, भड़काउ या हिंसा को बढ़ावा देनेवाले मैसेज को अपने अपने मोबाईल में डिलिट कर दें। वैसे तथ्यहीन खबरों को किसी भी ग्रुप व व्यक्तिगत लोगों के पास फैलाने का काम न करें। ऐसा करना दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह भरा खबर की पुष्टि लोग अपने संबंधित थाना व टीओपी व पुलिस के वरीय अधिकारियों से कर सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों व अन्य संस्थानों से अपील करते हुए कहा है कि किसी के द्वारा किसी प्रकार का जुलूस, रैली व मार्च प्रदर्शन का आयोजन किया जाता है तो आयोजन के पूर्व सरकारी नियमानुसार इसकी सूचना प्रशासन को देना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने व बिना अनुमति जुलूस निकालनेवालों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। एसपी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि भ्रामक व तथ्यहीन खबरों पर ध्यान न दें। जिले में शांति व सदभाव बनाये रखना सभी का जिम्मेदारी बनता है।

## डॉ अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के तहत संगोष्ठी का आयोजन

# संविधान के शिल्पकार थे बाबा साहेब : मनोज

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में पलामू क्लब मैदान में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर चल रहे पखवाड़ा के निमित्त एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमार गौरव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर को अपनी सामाजिक न्याय की प्रतिबद्धता के कारण ही कांग्रेस शासन में लगातार उपेक्षा और विरोध का सामना करना पड़ रहा था। वहीं भाजपा ने बाबा साहेब के सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के विचारों को अपनाया और मोदी सरकार ने बाबा साहब को सम्मान देते हुए 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक किशुन दास ने कहा कि सामाजिक न्याय के प्रणेता रहे बाबा साहब ने अपने पूरे जीवन काल में वंचित वर्गों को सामाजिक राजनीतिक रूप से विकसित करने का भरपूर प्रयास किया। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा डॉ अंबेडकर को सम्मान भी दे रही है और मोदी सरकार 2014 से सामाजिक न्याय का विस्तार भी कर रही है। पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि डॉ आंबेडकर के विरासत को सम्मान देने एवं पंच तीर्थ का विकास भी मोदी सरकार कर रही है। संगोष्ठी में परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडेय, विजयानंद पाठक, मंगल सिंह, दुर्गा जौहरी, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, ज्योति पांडे, विजय ठाकुर, शिवकुमार मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, अभिमन्यु तिवारी, जितेंद्र तिवारी, विजय कुशवाहा, राजहंस अग्रवाल, प्रियरंजन कुमार, ओमप्रकाश, विपुल गुप्ता, अरविंद गुप्ता, ईश्वरी पांडेय, छोटू सिंहा, श्रवण गुप्ता, लूडू खान, नंदलाल प्रसाद गुप्ता, दीपक सिंह, अजय सिंह, शुभम प्रसाद, श्वेतांग गर्ग, सुधीर प्रसाद, पिंकू सिंह, विवेक चौबे, दीपक कुमार, रंजीत चंद्रवंशी, रीना किशोर, मंजू गुप्ता, प्रिया सिंह, ललिता सहाय, उपासना कुमारी, सोनू मलिक, लखन चंद्रवंशी ,मदन राम, विजय राम, अशोक राम, छोटू राम, रेखा देवी, तन्नू देवी, रेणु देवी, मीना देवी, रसीला देवी, चांदनी देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आतंकी हमले के विरोध में शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया




हरिहरगंज पलामू। जम्मू काश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमला के विरोध में हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। साथ ही इस घटना में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट किया। कई शिक्षकों ने कहा कि यह घटना इंसानियत को झकझोर देने वाला है। निर्दोष पर्यटकों को इस तरह से निशाना बनाना क्रुरता की पराकाष्ठा को दशार्ता है। जो परिवार अपने प्रियजनों को इस हमले में खो चुके हैं। उनके साथ पूरा देश खड़ा है। ईश्वर शोक संतप्त परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति और साहस प्रदान करें। साथ ही पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खात्मा के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की है। विरोध जताने वालों में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर, कटैया, सरसोत, तेन्दुआ, मध्य विद्यालय हरिहरगंज, खाप कटैया, ढकचा सहित कई विद्यालयों के शिक्षक शामिल हैं।

## विकास कार्यों में सबकी भागीदारी होगी तय : नरेश प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने 13 योजनाओं का शिलान्यास किया। उक्त सभी योजनाओं का निर्माण नगर परिषद द्वारा एक करोड़ 25 लाख की लागत से कराया जाना है। अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने किया और संचालन नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने किया। मौके पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये कृत संकल्पित हूं। विकास को ईमानदारी पूर्वक धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित हो। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने बताया कि सभी 13 योजनाएं पीसीसी सड़क व नाली निर्माण की है। मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदिन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, समाजसेवी गोपाल राम, राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, झामुओ प्रखंड अध्यक्ष एमामूल हक गुड्डू, दिनेश शुक्ला, सुनील चौधरी, सलीमुद्दीन अंसारी, मजमूदिन अंसारी, विजय कुमार रवि, संजू ठाकुर, मुन्ना यादव, ज्वाला गुप्ता, सुबोध केशरी, रमेश, रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## बड़ा हादसा टला: चलती जाइलो में लगी आग ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता से बचीं 10 जानें



मेदिनीनगर। पांकी के तरहसी से शादी समारोह में शामिल होने आ रही एक जाइलो कार में शुक्रवार को रेडमा चौक के पास अचानक आग लग गई। कार में महिलाएं और बच्चे समेत करीब 10 लोग सवार थे। समय रहते ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। जैसे ही जाइलो रेडमा चौक पहुंची, वहां मौजूद लोगों ने देखा कि कार के पिछले हिस्से से धुआं निकल रहा है। देखते ही देखते कार में आग की लपटें उठने लगीं। मौके पर मौजूद ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे रुकवाया। उन्होंने पहले सभी महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला और पास के दुकानदारों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया। कार सवार सभी लोग सकुशल हैं। बाद में बच्चों और महिलाओं को ऑटो की व्यवस्था कर उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया, जबकि जाइलो को नजदीकी गैराज भिजवाया गया। स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक प्रभारी की सूझबूझ और हिम्मत की सराहना की है। अगर कुछ देर और हो जाती, तो यह घटना बड़ी त्रासदी में बदल सकती थी।

## छतरपुर में जमीन विवाद में की गई थी महिला की हत्या तीन गिरफ्तार



छतरपुर पलामू। छतरपुर पुलिस ने जमीन विवाद में किये गये महिला की हत्या मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने इसकी जानकारी प्रेस वार्ता में दी। थाना प्रभारी ने बताया कि 24 अप्रैल को छतरपुर थाना क्षेत्र के देवताही निवासी वादी गुन्ना कुमार पिता मदन यादव ने छतरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था। वादी ने आवेदन में कहा कि तीन अप्रैल की शाम करीब चार बजे उसकी मां शांति देवी व बहन बकरी को खूंटा में बांध रही थी इतने में इनके गोतिया के कुलमनिया देवी पति लखन यादव, रंजू कुमारी व अंजू कुमारी पिता लखन यादव सभी देवताही छतरपुर के द्वारा लकड़ी के पीढ़ा से मृतिका के गर्दन में मारी जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसपी रीष्मा रमेसन के द्वारा छतरपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए इस कांड के तीनों अभियुक्त कुलमनिया देवी, रंजू व अंजु को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सभी अभियुक्त के द्वारा अपराध कबूल करते हुए बताया गया कि जमीन बंटवारा को लेकर इन लोगों में पहले से विवाद था। घटना के दिन मृतिका अभियुक्त लोग के जमीन में बकरी को खुंटा में बांध रही थी। जिसमें इनलोगों का विवाद हुआ था और पास में ही रखे पीढ़ा से उसके गर्दन में मार दी। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी के अलावे छतरपुर थाना के पुअनि घनश्याम मिश्रा, पुअनि सुशील उरांव, महिला आरक्षी गुंजा कुमारी व पुनम कुंवर, महिला थाना पुलिस बल व छतरपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### दो सप्ताह बाद भी नहीं लौटा युवक



नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड के ग्राम झरकटिया निवासी विश्वनाथ राम का 22 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार जो 12 अप्रैल 2025 से लापता है। परिवार जनों के काफी खोज बिन के बाद भी पता नहीं चल पा रहा है। सुजीत के पिता विश्वनाथ राम ने बताया कि उनका पुत्र मानसिक रूप से कमजोर है जो काला रंग का टीशर्ट एवं कथा रंग का हाफ पैंट पहना हुआ है।

## पंसस ने निजी खर्च से चार पनशाला खुलवाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के किशनपुर में पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी ने अपने निजी खर्चे से चार पनशाला संचालित करवाया। शाखा प्रबंधक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा किशनपुर पाटन प्रखंड के किशनपुर देवी मंडप, राम चौक, सोमवार बाजार एवं मध्य विद्यालय के समीप पनशाला का उदघाटन शाखा प्रबंधक किशनपुर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक संतोष कुमार झा ने फीता काटकर किया। मौके पर झा ने कहा कि इस गर्मी के दिनों में प्यासे लोगों को पानी पिलाना पुनीत कार्य है। जबकि पनशाला में शुद्ध पेयजल आरओ का पानी एवं गुड़ का व्यवस्था समाजसेवी पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी, बबलू पासवान,पूर्व उप मुखिया किशुनपुर पंचायत राकेश चौधरी, चंदन गुप्ता, मनोज मिश्रा सहित अन्य लोगों के सहयोग से गर्मी भर निरंतर चलेगा। चार पनशाला पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी के निजी खर्च के द्वारा संचालित है। मौके पर संतोष उपाध्याय, समाजसेवी राजीव प्रसाद मालाकार, मनोज मिश्रा, बबलू पासवान, चंदन गुप्ता, राकेश चौधरी, भोला पासवान, संतोष ठाकुर, विशाल कश्यप, राकेश गिरी, पंकज मालाकार, फील्ड अफसर जे आर जी बी किशुनपुर संजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पेयजल एवं स्वछता प्रमंडल के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा



मेदिनीनगर। डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में पेयजल एवं स्वछता प्रमंडल द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आगामी गर्मी के मद्देनजर जलमिनर और नलकूपों की त्वरित मरम्मती कराने पर बल दिया। उन्होंने पुराने खराब पड़े जलमिनारों और नलकूपों की मरम्मत तुरंत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी खराब जलमिनर और नलकूपों को त्वरित रूप से ठीक किया जाए ताकि जल संकट का समाधान हो सके। डीसी ने कहा कि जल का प्रयोग करने वाले उपयोगकर्ताओं से यूजर चार्ज लेने से नागरिकों में जल संरक्षण और देखभाल की जिम्मेदारी उत्पन्न होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि मेंटेनेंस पीरियड के समाप्ति के बाद सभी यूजरों से यूजर चार्ज लिया जाए। यह कदम जल आपूर्ति और उसके रखरखाव में निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। डीसी ने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे अपने–अपने क्षेत्र में जलापूर्ति की स्थिति की समीक्षा करें और रिपोर्ट तैयार कर उपायुक्त को सौंपें। इसके साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया गया कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पंचायत में पानी का टैंकर उपलब्ध हो जिन पंचायतों में पानी टैंकर पहले खरीदे गए थे, उनकी सूची बनाई जाए और आवश्यकता अनुसार टैंकरों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित की जाए।

## स्वामी विवेकानंद एलीट पब्लिक स्कूल में पोषण पखवाड़ा के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत मसीहानी स्थित स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 26 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रांगण में विद्यालय के बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश अग्रवाल को पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर विद्यालय के डायरेक्टर सुनील कुमार, चेयरमैन मुकेश कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर बी एन कपूर, प्रिंसिपल चंदन कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय है जो छतरपुर में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम कर रहा है। विद्यालय में इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय है, इससे बच्चों का विकास बौद्धिक रूप के साथ- साथ सामाजिक रूप से भी होता है। प्रिंसिपल चंदन कुमार ने कहा कि विद्यालय में निरंतर 10 दिनों से पोषण पखवाड़ा का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक दिन विद्यालय के बच्चों को विद्यालय के शिक्षकों एवम प्रबंधन समिति के द्वारा अपने दैनिक जीवन में सही भोजन का इस्तेमाल तथा सुरक्षित भोजन का इस्तेमाल करने को प्रेरित किया जा रहा है। प्रत्येक दिन सुबह की प्रार्थना में बच्चों को सही पोषण का इस्तेमाल करने के लिए निरंतर अनेक गतिविधियों के द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, कंचन पांडे ,कुलदीप गोंड सहित अन्य शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विवेकानन्द पब्लिक स्कूल में पहलगाम में मारे गये लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** आरापुर महुगाईं दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें काश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उन्हें नमन किया गया। इसके अलावा मृत आत्म के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्कूली बच्चों ने कैंडल जलाकर आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। वहीं बच्चों ने मोदी सरकार से इस्लामिक आतंकियों का समूल नष्ट करने का आग्रह किया गया। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि पहलगाम में हुये आतंकी हमले के बाद पूरा देश गम व गुस्से में है। इस घटना में शामिल आतंकियों को ढूंढकर सरेआम फांसी पर लटका देना चाहिए। आतंकियों को कवर फायर देने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नया भारत किसी भी हाल में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य तृप्ति मिश्रा ने की व संचालन उप प्राचार्य शैली कुमारी ने किया। मौके पर शिक्षिका नेहा वर्मा, सीता देवी, पूजा कुमारी, रीता देवी, प्रमोद सिंह, मंजीत दीक्षित छात्र-छात्रा व अभिभावक मौजूद थे।

# अबुआ आवास योजना में अनियमितता

## पंचायत सचिव निलंबित, मुखिया की वित्तीय शक्ति जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नगर उंटारी प्रखंड के हलिवंताकला पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत अयोग्य लाभुकों के चयन और सरकारी राशि के दुरुपयोग के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है।

पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता को निलंबित कर उनका मुख्यालय केतार प्रखंड में निर्धारित किया गया है। साथ ही, ग्राम पंचायत की मुखिया सविता देवी की वित्तीय शक्तियां जब्त करने की अनुशंसा पंचायती राज विभाग को भेजी गई है। जिला दंडाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर की गई जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव ने अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने के लिए गलत प्रतिवेदन दिया और



डीसी शेखर जमुआर

स्पष्टीकरण मांगने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया। मुखिया द्वारा भी ग्राम सभा से अयोग्य व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाने की पुष्टि हुई। जिला स्तरीय जांच दल द्वारा 12 घरों का यादृच्छिक भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें अनियमितताएं सामने आईं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि अबुआ आवास योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि जिला प्रशासन जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रक्तदान कर वृद्ध की जान बचाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अपने लिए तो सभी जीते हैं, लेकिन दूसरों के लिए जीना ही असली इंसानियत है, इस सोच को साकार करते हुए राजन कुमार गुप्ता ने मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती बसंत साव नामक एक वृद्ध मरीज के लिए एक यूनिट रक्तदान कर उसकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार बसंत साव जीवन और मौत से संघर्ष कर रहे थे और उन्हें तत्काल रक्त की जरूरत थी। इसी दौरान राजन कुमार को जानकारी मिली और उन्होंने बिना समय गंवाए अस्पताल पहुंचकर



रक्तदान करते राजन गुप्ता

रक्तदान किया। उनके इस कार्य की चारों ओर सराहना हो रही है। मौके पर पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जहां लोग फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्सएप की दुनिया में व्यस्त रहते हैं, ऐसे समय में राजन कुमार गुप्ता जैसे युवा समाज को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान न केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना भी जगाता है। पीएलवी ने यह भी बताया कि 18 से 60 वर्ष की आयु के स्वस्थ व्यक्ति जिनका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो, वे हर तीन महीने में रक्तदान कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से इस नेक कार्य में भाग लेने की अपील की। मौके पर सोनू मधेशिया, रौशन कुमार आदि भी उपस्थित थे।

# समन्वय समिति की बैठक आयोजित



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पेट्रोल पंप, टंडवा के सभागार में जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय ने की, जिसमें जिले में शिक्षा के सशक्तिकरण और सुधार को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि गढ़वा जैसे क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सभी निजी विद्यालयों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि निजी विद्यालयों ने शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता लाने में सराहनीय भूमिका निभाई है। साथ ही गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। समिति के सचिव मदन प्रसाद केशरी ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में समिति द्वारा निजी विद्यालयों के शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे जिले की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा मिलेगी और विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल होगा। बैठक में क्षेत्र के विद्यार्थियों के यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता पर भी खुशी जताई गई और इसे निजी विद्यालयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम बताया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों और निदेशकों ने शिक्षण कार्य को और प्रभावशाली बनाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। बैठक में उपाध्यक्ष सुशील केशरी, सिस्टर रौशना, कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, संयुक्त सचिव संजय सोनी, पीके दूबे, अशोक कुमार दूबे, मुजीब अंसारी, सुधीर पाठक, ऋषिराज कुमार, विवेक कुमार, अनिल विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, चंद्रभूषण सिन्हा, तौहीद अंसारी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# एसएस विद्या निकेतन में लीगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन



जानकारी देते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में लगमा स्थित एसएस विद्या निकेतन में लीगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रमाशंकर चौबे द्वारा स्वागत गान और सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल संरक्षण और दिव्यांग पेंशन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात पीएलवी सुधीर कुमार चौबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की संरचना, लोक अदालतों में मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के समाधान, और महिलाओं की साक्षरता दर में गिरावट पर चिंता व्यक्त की।

# तारा लाल श्रीवास्तव के जीवन में फिर टूटा दुखों का पहाड़



जानकारी देते तारा लाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** अरसली उतरी पंचायत निवासी तारा लाल श्रीवास्तव के ऊपर दुखों का पहाड़ फिर टूट पड़ा है। महज कुछ ही दिनों के भीतर उन्होंने पहले अपनी पत्नी और अब मां को खो दिया है, जिससे उनका जीवन गहरे संकट में आ गया है। तारा लाल की धर्मपत्नी सुरुचि देवी, जो लंबे समय से बीमार चल रही थीं, का निधन 10 अप्रैल को हो गया था। पत्नी के निधन से वह मानसिक और आर्थिक रूप से पहले ही टूट चुके थे। इसी बीच शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे उनकी मां किरण देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गई।

# चैता दुगोला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के चौरा गांव में योगीवीर बाबा महोत्सव के अवसर पर भव्य चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 28 लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

दोगोला मुकाबला गुड्डू हलचल (बिहार) और अमर अकेला के बीच हुआ, जिसमें निर्णायक मंडली ने गुड्डू हलचल को विजेता घोषित किया। पूर्व विधायक भानू प्रताप



उद्घाटन करते पूर्व विधायक

शाही ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारी सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक संगीत जीवित रहता है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कही।

कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी पंकज सिंह की पहल पर हुआ, जिन्हें पूर्व विधायक ने इस प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि चैता दुगोला हमारे गांव-समाज की परंपरा का प्रतीक है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। मौके पर भाजपा नेता दयानंद भगत, जिप सदस्य दिनेश कुमार, मुखिया मूंगा साह, सौरभ सिंह, राजू सिंह, कन्हाई प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सोशल वर्क्स संस्था ने पहलगाम शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## घंटाघर पर आयोजित हुई शोकसभा

**देश ने अपने वीर सपूतों को खोया है, जो कभी भी पूरी नहीं की जा सकने वाली क्षति**



शोकसभा में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु सोशल वर्क्स संस्था द्वारा शहर के घंटाघर चौक पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया।

इस भावुक अवसर पर गढ़वा की अन्य सामाजिक संस्थाओं के सदस्य एवं कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने शहीदों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस हमले में देश ने अपने वीर सपूतों को खोया है, जो कभी भी पूरी नहीं की जा सकने वाली क्षति है। उन्होंने कहा कि आतंकियों द्वारा की गई इस निर्मम घटना का करारा जवाब देना जरूरी है, ताकि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके।

सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारों के लिए ईश्वर से संबल देने की प्रार्थना की। मौके पर संतोष केशरी, अनीता दत्त, शुभम केशरी, दौलत सोनी, मनीष गुप्ता, विजय केशरी, रविंद्र नाथ ठाकुर, अरविंद पटवा, उमेश कश्यप, राजन कुमार, अनमोल कश्यप, संतोष कश्यप, ब्रजेश उपाध्याय, दीनदयाल पासवान, नैतिक कश्यप, विशाल गुप्ता, सोनू यादव समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अभियुक्त विकास पासवान गिरफ्तार, न्यायालय में प्रस्तुत

**धुरकी।** थाना कांड संख्या 21/2025, दिनांक 04 मार्च 2025 के तहत दर्ज मामले में नामजद अभियुक्त विकास पासवान उर्फ विकास कुमार पासवान (उम्र लगभग 23 वर्ष), पिता सुरेंद्र पासवान, निवासी रक्सी, टोला बैंगाडीह, थाना धुरकी को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया है। यह मामला भारतीय दंड संहिता (ठछै 2023) की धारा 333/351(3)/64 के तहत दर्ज किया गया था। अब तक की जांच, पीड़िता और गवाहों के बयान, घटनास्थल के निरीक्षण तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बंशीधर नगर के पर्यवेक्षण के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आरोपों को सही पाया गया है। पुलिस ने उचित मार्गदर्शन और प्रक्रियाओं के तहत अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है, जिससे आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# यूपीएससी में 530वां रैंक लाकर छाया ने गढ़वा का नाम किया रोशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 में 530वीं रैंक हासिल कर मेराल प्रखंड के अकलवानी गांव की बेटी छाया कुमारी ने क्षेत्र और जिले का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है। छाया के घर पहुंचते ही पूरे गांव में जश्न का माहौल बन गया। अहले सुबह 4 बजे ही परिजन और ग्रामीण ढोल-नगाड़े लेकर रेलवे स्टेशन पहुंचे और छाया का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। रेलवे स्टेशन से छाया के घर तक एक जुलूस की शक्ल में लोग पैदल चल पड़े। रास्ते भर स्वागत और बधाई देने वालों की भीड़ रही।

छाया ने सबसे पहले गांव के प्राचीन शिव और सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना की, फिर अपने घर पहुंची जहां मां ने आरती उतारी और गले से लगाकर आशीर्वाद दिया।

छाया ने बताया कि यह सफलता उसका बचपन का सपना था। नामधारी कॉलेज से बीएससी



छाया का स्वागत करते लोग

और एमएससी करने के बाद वह कोचिंग के लिए दिल्ली गईं, लेकिन कोरोना के दौरान घर लौटकर तैयारी की। चार असफल प्रयासों के बाद पांचवें प्रयास में उन्होंने सफलता पाई। छाया ने कहा, मैं जनता के लिए लीडर नहीं, ऑफिसर बनना चाहती थी। गांव में छाया की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हुए सैकड़ों ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। भाजपा नेताओं सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भी उनके घर जाकर मिठाई खिलाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।


## कार्यालय : जिला परिषद,चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड हंटरगंज में निर्मित विवाह मण्डप को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती /लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र. स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | हंटरगंज विवाह मण्डप | 2236 sqft | 134500 | 33700 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 09/05/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 5000.00 ( पाँच हजार) रू0 का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं, जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्त :–
1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम–5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि सफल डाक वक्ता के साथ एकरारनामा के तुरन्त बाद वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम डाक वक्ता को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोबस्ताधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाक बंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. यदि एक वर्ष के बाद एकरारनामा बढ़ाया जाता है तो 10% से 20% किराया में वृद्धि किया जायगा।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, चतरा

PR 351097 District(25-26).D



## कार्यालय : जिला परिषद,चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 01 (एक) अदद दूकान को किराया पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए **दिनांक 15/05/2025 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)** आवदेन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–
1. कुल दूकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में खुला डाक के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा। दूकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/– (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दूकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दूकान आवंटित है, उसे दूकान आवंटित नहीं की जायेगी। जाँच के क्रम में गलत पाये जाने पर आवंटिक दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दूकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दूकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैसा प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. दूकान का प्रकार (10'x10' का दूकान ) एवं (9'x8' का स्टोर) कुल रकवा 172 स्क्वायर फीट, मासिक किराया 8.75/प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित है, जिसका प्रति दूकान कुल मासिक किराया मो0 1505.00 देय होगा।
8. प्रत्येक अगले तीन वर्ष पर 10% किराया में बृद्धि की जायगी।
9. निर्धारित मासिक किराया प्रत्येक माह कार्यालय में आकर जमा करना आवश्यक होगा।
10. लगातार तीन माह तक मासिक किराया नही देने पर लम्बित किराया का 10% अतिरिक्त भुगतान करना आवश्यक होगा।
11. लगातार छः माह तक मासिक किराया नही देने पर कानुनी कार्रवाई करते हुए आवंटित दूकान को खाली कराया जायेगा एवं राशि बसूली के लिए नीलाम पत्र बाद दायर किया जायेगा।
12. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगिक करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, चतरा

PR 351105 District(25-26).D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ........................................./ दिनांक ................................ /

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0 04/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 13.05.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 14.05.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.05.2025 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य सामाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 200MT Godown in Satgawan Block at Dist-Koderma | 6,39,252.00 | 1250.00 | 13000.00 | 2 Month |
| 2 | Renovation of 200 MT Godown at Jainagar Block at Dist-Koderma | 8,63,765.00 | 1250.00 | 18000.00 | 2 Month |
| 3 | Renovation of 500MT Godown in Jainagar Block at Dist-Koderma | 24,69,125.00 | 5000.00 | 50000.00 | 4 Month |
| 4 | Renovation of 500MT Godown in Satgawan Block at Dist-Koderma | 19,31,691.00 | 5000.00 | 39000.00 | 3 Month |
| 5 | Renovation of 1000MT Godown in Chandwara Block at Dist-Koderma | 16,24,717.00 | 5000.00 | 33000.00 | 3 Month |
| 6 | Renovation of 1000 MT Godown-1 in Domchanch Block at Dist-Koderma | 15,79,586.00 | 5000.00 | 32000.00 | 3 Month |
| 7 | Renovation of 1000MT Godown in Jainagar Block at Dist-Koderma | 15,45,494.00 | 5000.00 | 31000.00 | 3 Month |
| 8 | Renovation of 1000MT Godown in Markacho Block at Dist-Koderma | 17,52,520.00 | 5000.00 | 36000.00 | 3 Month |
| 9 | Renovation of 1000MT Godown in Satgawan Block at Dist-Koderma | 16,71,116.00 | 5000.00 | 34000.00 | 3 Month |
| 10 | Renovation of 1000MT Godown-2 in Domchanch Block at Dist-Koderma | 16,61,711.00 | 5000.00 | 34000.00 | 3 Month |
| 11 | Renovation of 200MT Godown in Koderma Block at Dist-Koderma | 19,29,418.00 | 5000.00 | 39000.00 | 4 Month |
| 12 | Construction of Boundary wall with Concertina Coil Fencing over boundary for Krishi Vigyan Kendra Koderma at Jainagar Block Koderma Dist | 45,00,000.00 | 5000.00 | 90000.00 | 6 Month |
| 13 | Renovation of Labour Welfare Centre Jhumri Telaiya at Koderma | 24,43,987.00 | 5000.00 | 49000.00 | 4 Month |
| 14 | Construction of PCC Approach Road from Main Gate to Labour Welfare Centre & Labour Superintendent Office Building in Campus of Labour Office Koderma | 15,85,359.00 | 5000.00 | 32000.00 | 3 Month |
| 15 | Laying of Cement Concrete Interlocking paver block near in front of Labour Welfare Centre & Labour Superintendent Office Building in Campus of Labour Office Koderma | 24,70,200.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 Month |
| 16 | Construction of 200 feet Boundary wall Raising of Existing Boundary wall and Repair and Painting of Old Existing Boundary wall of Labour Office Koderma | 22,14,900.00 | 5000.00 | 45000.00 | 4 Month |
| 17 | Renovation of Labour Superintendent Office Building & Construction of Flag Hosting Platform at Koderma Dist | 24,34,188.00 | 5000.00 | 49000.00 | 4 Month |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.351021 Building(25-26):D

# पीएम का दो टूक...

देश भर से इस घटना को लेकर समर्थन मांगने की कोशिश में पीएम मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि 'हमले में किसी ने बेटा खोया, तो किसी ने भाई। किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उनमें कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था तो कोई यहां बिहार का लाल था।' भावुकता की रौ में बहे मोदी दुख और गुस्सा दोनों का इजहार करते नजर आये। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे करोड़ों देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ है। सरकार इसके भी प्रयास कर रही है कि जिन घायलों का इलाज जारी है वे जल्द स्वस्थ हों।' प्रधानमंत्री ने दावा किया कि 'पर्यटकों को मारने वाले आतंकियों को 'उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा' दी जाएगी।' उन्होंने कहा-'मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को कहना चाहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। इस तरह के हमले से आतंकी देश के मनोबल को नहीं तोड़ सकेंगे। आतंकी हमले के बाद अब न्याय दिलाने के लिए भारत सब कुछ करेगा। जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं वे हमारे साथ हैं।'

मोदी ने आतंकी घटना के लिये सीधे-सीधे पाकिस्तान का नाम तो नहीं लिया लेकिन यह जरूर कहा कि '140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति 'आतंक के आकाओं' की कमर तोड़ देगी।' फिर भी, उनकी रैली में 'पाकिस्तान मुदार्बाद' के नारे लगाए गए जो इस बात का इशारा है कि हमलावरों का मददगार कौन है या कम से कम किसे समझा जा रहा है।

निश्चित तौर पर देश इंतजार कर रहा है कि किस प्रकार की सैन्य कार्रवाई होगी? मोदी सरकार पर दबाव है कि वह कठोर कार्रवाई करें कोई दूसरा विकल्प की बात देश नहीं कर रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौता रद्द किया जाना भारत के हित में है

भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध के बाद 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौता (ऍ ॲऱ्ीील्ल३) हुआ था। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच शांति बहाली, युद्धबंदियों की रिहाई और आपसी विवादों को शांतिपूर्वक हल करना था। परंतु 21वीं सदी के पहले दो दशकों में पाकिस्तान की ओर से बार-बार सीमा उल्लंघन, आतंकवाद को समर्थन और कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के प्रयासों ने शिमला समझौते की आत्मा को गंभीर रूप से आहत किया है। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा इस समझौते को औपचारिक रूप से 'निरस्त' करना एक प्रतीकात्मक घटना है, परंतु इसके निहितार्थ भारत के दृष्टिकोण से लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

इस आलेख में हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे कि पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौते को रद्द किया जाना भारत के लिए कैसे लाभकारी है, इसके दीर्घकालिक रणनीतिक प्रभाव क्या हो सकते हैं।

**शिमला समझौताः संक्षिप्त पृष्ठभूमि**

1971 के भारत-पाक युद्ध के पश्चात भारत ने पाकिस्तान के 90,000 से अधिक सैनिकों को बंदी बनाया था। युद्ध के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान, स्वतंत्र राष्ट्र ह्यबांग्लादेशह्न बना। इन परिस्थितियों में शांति बहाली के उद्देश्य से तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच शिमला में समझौता हुआ। इसके प्रमुख बिंदु थेःभारत और पाकिस्तान अपने मतभेदों को द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाएंगे। युद्धबंदियों की सुरक्षित वापसी की जाएगी। दोनों देश एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे। नियंत्रण रेखा को दोनों पक्ष सम्मान देंगे।

लेकिन उक्त समझौते का पाकिस्तान की ओर से निरन्तर उल्लंघन की घटनाएं हुई तथा शिमला समझौते के बाद भी पाकिस्तान ने कभी इस समझौते की आत्मा का पालन नहीं किया। पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौता उल्लंघन की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार थी -

1. कारगिल युद्ध (1999)पाकिस्तानी सेना ने भारतीय नियंत्रण वाले कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ कर ली, जबकि शिमला समझौते के अनुसार, नियंत्रण रेखा का सम्मान अनिवार्य था।

2. सीमा पर लगातार संघर्ष विराम उल्लंघन2003 में संघर्ष विराम समझौता हुआ, परंतु 2010 से 2020 के बीच पाकिस्तान ने औसतन प्रति वर्ष 1500 से अधिक बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया (गृह मंत्रालय के आंकड़े)।


3. आतंकवाद को समर्थनपाकिस्तान



आधारित आतंकी संगठनों- लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद आदि ने भारत में कई आतंकी हमले किएः

साल 2001 में संसद पर हमला, 2008 मुंबई हमले (166 मृतक), 2016 पठानकोट हमला, 2019 पुलवामा हमला (40 उफ्ढञ्क जवान शहीद) ये घटनाएं शिमला समझौते की ₹शांति एवं आपसी सम्मान₹ की भावना के विरुद्ध थीं।

वर्तमान में पाकिस्तान द्वारा समझौते को निरस्त करना एक मूर्खतापूर्ण कदम के लिए इतिहास में स्मरण किया जाएगा। वैसे भी इस समझौते का कोई महत्व नहीं रह गया था क्योंकि 2024 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें शिमला समझौते को अप्रासंगिक और निष्प्रभावी बताया गया और इसे औपचारिक रूप से रद्द करने की सिफारिश की गई। इसके पीछे तर्क दिया गया कि भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य पुनर्गठन ने यथास्थिति को बदल दिया है।



**- डा विश्वास चौहान**

> वर्तमान में पाकिस्तान द्वारा समझौते को निरस्त करना एक मूर्खतापूर्ण कदम के लिए इतिहास में स्मरण किया जाएगा। वैसे भी इस समझौते का कोई महत्व नहीं रह गया था क्योंकि 2024 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें शिमला समझौते को ₹अप्रासंगिक और निष्प्रभावी₹ बताया गया और इसे औपचारिक रूप से रद्द करने की सिफारिश की गई।

एक रणनीतिक अवसर है। अब प्रश्न यह है कि पाकिस्तान का यह कदम भारत के हित में कैसे है? तो इस सम्बन्ध में निम्नानुसार तर्क दिए जा सकते हैं।

पहला यह कि भारत अब द्विपक्षीयता की बाध्यता से मुक्त हो गया है क्योंकि शिमला समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान विवादों का समाधान केवल द्विपक्षीय तरीके से करना था। अब भारत इस विषय को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए स्वतंत्र है और विशेषकर आतंकवाद जैसे विषयों पर व्यापक वैश्विक समर्थन प्राप्त कर सकता है।

दूसरा यह कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता को इस कदम से क्षति पहुंची है क्योंकि शिमला समझौता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप था और एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता मानी जाती है। पाकिस्तान द्वारा इसे रद्द करना उसकी अस्थिर और गैर-जिम्मेदार छवि को और मजबूत करता है। इससे भारत को विश्व स्तर पर कूटनीतिक लाभ मिलेगा।

तीसरा, भारत को अब कूटनीतिक आक्रमकता का अवसर मिल गया है क्योंकि पाकिस्तान द्वारा यह समझौता रद्द करने से भारत अब अपने पक्ष को अन्य देशों के सामने खुलकर रख सकता है, विशेष रूप से पाकिस्तान द्वारा लगातार प्रायोजित आतंकवाद और सीमा उल्लंघनों पर। जी 20, यूएनओऔर कॉमनवेल्थ जैसे मंचों पर भारत इस मुद्दे को मजबूती से उठा सकता है जो पहले इस समझौते से बंधा होने से नहीं उठा पाता था।

चौथा यह कि अब एलओसी की स्थिति और रक्षा नीति को सुदृढ़ किया जा सकेगा क्योंकि अब भारत को नियंत्रण रेखा की ह्ययथास्थितिह्न बनाए रखने की बाध्यता नहीं है। इससे सामरिक रूप से पाकिस्तान की ओर अधिक सक्रिय रक्षा नीति अपनाने की संभावनाएं बनती हैं- जैसे सर्जिकल स्ट्राइक (2016) और एयर स्ट्राइक (2019) जैसे उपायों को वैधानिक रूप से और अधिक समर्थन मिल सकता है।

भविष्य की रणनीतिक दिशाः भारत को अब क्या करना चाहिए?

1. नई सुरक्षा नीति का निर्माणभारत को एक अद्यतन सीमा नीति बनानी चाहिए जो केवल रक्षात्मक नहीं, अपितु सक्रिय प्रतिकार पर आधारित हो।

2. राजनयिक स्तर पर आक्रामकताभारत को पाकिस्तान की यह असंगत स्थिति वैश्विक मंचों पर उजागर करनी चाहिए कि वह शांति समझौतों को स्वीकारने और बनाए रखने में विफल राष्ट्र है।

3. आतंकवाद विरोधी वैश्विक गठजोड़ में नेतृत्वभारत, अमेरिका, फ्रांस, इजराइल और अन्य आतंकवाद-विरोधी राष्ट्रों के साथ गठजोड़ को और मजबूत कर सकता है।

4. अब भारत, पाकिस्तान की नापाक गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और वठ में अधिक मजबूती से उठा सकता है।

कुल मिलाकर इस समझौते को पाकिस्तान द्वारा रद्द करने से भारत की सामाजिक और आंतरिक नीति पर सकारात्मक प्रभाव ही पड़ेगा। वहीं, कश्मीर में सुदृढ़ शासन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी क्योंकि अब भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की ह्यराजनीतिक घुसपैठह्न की बात को पूरी तरह नकार सकता है। यह जम्मू-कश्मीर के एकीकरण को और सशक्त करेगा।

भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि पाकिस्तान के साथ किसी विवाद के कारण होने वाली अनिश्चितता को भारत एकतरफा तरीके से नियंत्रित कर सकता है। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। शिमला समझौता, ऐतिहासिक रूप से भारत की नैतिक और राजनयिक विजय थी लेकिन इसका पालन केवल भारत ने किया। पाकिस्तान ने हमेशा इसकी आत्मा का उल्लंघन किया। अतः उसका इसे रद्द करना प्रतीकात्मक मात्र है - परंतु इससे भारत को अपनी विदेश नीति, रक्षा नीति और आंतरिक स्थिरता को सुदृढ़ करने का एक अवसर मिल गया है। अब भारत द्विपक्षीय समझौतों की मयार्दा से बंधा नहीं है और अपनी सामरिक शक्ति और कूटनीतिक कौशल का प्रयोग स्वतंत्र रूप से कर सकता है। पाकिस्तान की यह हरकत, दूरगामी दृष्टि से भारत के हित में सिद्ध होती है - न केवल वर्तमान सामरिक सन्दर्भ में बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण से भी।

(लेखक, अंतरराष्ट्रीय विधि, स्टेट लॉ कॉलेज भोपाल में प्राध्यापक हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### दावों की सच्चाई

**पहलगाम** के बैसरन में सैलानियों पर आतंकी हमला दिल दहलाने वाला है, जो केंद्र सरकार के शांति के दावों की सच्चाई उजागर करता है। हर हमले के बाद बयानबाजी होती है, पर हालात जस के तस रहते हैं। धर्म पूछकर हत्या करना देश के सौहार्द को तोड़ने की साजिश है। जनता को संयम रखना चाहिए, लेकिन सरकार को अब सख़्त कदम उठाकर आतंकियों की कमर तोड़नी होगी, वरना न आमजन सुरक्षित रहेगा, न हमारे जवानों की कुबार्नी थमेगी।

**-हेमा हरि, हजारीबाग**

### कठोर कार्रवाई हो

कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमले की खबर ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर दिया। यह सवाल उठता है कि जब जम्मू-कश्मीर आतंकवाद के साये में है, तो सुरक्षा में लापरवाही क्यों? पाकिस्तान समर्थित कट्टरपंथियों की मानसिकता भारत विरोधी रही है, लेकिन भारत को आतंरिक सुरक्षा मजबूत करें। **- रवि सिन्हा रांची**

## ट्वीट

**प्रसिद्ध** वैज्ञानिक एवं पूर्व इसरो प्रमुख पद्म विभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करे। ॐ शांति।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष, प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक, पद्म विभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी का निधन अत्यंत दुःखद एवं राष्ट्र की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां प्रदान करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में अविस्मरणीय योगदान हेतु उनको सदैव याद किया जाएगा।

**-अर्जुन मुंडा पूर्व मंत्री**

# पहलगाम : अब भारत की पारी शुरू

## सामयिक

पहलगाम का आतंकी हमला हताशा में किया गया ऐसा कुकृत्य है, जिस पर हमेशा की तरह सुई पाकिस्तान की तरफ घूमती है। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा एक देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-बार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है।

यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपित तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बीच हुआ है। मुनीर ने पिछले हफ्ते ही कश्मीर को अपने देश की ह्यगले की नसह्न बताकर 22 अप्रैल के हमले की भयावहता की जमीन तैयार कर दी थी। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, वहीं उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को उछालना चुना। दावा किया कि हिंदुओं व मुसलमानों में कोई समानता नहीं है। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की भारत यात्रा के दौरान यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दे दी है।

पाकिस्तान ने पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त करने का प्रपंच तो रचा लेकिन हमले की निंदा करने से परहेज किया। उरी(2016) और पुलवामा (2019) की तरह क्या पहलगाम हत्याकांड भी ऐसी प्रतिक्रिया को जन्म देगा? मोदी सरकार, क्या पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाने के लिये भारी दबाव में है? वैसे कूटनीतिक मोर्चे पर भारत के लिये अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब और शर्मिंदा करने का एक बड़ा अवसर है। पहलगाम जांच के नतीजों और राणा से पूछताछ से भारत के इस रुख की पुष्टि होने की उम्मीद है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है।

बहरहाल, पहलगाम के बैसरन में पाक पोषित आतंकियों ने जो खूनी खेल खेला, उसने पूरे देश को झकझोरा है। सैर-सपाटे के लिये गए लोगों को मौत मिलेगी, ऐसी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन एक हकीकत है कि देश-विदेश के 26 पर्यटक आतंकियों की गोली के शिकार हुए। हमले ने शेष देश के साथ कश्मीर की आत्मा को भी झकझोरा है। यह त्रासदी सिर्फ जम्मू-कश्मीर की ही नहीं है बल्कि इस हमले ने पूरे देश को गहरा जख्म दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस पीड़ादायक हादसे के बाद घाटी के लोगों ने एकजुट होकर हमले की निंदा की है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों पर दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए। कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है।

लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोककर भारत लौटे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भी घाटी पहुंचकर तत्काल जमीनी स्थितियों का आकलन होने तक पूरी सरकारी मशीनरी की ताकत झोंक दी है। तात्कालिक प्रतिक्रिया के तौर पर इस संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# रंगीन धुएं में भी छुपा जानलेवा जहर

## हेल्थ

### युवाओं में वेपिंग की लत

युवा वर्ग में वेपिंग की लत तेजी से बढ़ रही है जो धूम्रपान से भी खतरनाक है जिससे देश में हर साल 13 लाख लोगों की जान जाती है। इसे युवा फैशन और सुरक्षित मानकर पीते हैं। जिसके सेहत पर असर, भ्रांतियों और समाधानों के बारे जागरूकता जरूरी है। इसी विषय पर पीजीआई चंडीगढ़ के हेल्थ मैनेजमेंट, कम्युनिटी मेडिसिन और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रो. डॉ. सोनू गोयल से विवेक शर्मा की बातचीत।

आजकल सोशल मीडिया ट्रेंड्स, स्मार्ट दिखने की चाहत और सिगरेट से सुरक्षित विकल्प के भ्रम के चलते, युवा वर्ग तेजी से वेपिंग (ई-सिगरेट) की चपेट में आ रहा है। चमकदार डिवाइसेज, फल, चॉकलेट, पुदीना और मिठाइयों जैसे आकर्षक फ्लेवर, और इंस्टाग्राम रील्स पर धुएं के रिंग्सह्न बनाने का ट्रेंड, इन सभी ने ऐसा भ्रम फैलाया है, जिसके तहत युवा अनजाने में अपनी सेहत के साथ समझौता कर रहे हैं। लेकिन क्या वाकई वेपिंग पारंपरिक सिगरेट से कम हानिकारक है? सच्चाई यह है कि वेपिंग कई मामलों में सिगरेट से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है।

टीनेजर्स और युवा वर्ग में वेपिंग की लत तेजी से बढ़ रही है, और इस एडिक्शन का शिकार सिर्फ बड़े ही नहीं, बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चे भी हो रहे हैं। साल 2023 में किए गए एक सर्वे के अनुसार, 14 से 25 वर्ष के बीच लगभग 3.9 फीसदी युवा वेपिंग की लत में फंस चुके हैं, हालांकि 2019 में इसे लेकर सख्त कानून बनाए गए थे। डॉ. गोयल ने बताया कि कई बार छात्र सार्वजनिक रूप से स्मोकिंग करते हैं, लेकिन किसी को इसका पता नहीं चलता। क्योंकि कंपनियां ऐसी ई-सिगरेट बनाती हैं जो पैन जैसी होती हैं, जोकि काफी खतरनाक हैं। ई-सिगरेटों को बनाते और बेचते हुए पहली बार पकड़े जाने पर एक वर्ष तक की जेल और एक लाख रुपये तक जुमार्ने की सजा मिल सकती है।

**धूम्रपान के आंकड़े और वेपिंग के खतरनाक प्रभाव**

डॉ. सोनू गोयल के अनुसार, भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के करीब 267 मिलियन लोग किसी न किसी रूप में धूम्रपान करते हैं। हर साल तंबाकू और धूम्रपान के कारण 13 लाख से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा देते हैं, और ये आंकड़े सिर्फ पारंपरिक सिगरेट के हैं। वेपिंग के खतरे इसके अलावा हैं, जो अब तेजी से सामने आ रहे हैं।

### वेपिंग क्या है?

वेपिंग एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (जैसे ई-सिगरेट, वेप पेन या पॉड) के जरिए निकोटीन, प्रोपलीन ग्लाइकोल, ग्लिसरीन और फ्लेवरिंग एजेंट्स जैसे रसायनों को गर्म कर उन्हें भाप (वेपर्स) में बदलने की प्रक्रिया है। इन वेपर्स को सांस के साथ अंदर लिया जाता है।

हालांकि इसमें तंबाकू का पत्ता सीधे इस्तेमाल नहीं होता, लेकिन इसका मुख्य नशा देने वाला तत्व निकोटीन ही होता है, जो न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालता है।

वेपिंग को लेकर भ्रांतियां और सच

**भ्रांति 1 : वेपिंग सुरक्षित है क्योंकि इसमें तंबाकू नहीं होता।**

सच्चाई : वेपिंग लिक्विड में निकोटीन के अलावा डाइसेटाइल, फॉर्मलडिहाइड और हैवी मेटल्स होते हैं, जो फेफड़ों और हृदय के लिए खतरनाक हैं।

**भ्रांति 2 : वेपिंग से सिगरेट छोड़ना आसान होता है।**

सच्चाई : कई शोध बताते हैं कि ई-सिगरेट की लत अक्सर पारंपरिक सिगरेट के साथ मिलकर डुअल यूज की आदत बनाती है, जिससे लत और गहराती है।

**भ्रांति 3 : फ्लेवरिंग एजेंट सुरक्षित होते हैं।**

सच्चाई : फ्लेवर्ड वेप में इस्तेमाल होने वाले कुछ एजेंट, जैसे डाइसेटाइल,ह्यपॉपकॉर्न लंग डिजीजह्न जैसे गंभीर रोग का कारण बन सकते हैं।

**इसरो के पूर्व अध्यक्ष, प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक, पद्म विभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी का निधन, राष्ट्र की अपूरणीय क्षति।**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा शिव मंदिर में भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सार्वजनिक शिव मंदिर की 26वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर गुरुवार को भव्य भंडारा और 24 घंटे से चल रहे अखंड कीर्तन का विधिवत पूणार्हुति के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर हवन, पूजन, आरती और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न किए गए।भंडारे की शुरूआत भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी और समाजसेवी पप्पू सिंह द्वारा भगवान को भोग अर्पित कर की गई। मंदिर के संस्थापक जितेंद्र सिन्हा और समाजसेवी पप्पू सिंह ने परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में मंदिर के संस्थापक जितेंद्र सिन्हा के साथ शशि भूषण सिंह, रॉबिन मुखर्जी, पप्पू सिंह, राहुल आनंद, संदीप, मनोज कुमार सिन्हा, आदित्य सिंह, आर्यन सिंह, रोहित कुमार, हर्षित वर्मा, सौरव सिंह, धीरज कुमार, निरंजन विश्वकर्मा, मनोज मिस्त्री आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

### तोपा के कई आवासों में चोरी

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के तोपा में चोरों ने एक ही रात में कई लोगों के आवास में घुसकर चोरी की । तोपा निवासी महेश प्रजापति भतीजे के शादी में गांव गए थे। जब सुबह आए तो देखा की क्वार्टर का कुंडी टूटा हुआ है। साथ ही क्वार्टर से पंखा, बर्तन, मिक्सर एवं कीमती आभूषण गायब है। वहीं डटमा निवासी ओम प्रकाश राम तोपा में स्थित क्वार्टर से इनवर्टर, मिक्सी ग्राइंडर, सोने का कान का झुमका, कई आभूषण एवं घरेलू सामान सहित नगदी 2200 रुपया की चोरी कर ली। इधर बी क्वार्टर में पार्वती देवी अपने गांव गयी थी। वापस आने पर देखा घर का ताला तोड़ा हुआ है, साथ ही सारे सामान बिखरे पड़े हुए हैं। जिसमें से कई आभूषण कान की बाली, पायल, सोने का लॉकेट, मोबाइल सहित नगद 12 हजार की चोरी हुई ।

### आतंकियों पर हो कार्रवाई : सद्भावना मंच

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा में शुक्रवार को सद्भावना मंच की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले की तीव्र निंदा की गई। इस हमले में निर्दोष लोगों की जान गई, जिनमें पर्यटक भी शामिल हैं, जो अत्यंत दु:खद और निंदनीय है। मंच के सदस्यों ने कहा कि यह एक पूरी तरह से अमानवीय और बर्बर कृत्य है, जिसकी किसी भी सूरत में कोई माफी नहीं हो सकती। मंच ने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की कि दोषियों को शीघ्र न्याय के कटघरे में लाया जाए और उन्हें सख्त सजा दी जाए। बैठक के उपरांत संध्या 7 बजे रिवर साइड भुरकुंडा में एक शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन भी किया गया। विरोध-प्रदर्शन में नसीम अख्तर, डॉ. एसजे अख्तर, डॉ. शकील अहमद, डॉ. क्यू अली, हबीबुल्लाह, मोहम्मद शैफुद्दीन, शमील, रफीक, इकबाल, हारून, नौशाद, शाहिद, जेशान, सुफियां, इबरार आलम, जमालुद्दीन, सदरूद्दीन, खुर्शीद आलम, अफरोज आलम, रूसतम अली, इरफान, साकिब, अख्तर इमाम सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

### ए ला एंग्लाइज में लगा हेल्थ कैंप

भुरकुंडा (रामगढ़)। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में शुक्रवार को एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन जिंदल फाउंडेशन की पहल किशोरी एक्सप्रेस टीम द्वारा किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किशोरियों में एनीमिया की पहचान करना, जागरूकता बढ़ाना और पोषण संबंधी सलाह देना था। यह अभियान जिंदल समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नवीन जिंदल की पत्नी एवं समाजसेविका शालू जिंदल के मार्गदर्शन में संचालित एक स्वप्निल परियोजना है। शिविर में छात्राओं की हीमोग्लोबिन की जांच, वजन और ऊंचाई मापने के साथ सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। किशोरी एक्सप्रेस टीम में सुरेंद्र कुमार (खून जांचकर्ता), कुमारी गीता (काउंसलर) एवं फुलेश्वर महतो (चालक) ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एनीमिया के कारण, लक्षण, रोकथाम तथा आयरन युक्त संतुलित आहार के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने किशोरी एक्सप्रेस टीम का स्वागत करते हुए जिंदल फाउंडेशन का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में मील का पत्थर साबित होते हैं। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि यह शिविर ह्यएनीमिया मुक्त भारतह्न के लक्ष्य की दिशा में एक सशक्त और प्रभावशाली कदम साबित होगा। शिविर में जरूरतमंद छात्राओं को आयरन की गोलियां, सेनेटरी पैड, पोषण खाद्य सामग्री के साथ-साथ एनीमिया विनर और चैंपियन बैच वितरित किए गए।

### श्रमिक संघ की कमेटी का पुनर्गठन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ सयाल ब्रांच कमेटी की बैठक शुक्रवार को सयाल स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता शंकर सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के केंद्रीय महामंत्री सतीश सिन्हा के साथ एरिया सचिव संजय मिश्रा, एरिया अध्यक्ष इंद्रदेव राम एवं केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर भी शामिल हुए। इस दौरान सयाल ब्रांच कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें कई नए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पुनर्गठित कमेटी में शंकर सिंह को अध्यक्ष, विनोद कुमार को सचिव, लोकेश कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, बलराज फुलड़िया एवं चंद्रदेव सिंह को उपाध्यक्ष, विवेकानंद ठाकुर, शंभू यादव, अंजन कुमार एवं दिना भुंइया को सह-सचिव, सुदेश्वर दुसाध को संगठन मंत्री, अशोक कुमार को सह-संगठन मंत्री, शंभूनाथ को कोषाध्यक्ष एवं महेंद्र चौहान को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में लाल मोहन महली, बंधु बाबू, अनिल सिंह खरवार, अशोक कुमार, राजेंद्र, आलम, इंद्रदयाल यादव, संगीता कुमारी, मुन्ना कुमार, राज किशोर बेदिया एवं रामचंद्र पासवान को शामिल किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा कि अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ कोल इंडिया में तेजी से विस्तार कर रहा है और इसके साथ ही यूनियन की जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्होंने बरका-सयाल क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए कहा कि सयाल, बिरसा और उरीमारी क्षेत्र के पावर हाउस एवं रोड सेल में लोडिंग चार्ज के नाम पर सेल संचालन समिति और प्रबंधन द्वारा करोड़ों रुपये की उगाही की जा रही है।

# सड़कों पर आवारा पशु बढ़ा रहे हादसे का खतरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** क्या आप हजारीबाग की सड़कों पर सुरक्षित हैं? शहर की पहचान कभी हरे-भरे जंगलों और शांत वातावरण से होती थी, लेकिन अब वही शहर एक अदृश्य और अनियंत्रित खतरे की चपेट में है। न सड़कों पर चलना सुरक्षित है, न ही बाजार जाना क्योंकि अब यहां हर मोड़ पर जानलेवा आवारा खतरे घात लगाए बैठे हैं। शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक, सब्जी मंडी, इन दिनों किसी फार्महाउस से कम नहीं लगती। फर्क बस इतना है कि यहां इंसान कम और गाय-बैल ज्यादा नजर आते हैं। भूख से बेहाल ये आवारा पशु खुलेआम सब्जी और फल के ठेलों पर टूट पड़ते हैं। कई बार इन्हीं की धक्कामुक्की में महिलाएं और बच्चे जमीन पर गिरकर बुरी तरह घायल हो चुके हैं। ताजा मामला दो दिन पहले का है जब एक वृद्ध महिला को अचानक पीछे से आए सांढ़ ने टक्कर मार दी, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गईं। लेकिन यह खतरा सिर्फ सींगों तक सीमित नहीं है। हजारीबाग की सड़कों पर आवारा कुत्तों की फौज खौफ का दूसरा चेहरा बन जाती है। मोहल्लों में अकेले लौटते लोगों पर ये झुंड बनाकर हमला करते हैं। बीते एक महीने में 15 से ज्यादा लोगों के काटे जाने की पुष्टि हो चुकी है। आश्चर्य की बात यह है कि स्थानीय प्रशासन की आंखें अभी भी बंद हैं। न कोई ठोस योजना, न कोई कार्रवाई। जनता हर दिन डर के साए में जी रही है और जिम्मेदार अधिकारी महज औपचारिक बैठकों में व्यस्त हैं। सवाल ये है कि क्या हजारीबाग की सड़कों पर अब इंसानों का नहीं, पशुओं का राज है? शहर को एक बार फिर सुरक्षित बनाने के लिए जरूरी है कि प्रशासन जागे, सख्त कदम उठाए और इस बेलगाम खतरे को रोके, वरना अगला शिकार कोई भी हो सकता है शायद हम या आप।

# घाटी में ओवर स्पीड पर रोक लगायें : उपायुक्त

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीसी और एसपी ने दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली।

उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु लगाई गई साइन बोर्ड की संख्या में वृद्धि कर वाहनों का स्पीड कम करने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त के द्वारा घाटी में ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने, घाटी में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे, वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलने व अवैध परिवहन पर लगाम लगाने हेतु समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना के दौरान अस्पताल पहुंचने वाले मददगारों को सम्मानित करने एवं का निर्देश दिया ताकि लोगों में जागरूकता पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं जिससे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जीवन को बचा सके। वहीं उन्होंने हिट एंड रन से संबंधित योजना की लाभ प्रक्रिया को बताते हुए बैनर पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जिले के सभी क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों में जागरूकता फैले और वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें जिससे हो रही दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इन सबके अलावा बैठक के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/ अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपेंद्रनाथ मालाकार को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



**बड़कागांव।** बड़कागांव के दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्रनाथ मालाकार की आठवीं पुण्यतिथि का आयोजन एसएस चौरसिया रेसीडेंसी में श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार उग्रसेन गिरी ने की, जबकि संचालन सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय मालाकार की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और एक मिनट का मौन रखकर की गई। उपस्थित पत्रकारों और गणमान्य लोगों ने उनके साहसी और निष्पक्ष पत्रकारिता के योगदान को याद किया। सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने कहा कि उपेंद्रनाथ मालाकार एक निर्भीक और निडर पत्रकार थे, जो क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को बिना किसी डर के उजागर करते थे। कार्यक्रम में शिव शंकर कुमार, दीपक सिन्हा, पिंटू कुशवाहा, अमित मालाकार, विकास रंजन समेत कई पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से भी जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और समाजसेवियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### रामगढ़ के कई वार्डों में सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी ने युवतियों को दिया लहंगा



**कुजू।** सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा उपलब्ध कराया गया लहंगा को रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्डों के गरीब परिवार के बीच वितरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरि ने रिंकू कुमारी, किरण कुमारी , श्रुति कुमारी, नंदनी कुमारी , पुष्पा कुमारी आदि के बीच लहंगा का वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह, वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, दिलेश्वर कुशवाहा, विनोद प्रसाद, रोहन लाल, विनोद कुशवाहा, नारायण यादव, अर्जुन कुशवाहा, नारायण महतो, सावित्री देवी, महेंद्र कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा आदि शामिल थे।

### आतंकियों पर जल्द हो कार्रवाई : प्रजापति



**कुजू।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं पर हुए हमले पर भाजपा ओबीसी मोर्चा रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने गहरा दु:ख व्यक्त करते आक्रोश जताया है। जगेश्वर प्रजापति ने इस्लामिक आतंकी द्वारा निर्दोष 28 हिंदू पर्यटकों का हुए मौत मामले को पूरी तरह से अमानवीय और निंदनीय बताया हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस हमले से अत्यंत दुखी और क्षुब्ध हूँ। मेरी संवेदनाएँ शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। पूरा देश इस मुश्किल घड़ी में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकी हमले का जल्द से जल्द जवाब देने की मांग की है।

## हजारीबाग में निर्माणाधीन जेल का गृह सचिव ने किया निरीक्षण



हजारीबाग। झारखंड का पहला हजारीबाग में बन रहे हाई सिक्योरिटी जेल का निरीक्षण शुक्रवार को गृह सचिव वंदना दादेल ने किया। इस अवसर पर कारा महानिरीक्षक सुदर्शन मंडल, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, जेल अधीक्षक जितेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। गृह सचिव ने जेल परिसर का विस्तृत दौरा कर निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से तकनीकी पहलुओं पर जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह जेल 18.20 एकड़ क्षेत्र में बनाया जा रहा है, जिसमें 280 कैदियों के रखने की व्यवस्था होगी। यह विशेष रूप से हार्डकोर उग्रवादियों और खतरनाक अपराधियों के लिए तैयार किया जा रहा है, जहां अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों से निगरानी की व्यवस्था रहेगी। कैदियों के सेल में बिजली का पॉइंट नहीं होगा, जिससे सुरक्षा में कोई चूक न हो। जेल परिसर में सेल, अस्पताल, आवासीय भवन, पाकशाला, ड्रेनेज, वर्षा जल संचयन, अग्निशमन प्रणाली, वॉच टावर सहित कई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस परियोजना पर 87.65 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

# बरही में शिक्षकों ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

खबर मन्त्र संवाददता



**बरही।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ बरही इकाई ने कड़ा प्रतिकार जताया। राज्य कार्यकारिणी के निर्देश पर संघ के सभी सदस्यों ने काला बिल्ला लगाकर विद्यालयों में शिक्षण कार्य किया। संघ के प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या कुम्हार ने इस घटना को मानवता पर कलंक बताते हुए कहा कि यह कायरतापूर्ण हमला पूरे देश को मर्माहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध अब कड़ी और निर्णायक कार्रवाई होनी चाहिए। इस विरोध में अयोध्या कुम्हार, पीताम्बर प्रसाद, पूनम कुमारी, कृष्ण कुमार मिश्रा, भिखु दास, विकास पासवान, एहसान अहमद, अजय निषाद, शशि भूषण, मिथिलेश प्रसाद, राजेंद्र आर्य समेत तमाम शिक्षक शामिल रहे। वहीं प्रखंड सचिव मथुरा प्रसाद के नेतृत्व में उच्च विद्यालय बरही में भी शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर तुलसी कुमार दास, अरुण कुमार, रामचंद्र यादव, सुनीता कुमारी, नीतू सिंह, उपेंद्र रजक, अभिमन्यु यादव, लालू उरांव सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

२५ है पी ६: विरोध दर्ज करते शिक्षक पहलगाम में आतंकी हमले

### एकल विद्यालय आचार्यो ने निकाला आक्रोश मार्च

एकल ग्राम संगठन की ओर से बरही में अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च का शुभारंभ न्यू रेलवे कॉलोनी स्थित अंचल कार्यालय से हुआ। सैंकड़ों की संख्या में आचार्य एवं एकल ग्राम संगठन से जुड़े सेवा व्रती कार्यकर्ता, समिति सदस्य जुलुश के शक्ल में बरही के चारों मार्गो का भ्रमण करते हुए बरही चौक के गोलंबर में जमा हुए। श्रद्धांजलि सभा हुई। 28 मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय विधि सचिव आत्मानंद पांडेय, संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, एकल अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति , एकल बरही संच अध्यक्ष बिनोद पासवान मुख्य रूप से शामिल होकर आतंकी घटना की निंदा की। मौके पर एकल अभियान प्रमुख बिनोद कुमार, अंचल ब्यास अजय यादव ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए बौद्धिक की प्रस्तुति दी। आक्रोश मार्च ी शीला देवी, पदमा सरिता देवी, बरकट्ठा प्रकाश पंडित, चौपारण नंदकेसरी देवी, अभिषेक कुमार, अजय यादव, मोहित पाठक, नरेश पासवान, संच बरही आचार्य का नाम अनीता देवी ,कौशल्या देवी , राखी कुमारी , गायत्री देवी , रानी देवी , पुष्पा देवी , मालती देवी , सविता देवी , क्रांति कुमारी व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में छात्र संघ के अध्यक्ष बने रवि कुमार



हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में शुक्रवार को सत्र 2024-26 के लिए छात्र संघ का चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए रवि कुमार मेहता और आशीष भारती के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें रवि ने 40 वोट प्राप्त कर 10 मतों से जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद पर सुराका अख्तर ने 45 वोट के साथ सुदामा को 20 मतों से हराया।सचिव पद के लिए सचिन कुमार ने 50 वोट पाकर भविष्य कुमार को 30 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर आजम हुसैन ने 48 वोट प्राप्त कर मीनाक्षी कुमारी को 26 मतों से पराजित किया। रूप राजश्री ने सांस्कृतिक मंत्री पद पर 55 वोट के साथ अंजलि कुमारी को 40 वोट के अंतर से हराया। पुस्तकालय मंत्री के लिए आशीष कुमार ने 42 वोट लेकर राखी कुमारी को 14 मतों से हराया। प्राचार्या डॉ. बसुंधरा कुमारी ने विजयी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र दिया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में एनएसएस को-ऑर्डिनेटर एसएस. मैती, अंजलि और स्नेहलता खलखो उपस्थित थे।

### हजारीबाग में आज बाजार रहेगा बंद : चेंबर



**हजारीबाग।** अग्रसेन भवन के सभागार में फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की बैठक हुई, बैठक में निर्णय लिया गया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 सैलानियों की नृशंस हत्या के विरोध में शनिवार को हजारीबाग में बाजार पूर्ण रूप से बंद रहेगा। बंद को सभी व्यापारिक वर्गों ने अपना समर्थन दिया है, जिनमें खाद्यान्न, हार्डवेयर, स्टेशनरी, कपड़ा, मोबाइल, जूता-चप्पल, होटल, किताब व अन्य व्यवसाय शामिल हैं। सैकड़ों की संख्या में व्यापारी इस बैठक में उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा की। चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि यह बंद आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक है। बैठक में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में नीरज अग्रवाल, तारीख राजा, साजिद अख्तर, हंसराज अग्रवाल, विजय लोहारिया, राकेश ठाकुर, प्रदीप अग्रवाल, मोहम्मद शहजाद व मोहम्मद जमाल सहित अन्य व्यापारी शामिल थे।

### टाटीझरिया में सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक



**टाटीझरिया।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को टाटीझरिया प्रखड सभागार में बैठक हुई। बैठक की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन और पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि देकर की गई। बैठक में बीडीओ, सीओ, प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख, सभी पंचायतों के मुखिया, जिला ग्रामीण विकास समिति हजारीबाग के कोषाध्यक्ष रंजय कुमार भारती और प्रखंड कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। मुख्य वक्ता के रूप में सड़क सुरक्षा हिट एंड रन अभियान के जिला स्तरीय सदस्य व जिला ग्रामीण विकास समिति, रांची के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि यातायात नियम अपनायें, सुरक्षित पंचायत बनायें।उन्होंने बताया कि टाटीझरिया प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में 27 व 28 अप्रैल को सुबह 10:30 से शाम 5:00 बजे तक सड़क सुरक्षा पर आधारित विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी और इच्छुक लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस भी न्यूनतम खर्च में बनवाया जाएगा।

### पूर्व विधायक ने आस्था को किया सम्मानित

बरही। जरहिया निवासी शिवशरण गोप की पुत्री आस्था शरण को यूपीएससी में ऑल इंडिया में 354 वां रैंक मिलने पर बरही विधानसभा के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने शुक्रवार को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राजकुमार ने न केवल बरही, हजारीबाग का बल्कि पूरे राज्य का नाम रौशन किया आस्था की इस सफलता से यह सिद्ध कर दिखाया कि मेहनत कभी बेकार नही जाता। वे एक साधारण परिवार से संबंध रखती है। इस सफलता से बरही एवं चौपारण के मेहनतकश छात्र छात्राओं को प्रेरित करेगी। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शरीफुल हक एवं अरुण यादव समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

### कोनार जंगल में महिला-पुरुष का शव बरामद

**विष्णुगढ़।** कोनार डैम जंगल में एक महिला और एक पुरुष का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान विजय कुमार महतो (35 वर्ष), पिता मोहन महतो, और तिली कुमारी, पति मुकेश कुमार महतो, दोनों निवासी ग्राम जरिडीह बाजार, थाना गांधीनगर, जिला बोकारो के रूप में की गई है। इस मामले में मृतका तिली कुमारी की मां पनवा देवी, पति भीम महतो, ग्राम कुसुंभा, थाना विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग ने विष्णुगढ़ थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी बेटी के पति मुकेश कुमार महतो और अन्य के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है।

### मईया योजना के लिए ब्लॉक में जमा होगा आवेदन

हजारीबाग। मईया सम्मान योजना के आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब इस योजना के अंतर्गत आवेदन प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से नहीं किया जा सकेगा। इच्छुक योग्य महिलाएं अब सीधे बीडीओ व सीओ के कार्यालय जाकर ही आवेदन कर सकेंगी। यह योजना राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने ?2500 की वित्तीय सहायता उनके आधार से जुड़े बैंक खाते में दी जाती है। पात्रता के अनुसार, लाभार्थी महिला झारखंड की स्थायी निवासी होनी चाहिए, जिसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो। वह या उसके पति किसी भी सरकारी या अर्ध-सरकारी सेवा में कार्यरत या पेंशनधारी नहीं होने चाहिए। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो और स्व-घोषणा पत्र शामिल हैं।

### प्राधिकार ने ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी

**बरही।** बरही प्रखंड के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने शिविर में ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चीफ डिफेंस काउंसिल मुरली राणा और पीएलवी विकास पांडे ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पारा लीगल वॉलिंटियर्स भी उपस्थित थे।विकाश कुमार पांडेय ने डीएलएसए की प्रासंगिकता से अवगत कराते हुए कहा कि डीएलएसए की सहायता से कोई भी व्यक्ति जो गरीब वंचित हैं वो आसानी से न्याय पा सकते हैं। प्री-लिटिगेशन और मध्यस्थता प्रक्रिया के लिए भी वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सहायता ले सकते हैं। चीफ एलएडीसी ने कानून की विभिन्न धाराओं और कानूनी अधिकारों से ग्रामीणों को अवगत कराया। कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार नि:शूल्क कानूनी सुविधा जरुरतमंदों को प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर टौल फ्री नंबर 15100 को इस्तेमाल करने की भी सलाह दी। बरही के बाद करियातपुर और कोल्हुआकला पंचायत में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## 27 से आयोजित योग शिविर को सफल बनाने का निर्णय

**कोडरमा।** पतंजलि योग समिति हरिद्वार से विश्व योग गुरु रामदेव बाबा के शिष्य विश्वदेव और कौशलदेव के कोडरमा आगमन को लेकर पतंजलि कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में संगठन प्रभारी अजित कुमार आजाद ने बताया कि डोमचांच में 27 अप्रैल से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय योग शिविर में शामिल होने को लेकर हरिद्वार से योग गुरु के शिष्य विश्वदेव और कौशलदेव का आगमन हो रहा है। शिविर को सफल बनाने के लिए पतंजलि के पांचों संगठन जोर शोर से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। बैठक के दौरान तीन दिवसीय योग शिविर को सफल बनाने, शिविर में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करवाने आदि को लेकर कई निर्णय लिए गए। मौके पर भारत स्वाभिमान प्रभारी डिलो साव, राम पुकार, चन्द्रलता बर्णवाल, कलावती देवी, सुनीता भगत, कंचन बर्णवाल, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

# पशु तस्करी के आरोप में पांच गिरफ्तार

## पुलिस ने दो बोलेरो पिकअप वाहन में लोड 30 पाड़ा को वाहन समेत किया जब्त

- **पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कोडरमा।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बागीटांड़ चेकनाका के समीप से दो बोलेरो पिकअप वाहन बीआर 01जीपी5220 और बीआर01 जीएन6183 में अवैध रूप से लोड 30 भैंस का बच्चा (पाड़ा) को वाहन समेत जब्त किया है। वहीं दोनों वाहनों में सवार चालक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हिलसा नालंदा बिहार निवासी चालक विष्णुपद कुमार पिता स्व. मंटू प्रसाद, साकिन मुर्गियाचक हिलसा नालंदा निवासी, रौशन कुमार पिता महेश प्रसाद, लालजी बिगहा थाना इस्लामपुर नालंदा निवासी, चालक राजेश कुमार पिता शोभी प्रसाद, भातु बिगहा नालंदा निवासी, मल्लू प्रसाद पिता बिन्देश्वरी प्रसाद और परवलपुर नालंदा निवासी शशि कुमार पिता योगेंद्र प्रसाद के नाम शामिल हैं। घटना को लेकर कोडरमा थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक अनुरंजन कुमार के बयान पर कांड संख्या 71/25 में मामला दर्ज किया गया। दर्ज मामले में एएसआई ने कहा है कि वह पुलिस टीम के साथ बीती रात्रि को गश्ती कर रहा था, इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि पशु तस्कर दो वाहनों में अवैध रूप से पशुओं को लोड कर बिहार के हिलसा से तस्करी कर बोकारो ले जा रहे हैं। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए बागीटांड़ चेकनाका के समीप वाहन जांच अभियान शुरू किया। इस दौरान उपरोक्त दोनों वाहनों में ठूंस ठूंस कर 14 और 16 कुल 30 भैंस का बच्चा (पाड़ा) बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने पशुओं से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया।

## खबर एक नजर में

### डीसी ने जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनीं



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेयजलापूर्ति से संबंधित, दिव्यांग ट्राई साइकिल, शिक्षा विभाग से संबंधित, उग्रवादी हिंसा में मारे गए मृतकों के आश्रितों को मुआवजा से संबंधित, समेत अन्य मामले शामिल हैं। एक-एक कर सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर आयोजित



**चतरा।** उद्योग विभाग झारखंड सरकार एवं औद्योगिक जनसंरचना विकास निगम द्वारा एमएसएमई के प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विश्व बैंक समर्थित रैंप कार्यक्रम के तहत, शुक्रवार को आरसेटी चतरा में उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य एमएसएमई को औपचारिक रूप देना, उद्यमिता प्रक्रिया को सरल बनाना एमएसएमई को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। आयोजित शिविर के दौरान 30 उद्यमियों ने ऑन स्पॉट पंजीकरण करवाया। जिससे जिले में औपचारिक एमएसएमई इकाइयों की संख्या में वृद्धि हुई है। बताते चले कि एमएसएमई मंत्रालय द्वारा राज्य के रैंप कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 19 परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई है, जिसमे दो परियोजनाओं एमएसएमई औपचारिकरण और सुविधा केंद्रों की स्थापना को राज्य रैंप समिति ने 7 मार्च 2025 को मंजूरी दी थी। ईओडीबी मैनेजरों को इन परियोजनाओं के जिला स्तर पर क्रियान्वयन हेतु नोडल नियुक्त किया गया है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी प्रबंधक, ईओडीबी प्रबंधक, आरसेटी डायरेक्टर समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**हंटरगंज/चतरा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस कायराना हमले में कई निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई. जिससे देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। इसी क्रम में शुक्रवार की शाम हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के उरैली पंचायत अन्तर्गत धरधारा गांव में युवा ग्रुप के द्वारा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च धरधारा स्कूल से प्रारंभ होकर धरधारा स्थित सुल्ताना टाड़ तक निकाला गया। जहाँ पाकिस्तान के खिलाफ रोष व्यक्त किया गया, तथा सभी युवाओं ने एकत्र होकर पाकिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान मुदार्बाद के जमकर नारेबाजी की तत्पश्चात घटना में मारे लोगों को श्रद्धांजलि तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। इस दौरान युवाओं ने सरकार से अनुरोध कि सरकार जिहादियों पर अतिशीघ्र कार्यवाही करें उन्होने चेतावनी भरे स्वर मे कहा कि एक दिन भारत के युवा इन आतंकियों को घर मे घुसकर मुंह तोड़ जवाब देने को मजबूर होगा। आतंकियों के विरोध मे युवाओं के द्वारा आतंकी हमले मे मारे गए लोगो की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन व्रत किया गया,तथा एक शोक सभा की गई। इस अवसर पर अमित श्रीवास्तव ,प्रियदर्शी कुमार, हृदय चौधरी, राजू पासवान ,नंदन कुमार, गोलू गोल्ड, मनीष कुमार,आशीष कुमार,पवन कुमार, शिवम कुमार, मुकेश कुमार,निकेश कुमार ,चंदन कुमार,सौरभ,संपत,ओमप्रकाश,अंतिश, रघुनंदन, शिवा, दीपक दास, अजय यादव, शनि कुमार , ग्रेश कुमार, रवि गुप्ता,बिक्की कुमार , नट्टू कुमार के साथ सैकड़ों संख्या में युवा शामिल लोग हुए।

### विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस दौरान एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमें चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर वेद प्रकाश के द्वारा मलेरिया के बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाएं उपस्थित ग्रामीणों को घर के आसपास स्वच्छता अभियान चलने घर के आसपास पानी का जमाव नहीं होने देने की बात कही जमाव पानी में ही मच्छर रहते हैं और उसी के काटने से मलेरिया फैलती है वही किसी भी व्यक्ति को अगर ठंड देकर बुखार लग रहा है वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आकर जांच कराये अगर किसी भी व्यक्ति को मलेरिया पॉजीटिव पाए जाते हैं उनको फ्री में दवाई दी जाएगी। वही उन्होंने आगे कहा कि मलेरिया के लक्षण दिखते ही नजदीकी अस्पताल में खून की जांच करवानी चाहिए। समय पर उपचार मिलने से मरीज 3 दिन में बेहतर महसूस करने लगता है। इस बीमारी में लापरवाही जान के लिए खतरनाक हो सकती है। इस मौके पर डॉ विभा कुमारी, डॉ जे भूषण, बीपीएम संजय सिन्हा, एमटीएस राजेश कुमार, एमपीडब्ल्यू सौरभ कुमार, लैब टेक्नीशियन सुधीर कुमार, देवानंद कुमार, फार्मासिस्ट विद्यानंद, शिवेंदु कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर वीरेंद्र कुमार, के अलावा काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### जामा मस्जिद कमेटी ने काली पट्टी बांधकर हमले की निंदा की



**इटखोरी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में इटखोरी जमा मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कमेटी के सभी सदस्य काली पट्टी बांधकर हमले की निंदा की और शांति व एकता का संदेश दिया। इस प्रदर्शन में कमेटी के सदस्य गोल्डेन आलम, मो. इम्तियाज, मो. वकील, पप्पू मियां, डॉलर मियां, अकरम, अबू दाऊद, रियाद सिद्दीकी, मो. साहेब सहित कई लोग शामिल हुए। कमेटी के सदस्यों ने कहा कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता और देश की एकता-अखंडता को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। कमेटी के सदस्यों ने सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और देश में अमन-चैन की दुआ की।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर आयोजित



**सतगावां (कोडरमा)।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी कोडरमा के तत्वावधान में सिविल सर्जन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष अजित बर्णवाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.रामाशीष चौधरी, थाना प्रभारी सौरव कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान सोसायटी अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 6-6 माह पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से 70 प्रतिशत हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। वहीं उन्होंने बताया कि जिले में 60 बच्चे कोलेसिमिया के मरीज हैं। जिसके लिए प्रत्येक माह ब्लड की आवश्यकता होती है। रक्तदान करने वालों में थाना प्रभारी सौरव कुमार शर्मा, रमिता कुमारी, शिवम कुमार, अंकित कुमार, विक्की कुमार, विपुल कुमार, विकास कुमार आदि के नाम शामिल हैं। मौके पर डॉ.आशीष कुमार यादव, बीपीएम मनोज राम, विनय कुमार, विपुल कुमार, श्यामा कांत, श्रीकांत, शिवम कुमार, अमन कुमार, एसएन. सिंह, मंटू कुमार, पंकज गुप्ता आदि मौजूद थे।

### रमेश प्रसाद यादव बीएड कॉलेज में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर व्याख्यान का आयोजन



**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तीन दिवसीय स्पेशल लेक्चर सिरीज के दूसरे दिन भारतीय ज्ञान प्रणाली पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर एमिनेंट स्पीकर के रूप में डॉ. भूपेंद्र ठाकुर, प्राचार्य, बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ, एमिनेंट स्पीकर, प्राचार्य सहायक प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार द्वारा अतिथि को पुष्पगुच्छ, पौधा व शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश एवं स्वागत भाषण सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमिनेंट स्पीकर डॉ.भूपेन्द्र ठाकुर ने प्रशिक्षुओं को विषय से संबंधित बातों से अवगत कराते हुए विभिन्न उदाहरणों के साथ अपने विचारों को साझा किया। मौके पर डॉ. संजीव कुमार, मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, आनंद कुमार, मिथलेश कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, गौरव कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षु मौजूद थे।

## बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित हो रहे प्रतिष्ठान होंगे सील : एसडीओ



**झुमरीतिलैया** (कोडरमा)। शहर के बाइपास रोड में सर्विस लाइन पर अतिक्रमण कर मोटर गैराज चलाने वालों व अन्य के विरुद्ध शुक्रवार को कार्रवाई की गयी। वहीं एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने महाराणा प्रताप चौक से लेकर इंदरवा चौक तक दोनों ओर सर्विस लेन में अतिक्रमण कर वाहन खड़ा करने वालों, गुमटी संचालित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। करीब आधा दर्जन वाहनों पर अनलाइन जुर्माना लगाया गया। वहीं एसडीओ ने कहा कि सर्विस लेन को पूरी तरह खाली रखें, ताकि आम लोगों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। वहीं उन्होंने कुछ वाहनों चालकों से दोबारा सर्विस लेन में गाड़ी पार्क नहीं करने को लेकर बांड भरवाया जायेगा। वहीं एसडीओ ने बताया कि इस तरह का जांच अभियान आगे भी जारी रहेगी। अभियान में डीटीओ विजय कुमार सोनी, नगर प्रबन्धक लेमांशु कुमार, रेवेन्यू इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार मेहता, सफाई निरीक्षक राजू राम, मिल्टन टंडन, बिमल कुमार, दुलारचंद्र यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, राजेश मोदी, संजय कुमार दास समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## विश्व मलेरिया दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**कोडरमा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, साथ ही जागरूकता को लेकर प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से आए बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एमपीडब्ल्यू) एवं सहिया तथा जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए। वहीं जिला अंतर्गत 2024 में वेक्टर जनित रोग के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक प्रखंड से दो सहिया एवं दो एमपीडब्ल्यू को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। वहीं जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को मलेरिया से बचाव एवं इसकी रोकथाम को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं जिला भीबीडी कार्यालय से शंभू कुमार द्वारा विगत 5 वर्षों का मलेरिया का आंकड़ा प्रस्तुत किया गया एवं बताया गया कि मलेरिया की जांच में वृद्धि हुई है तथा मलेरिया के मरीजों में कमी पाई गई है। वहीं सिविल सर्जन द्वारा सभी कर्मियों को निदेष दिया कि मलेरिया की जांच, उपचार एवं जागरूकता जन-जन तक पहुंचाएं तथा मलेरिया से मुक्ति पाएं।

## बैक टू स्कूल कैंपेन स्कूल रुआर को लेकर बैठक



**कोडरमा।** उपायुक्त के निर्देशानुसार शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए प्रखंड स्तरीय बैक टू स्कूल कैंपेन अंतर्गत स्कूल रु-आर 2025 को लेकर प्रखंड सभागार कोडरमा एवं जयनगर में बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में प्रखंड प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के भविष्य संवारने पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि गांव मुहल्ले के बच्चे-बच्चियां किसी कारण से विद्यालय में नामांकित नहीं है, वैसे छीजित बच्चों को विद्यालय वापस लाने तथा विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ प्रखंड स्तरीय स्कूल रु-आर बैठक किया गया। वहीं बीडीओ ने कहा कि स्कूल रुआर 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करनी है। शिक्षकों की शत प्रतिशत जिम्मेवारी है कि अपने पोषक क्षेत्र के बच्चों के समग्र विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि 5 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का नजदीकी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराया जाना है, साथ ही पार गमन ट्रांजीशन वर्ग प्रोन्नति भी शत प्रतिशत हो यह सुनिश्चित किया जाय। कार्यशाला में सीओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावे प्रखंड क्षेत्र के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्ले ग्रुप से केजी टू तक के उत्कृष्ट छात्रों को किया गया सम्मानित



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मॉडर्न किड्स पैराडाइस के छात्रों के लिए सत्र 2024-25 के कक्षा प्ले ग्रुप से केजी टू तक के शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। वहीं निदेशिका एवं प्राचार्य के लारा छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात निदेशिका संगीता शर्मा, प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि भावना सिंह के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर की गयी। समारोह में छात्रों के साथ उनके अभिभावकों ने भी सहभागिता की। वहीं निदेशिका ने अपने संबोधन में कहा की प्रारंभिक शिक्षा किसी भी बच्चे के जीवन की नींव होती है और इन बच्चो ने इस नींव को मजबूती से रखने में सराहनीय कार्य किया है। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने छात्रों की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक प्रेरणादायक यात्रा की शुरुवात है और इससे छात्रों में अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वाश जैसे मूल्यों को अपनाने में सहयोगी साबित होगी। इस कार्यक्रम में कक्षा प्ले ग्रुप से केजी टू तक के छात्रों को बेस्ट परफॉर्मर, टॉप स्कोरर, मोस्ट ओबेडिएंट, मोस्ट एक्टिव एवं बेस्ट अटेंडेंस के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## डीडीसी ने कई पंचायतों में आवास व मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण

- **योग्य लाभुकों का आवास योजना करें स्वीकृत : ऋतुराज**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में मरकच्चो प्रखंड सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस (2.0) सर्वे कार्य, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना एवं मनरेगा योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवास स्वीकृति हेतु विभाग से प्राप्त लक्ष्य 292 के विरुद्ध मात्र 236 योग्य लाभुकों का आवास स्वीकृत किया गया है। समीक्षा बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि योग्य लाभुकों का तीन दिनों के अंदर शत प्रतिशत स्वीकृत करायें। आवास प्लस (2.0) अंतर्गत नए योग्य लाभुकों का सर्वे के लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ाई गई है। सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि योग्य परिवार का सर्वे कार्य पूर्ण कर लें। साथ ही जेएसएलपीएस टीम को निर्देशित किया गया कि पंचायत स्तर पर सर्वेक्षित सूची में सत्यापन कर लें कि कोई योग्य लाभुक सर्वे हेतु नहीं छुटा हैं।

वहीं अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास को पूर्ण किया गया है, अंतिम किश्त की राशि का भुगतान बहुत कम हुआ हैं। सभी पंचायत सचिव को निदेशित किया गया कि अबुआ आवास पूर्णता प्रमाण पत्र निर्गत करते हुए एक सप्ताह के अन्दर सभी लंबित भुगतान के लिये प्रस्ताव भेजें। वहीं मनरेगा योजना अंतर्गत कूप योजनाओं को शुरू करने हेतु ग्राम रोजगार सेवक को निदेश दिया गया। पुराने योजनाओं को पूर्ण करने हेतु एक सप्ताह के अंदर सभी ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को निदेश दिया गया।

बैठक में सभी पंचायतों के पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, प्रखंड समन्वयक, बीडीओ एवं जिला स्तर से लोकपाल, परियोजना पदाधिकारी, परियोजना अर्थशास्त्री, जिला समन्वयक, प्रशिक्षण समन्वयक उपस्थित थे।

## जेएसएमडीसी की जमीन पर कब्जा करने वालों को मिला नोटिस

- **एसडीओ ने किया निरीक्षण, अंचल कार्यालय में कागजात प्रस्तुत करने का दिया निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गांधी स्कूल रोड में जेएसएमडीसी की जमीन पर किये गये अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वहीं एसडीओ रिया सिंह ने एक दिन पूर्व गुमो मौजा स्थित विवादित भूमि का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने यहां अवैध रूप से किये गये निर्माण को देखा निरीक्षण के बाद उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया जाये और उनसे दस्तावेज मांगा जाये। यह जमीन खाता संख्या-220, प्लॉट संख्या-6213 (रकबा 100.10 एकड़) एवं प्लॉट संख्या-6215 (रकबा 54 एकड़) में स्थित है, जो गैरमजरूआ खास खाते की सरकारी भूमि है और जेएसएमडीसी के नाम दर्ज है। इस पर कोई भी निर्माण कार्य करना अथवा खरीद-बिक्री करना नियम विरुद्ध है।

वहीं कोडरमा सीओ हलधर कुमार सेठी ने एसडीओ के आदेश पर वहां रह रहे लोगों को अंचल कार्यालय में अपने-अपने राजस्व कागजात प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। दस्तावेजों की जांच के बाद यह तय किया जायेगा कि किसका कब्जा वैध है और किसका नहीं। वहीं प्रशासन द्वारा जारी नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई वैध दस्तावेज है, तो उसे शीघ्र प्रस्तुत करें, अन्यथा बाध्य होकर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी और दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई होगी।

ज्ञात हो कि जेएसएमडीसी की उक्त जमीन पर पहले भी कब्जा होता रहा है पूर्व में भू-माफियाओं ने जमीन की प्लॉटिंग कर बेचा था, इस पर हुए निर्माण को पूर्व के डीसी ने अवैध करार देते हुए ध्वस्त करा दिया था इधर, हाल के दिनों में एक बार फिर इसी जमीन को प्लॉटिंग कर बेचे जाने की शिकायत सामने आयी है।

## विद्युत चोरी के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

**सतगावां (कोडरमा)।** विद्युत निगम मुख्यालय रांची के निर्देशानुसार विद्युत ऊर्जा चोरी की रोकथाम को लेकर शुक्रवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान 54 वर्षीय रामचन्द्र यादव, 39 वर्षीय महेश राजवंशी, 35 वर्षीय उदय यादव, 52 वर्षीय अनिल यादव, 52 वर्षीय विजय राम, 49 वर्षीय दिलीप यादव, 62 वर्षीय बाजो महतो, 35 वर्षीय कंचन राउत सभी ग्राम जोगीडीह निवासी शामिल हैं। उक्त लोगों पर विभाग ने कानूनी कार्रवाई करते हुए थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। छापेमारी दल में कनीय विद्युत अभियंता धीरज कुणाल, मानव दिवस कर्मी कुंजेश मिस्त्री, मो.उस्मान गनी, विक्की कुमार व वीरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## बंद घर में चोरी

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलटेक्स के समीप स्थित न्यायालय कर्मी अभय सिंह के बंद घर में चोरों ने हाथ साफ किया। घटना के समय गृह स्वामी अभय सिंह घर में नहीं थे। वहीं बताया जाता है कि वे परिवारजनों के साथ शादी समारोह में पटना गये हुए हैं, इसी बीच चोरों ने बंद घर के दरवाजे को तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह जब पड़ोस के लोगों ने अभय सिंह के घर का दरवाजा खुला पाया तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि विभिन्न पहलुओं से घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल गृहस्वामी कोडरमा में नहीं हैं, पटना गए हुए हैं, उनके आने के बाद ही चोरी की स्पष्ट जानकारी मिल पाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है, ऐसे में चोरी की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। गृहस्वामी को जानकारी दी गयी है, उनके आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

## ग्रिजली विद्यालय ने द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कोच व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में कबड्डी के प्रसिद्ध कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित बलवान सिंह तथा भारतीय राष्ट्रीय कबड्डी टीम के खिलाड़ी मोहित छिल्लर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कोडरमा कबड्डी लीग सीजन-1 की आयोजन समिति के सदस्य विशाल सिंह और कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर भी उपस्थित रहे। वहीं प्राचार्या अंजना कुमारी द्वारा अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन फारिया सबा ने किया, जिन्होंने सर्वप्रथम अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी विंग के कैडेट्स, अनुराग कुमार, असद सैफ, हिमांशु उमर, श्रेयान्श राज, आयुष पांडेय, उत्कर्ष राज और खेल कप्तान अनुराग कुमार, बयज कैप्टन सार्थक सिन्हा तथा गर्ल्स कैप्टन शीतल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं एकता कुमारी ने अतिथियों को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया। बलवान सिंह को 2005 में कबड्डी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

कार्यक्रम के अंत में निदेशक मनीष कप्सिमे व अविनाश सेठ द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर राजीव रंजन सिंह, अमित दास, सुनील कुमार साव आदि मौजूद थे।

# कौलेश्वरी पहाड़ पर अवैध रूप से शराब विक्रेताओं पर चला पुलिसिया डंडा

- **दो दुकानदार हिरासत में, सोशल मीडिया पर शराब बेचने का फोटो भी हो रहा वायरल**
- **मां कौलेश्वरी मन्दिर परिसर के इर्द गिर्द शराब बिक्री बर्दाश्त नहीं : थाना प्रभारी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड क्षेत्र में स्थित सुप्रसिद्ध माता कौलेश्वरी के प्रांगण में दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अंग्रेजी व देशी शराब खुलेआम बेच रहे हैं। सुबह माता के दर्शन व पूजन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं ने दुकानदारों को खुलेआम शराब बेचने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर कर दिया। रामनवमी के समय ही एसडीओ जहूर आलम एवं एसडीपीओ संदीप सुमन ने सभी दुकानदारों को शराब न बेचने की हिदायत दिया था। उसके बावजूद भी दुकानदारों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है की प्रशासनिक चेतावनी के बाद भी काउंटर पर निर्भीक होकर पानी की बोतल के साथ काउंटर पर अंग्रेजी शराब बेचा जा रहा है। शराब को देख पूजा अर्चना करने जा रहे श्रद्धालुओं ने दुकानदार का फोटो खींच सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। दुकानदारों का दबंगई इतना बढ़ गया है की फोटो खींच रहे श्रद्धालु को दुकानदारों ने मारने की धमकी दे डाली। श्रद्धालुओं द्वारा थाना प्रभारी प्रभात कुमार को जैसे ही इसकी सूचना मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए कौलेश्वरी पहाड़ के रास्ते में वेलतरनी के पास शराब बेच रहे दो दुकानदार चतुर्भुज कुमार एवं भिषम कुमार को पुलिस ने पड़कर हिरासत में ले लिया। दुकानदारों पर हुई कार्रवाई से सभी दुकानदारों में हड़कंप मच गई है। शराब को लेकर कौलेश्वरी जाने वाले श्रद्धालुओं ने प्रबंधन समिति के बैठक में कई बार यह मुद्दा उठाया गया है। दुकानदारों द्वारा शराब बिक्री से कौलेश्वरी गर्भ गृह को अशुद्ध कर रहे थे। माता के दरबार जाने वाले श्रद्धालु काफी श्रद्धा से पूरे परिवार के साथ पुजा अर्चना के लिए जाते हैं। ऐसे में खुलेआम शराब की बिक्री से श्रद्धालु असुरक्षित महसूस करते हैं। थाना प्रभारी प्रभात कुमार द्वारा त्वरित करवाई से लोग काफी खुश हैं। लोगों ने प्रभारी की काफी प्रशंसा किया।

थाना प्रभारी ने बताया गिरफ्तार दोनों अभियुक्त पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। शनिवार की सुबह दोनों अभियुक्त को जेल भेज दिया जाएगा। इधर थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने सख्त लफ्जों में कहा है कि मंदिर परिसर के इर्द- गिर्द शराब बिक्री करने वाले दुकानदारों को खैर नहीं पकड़े जाने पर न्यायिक हिरासत में भेजें जाएंगे। इधर इस कार्रवाई के बाद हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र वासियों सहित श्रद्धालुओं ने थाना प्रभारी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

स्पीड न्यूज

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मिशन बदलाव ने निकाला कैंडल मार्च




गुमला। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मिशन बदलाव टीम ने टावर चौक गुमला में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। मौके पर मिशन बदलाव के सदस्यों ने कहा कि पर्यटकों को निशाना बनाकर लश्कर -ए- तैयबा के आतंकवादियों ने कश्मीर पर हमला किया है जो इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है। हम सब मिशन बदलाव परिवार के लोग प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से आग्रह करते हैं कि आतंकवादियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दे। इस निर्मम घटना की कड़ी निंदा करते हुए मिशन बदलाव महिला टीम की जिला सचिव सयदा खातून, मिशन बदलाव परिवार सदस्य गुमला अधिवक्ता सच्चिदानंद गोप, मिशन बदलाव जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साहू एवं विपिन गोप ने भी आतंकवादियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करते हुए गहरा दुख जताया है। कैंडल मार्च में मिशन बदलाव परिवार के ज्योति ग्लोरिया कुजूर, ज्योति वर्मा, प्रकाश तिर्की, हरेंद्र कुमार, चंद्रकला टोप्पो, मकदा खातून, बैबी खातून, अर्जुन उरांव आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने पहलगाम हमले को लेकर काला बिल्ला लगाकर किया काम



गुमला। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड के आह्वान पर अजटा गुमला जिला के शिक्षकों ने शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमला के प्रतिकार के रुप में काला बिल्ला लगाकर अपने अपने विद्यालयों में शिक्षण कार्य किया। गुमला जिलाध्यक्ष रामचंद्र खेरवार, जिला महासचिव सुरंजन कुमार और जिला प्रवक्ता पतिया उरांव के संयुक्त बयान पर 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा हमारे अपने 28 निर्दोष देशवासियों और पर्यटकों की नृशंस हत्या की घोर निंदा करते हुए प्रतिकार के तौर पर काला बिल्ला लगाया गया। संघ इस जघन्य घिनौने कांड की भर्त्सना करता है।

## लायंस क्लब के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में की निंदा



गुमला। लायन्स क्लब आफ गुमला के द्वारा लायन्स भवन में शुक्रवार को अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में पहलगाम में आतंकवादी हमले पर शोक व्यक्त करते हुए घटना की कड़ी निन्दा की। इस अवसर पर लायन्स क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने देश की एकता और अखण्डता बिगाड़ने हेतु धर्म को माध्यम बनाकर यह घटना को अंजाम दिया है। परन्तु आज देश का हर आदमी सरकार के साथ खड़ा है। सभी सदस्यों ने सरकार से उम्मीद जतायी कि आतंकवाद से निबटने के लिए सरकार अवश्य कठोर कदम उठायेगी। लायन्स क्लब गुमला सरकार द्वारा अब तक लिए गए निर्णय का एक स्वर से स्वागत और जोरदार समर्थन करता है। इस अवसर पर लायन्स क्लब गुमला के अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, एमजेएफ डॉ शंकर लाल जाजोदिया, चार्टर सेक्रेटरी मुरली मनोहर प्रसाद, एमजेएफ बनवारी लाल अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, विशाल कुमार, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, पीआरओ योगेंद्र प्रसाद साहू, संजय कुमार साहू, बृज कुमार फोगला, हेमंत कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

## कैंडल मार्च निकाल कर मारवाड़ी युवा मंच व प्रेरणा शाखा ने दी श्रद्धांजलि

गुमला। पहलगाम आतंकी हमले के लेकर गुरुवार की शाम मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा गुमला के तत्वावधान में कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पोद्दार धरमशाला में श्रद्धांजलि सभा के साथ हुई। तदोपरांत सभा कैंडल मार्च में तब्दील होते हुए शहीद चौक में समाप्त हुई। इस मौके पर अध्यक्ष संजीव मालानी, सचिव शंकर अग्रवाल, नटवरलाल अग्रवाल, पंकज साबू, पदम साबू, पवन जाजोदिया, शशि गाड़ोदिया, दिनेश अग्रवाल देवघर, रोहित मंत्री, सुनील जाजोदिया, बाबू शर्मा, भूषण नारसरिया, संजय खंडेलवाल, शेखर अग्रवाल, रोहित खंडेलवाल, गोकुल अग्रवाल, आयुष काबरा, राहुल गोयल, रवि अग्रवाल, प्रेरणा शाखा से शिल्पा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, अम्बिका अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, बीणा अग्रवाल, पंखी मंत्री और अन्य लोग उपस्थित थे।

## घटनास्थल तक नहीं जानते मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू : अजात शत्रु



- मंत्री के बयान पर जतायी नाराजगी, बोले झारखंड में चल रही है गैरजिम्मेदार सरकार

लोहरदगा। नेतरहाट जाते समय झारखंड सरकार के मंत्री सह गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने गुरुवार को लोहरदगा परिसदन में मीडिया से बातचीत करते हुए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की थी। मंत्री के इस बयान पर शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा, झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष अजात शत्रु ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है कि एक राज्य का मंत्री, जिसे जनता ने प्रतिनिधि चुनकर भेजा है, उसे यह भी नहीं पता कि पहलगाम कहां है और घटना वास्तव में किस राज्य में हुई। जो व्यक्ति इस बुनियादी जानकारी से भी अनभिज्ञ है, उससे राज्य के विकास या सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? उन्होंने आगे कहा, इस बयान से साफ जाहिर होता है कि झारखंड में किस तरह की नॉन-सीरियस, लापरवाह और असंवेदनशील सरकार चल रही है। अगर मंत्री को यह भी नहीं मालूम कि पहलगाम जम्मू-कश्मीर में है, तो उन्हें पहले देश का नक्शा समझ लेना चाहिए, फिर जिम्मेदारी वाले बयान देना चाहिए। अजात शत्रु ने यह भी कहा कि यह मामला सिर्फ एक बयान की गलती नहीं, बल्कि पूरे शासन तंत्र की गंभीर विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार से राज्य के युवाओं को कोई उम्मीद नहीं दिखती, जो खुद दिशा हीन हो।

# आतंकी हमले को लेकर गुमला बंद का दिखा व्यापक असर

## सड़क पर उतरे विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता, महावीर चौक व टावर चौक पर किया सड़क जाम

- शहर की सभी प्रतिष्ठानें इस दौरान रही बंद, नहीं चले वाहन







खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा आहुत गुमला बंद का जिले में व्यापक असर दिखा। बंद को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता शुक्रवार की सुबह ही सड़कों पर उतर गये थे। बंद को लेकर कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न सड़कों में घूम घूमकर दुकानें बंद करायीं। शहर के महावीर चौक व टावर चौक के सामने सड़क जाम कर वाहनों का परिचालन बाधित कर दिया। इस दौरान शहर के मुख्य मार्गों में जगह जगह ट्रक व कई प्रकार के वहान खड़े नजर आये। वहीं विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के आह्वान पर शहर के व्यापारिक प्रतिष्ठानें स्वतः ही बंद रहीं। शहर में दोपहिया वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा। वहीं दूसरी ओर बंद को लेकर जिला भाजपा, बार एसोसिएशन गुमला सहित कई संगठनों ने समर्थन किया था। जिसके कारण भी बंद ऐतिहासिक व अभूतपूर्व रहा। जिले के कई स्थान पर बंद को लेकर बीच सड़क पर टायर जलाकर परिचालन बाधित किया गया। बंद को लेकर सरकारी कार्यालयों, बैंकों सहित अन्य कार्यालयों में भी सन्नाटा पसरा रहा। विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर जमकर घटना को लेकर नारेबाजी भी की। वहीं केंद्र सरकार से तत्काल मामले पर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के आह्वान पर घाघरा रहा बंद



खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया। जिससे पूरे देश में रोष फैल गया है। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के आह्वान पर प्रखंड मुख्यालय पूर्ण रूप से बंद किया गया। सुबह से ही घाघरा के मुख्य बाजारों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और व्यापारिक गतिविधियों पर विराम लग गया। बंद को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। बंद को स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का भी पूर्ण समर्थन मिला। दुकानदारों ने स्वयं ही अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और आम जनता ने भी आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखायी। मौके पर बजरंग दल संयोजक ने कहा कि पहलगाम जैसे पवित्र स्थल पर आतंकी हमला केवल पर्यटकों और तीर्थयात्रियों पर नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष की आस्था पर हमला है। हम सरकार से मांग करते हैं कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों पर कठोर कार्रवाई की जाए। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ने कहा कि यह विरोध केवल प्रतीकात्मक नहीं है बल्कि यह सरकार को यह संदेश देने का प्रयास है कि देश की जनता और चुप नहीं बैठेगी। केंद्र सरकार से आग्रह किया कि कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे के लिए कड़े कदम उठाए।

## पहलगाम हादसे को लेकर मुस्लिम समुदाय ने निकाला मौन जुलूस, हाथों में पट्टी बांधकर जताया विरोध

- हजारों लोग हाथो में तख्ती लेकर जुलुस में हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में भारतीय नागरिकों की मौत पर अंजुमन इस्लामिया गुमला ने संवेदना व्यक्त की। शुक्रवार को जुमा के नमाज में जहां देशप्रेम, अमन, शांति और भाईचारे के लिए दुआ की गई वहीं नमाज के फौरन बाद मौन जुलूस निकाला गया। इस घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए स्थानीय टावर चौक में दो मिनट का मौन रखा गया। हाथो में हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, दहशतगर्दी मुर्दाबाद, बेकसूर लोगों को मारना बंद करो आदि तख्तियां लेकर चल रहे थे। जुलूस का नेतृत्व अंजुमन इस्लामिया ने किया। जुलूस थाना रोड स्थित जामा मस्जिद से निकल कर टावर चौक पहुंचा। पहलगाम में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना शोक प्रकट करते हुए लोग हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध मार्च में शामिल हुए। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी ने कहा कि पहलगाम में जो आतंकियों द्वारा हमला कर 26 लोगों की हत्या कर दी गई यह बहुत ही दर्दनाक और निंदनीय घटना है। इस तरह की हरकत करने वाले को मुस्लिम समाज किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। सदर पम्मू ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया उन सैंकड़ों मुस्लिमों का आभार व्यक्त करती है जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर हजारों पर्यटकों की जान को सुरक्षित रखा। आतंकियों के आतंक की अंजुमन इस्लामिया ने कड़े शब्दों में निंदा की। अंजुमन ने केंद्र सरकार से यह मांग की है कि आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो ताकि कोई ऐसा फिर कायराना कार्य न कर सके। दुख के इस बेला में हम सभी मुस्लिम समुदाय शोकाकुल परिवार के साथ हैं। मौके पर पूर्व अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी शहजाद अनवर, वर्तमान नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, समाजसेवी हसन उर्फ लड्डन, अफसर आलम, सरवर आलम, खुर्शीद आलम उर्फ पप्पू आदि ने घटना को लेकर कहा है कि भारत सरकार आतंकवादियों पर लगाम लगाये और देश की भाईचारा को बिगड़ने की कोशिश करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दे।

## उपायुक्त को प्रधानमंत्री सम्मान मिलने पर चेंबर सदस्यों ने दी बधाई, अंग वस्त्र प्रदान कर किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें पीएम एक्सीलेंस अवार्ड 2023 मिलने पर बधाई दी। चेंबर सदस्यों ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों के लिए प्रशंसा की। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि भारतवर्ष के 763 जिलों में गुमला जिला को यह सम्मान मिलना अपने आप में गौरव का विषय है। उपायुक्त ने हृदय से सभों का धन्यवाद किया। उपायुक्त ने कहा कि यह जो सम्मान मुझे मिला है यह सम्मान मुझे नहीं बलिक गुमला चेंबर के साथ-साथ समस्त गुमला के नागरिकों के लिए है। मैं जो भी कार्य कर रहा हूं सभी के सहयोग से ही संभव हो पा रहा है। वहीं चेंबर की तरफ से एक मांग पत्र भी सौंपा गया। पत्र में एक बिंदु पर ही चर्चा की गई। जिसमें करमडिपा सिसई रोड से लेकर जो सड़क चण्डाली चौक तक आती है यानि समाहरणालय के गेट तक इस रोड का चौड़ीकरण करने और लाइट की व्यवस्था करने की मांग की। जिससे आवागमन में काफी सुविधा होगी। उपयुक्त ने तुरंत इस बिंदु को संज्ञान में लिया और यथाशीघ्र काम करने का आश्वासन दिया। दूसरी बात चेंबर की तरफ से जो माप तौल विभाग के बारे में बातें सामने आई थीं। उसकी शिकायत करते हुए सारे प्रकरण से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपयुक्त ने उसे गंभीरता से लिया और कार्रवाई करने का भरोसा भी दिया।

मौके पर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य विकास सिंह, संदीप प्रसाद आदि उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी ने दी है।

## सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से लड़े सरकार : चैतु उरांव

- पहलगाम हमले में मारे गये पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए जिला कांग्रेस ने की शोकसभा



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा पहलगाम हमले में दिवंगत हुए आत्माओं की शांति हेतु शोक सभा एवं कैंडल मार्च शहीद चौक गुमला में किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले पर कड़ी निंदा और शोक व्यक्त करती है। कांग्रेस कमिटी सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करती है और इस गहन पीड़ा की घड़ी में उनके साथ पूरी तरह से एकजुटता के साथ खड़ी है। यह कायराना और सुनियोजित आतंकी हमला की साजिश पाक में रची गई। हमारे गणराज्य के मूल्यों पर सीधा हमला है। हिंदू नागरिकों को जानबूझकर निशाना बनाना पूरे देश में भावनाएं भड़काने की एक सोची-समझी साजिश थी। कांग्रेस पार्टी शांति की अपील करती है और सीमा-पार आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता और एकता के साथ लड़ने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। इस हमले की पृष्ठभूमि में सुरक्षा तंत्र की कमियों और व्यवस्थागत चूकों की विस्तृत और निष्पक्ष जांच की जाए। कांग्रेस पार्टी यह भी मांग करती है कि अमरनाथ यात्रा शीघ्र ही प्रारंभ होने वाली है। इसके लिए ठोस, पारदर्शी और सक्रिय सुरक्षा उपाय तुरंत लागू किए जाने चाहिए।

मौके पर रमेश चीनी, कलाम आलम, राजनिल तिग्गा, तरुण गोप, फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, खालिद शाह, आजाद अंसारी, अफताब आलम लाडले, खुर्शीद आलम, मिनाजुद्दीन खान, संजय गोप, सागिर अली, साहेब वशीम, सदाब आलम, फहीम अंसारी, असरफ अंसारी, बेलसार मिंज, मिरा हामिद, जय सिंह, असलम आलम सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इंटक मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने का करेगा प्रयास : आलोक साहू



लोहरदगा। इंटक जिला अध्यक्ष आलोक कुमार साहू शुक्रवार को लोहरदगा जिला श्रम अधीक्षक दिनेश भगत से मुलाकात कर झारखंड सरकार द्वारा मजदूरों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मांगे ताकि मजदूरों को उसका लाभ दिला सके। श्री साहू ने कहा कि श्रम विभाग से मजदूरों को हेलमेट जूता दिलाया जाएगा। निबंधित मजदूर की मृत्यु दुर्घटना से होती है तो चार लाख, दुर्घटना में पूर्ण अपंगता तीन लाख, दुर्घटना में अपंगता दो लाख तथा समान्य मृत्युपर दो मजदूरों को दिलाया जाएगा इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि जागरूकता नहीं होने के कारण हमारे मजदूर भाइयों को झारखंड सरकार द्वारा मजदूर हित में चला रहे जा रहे योजनाओं का लाभ नहीं ले मिल पाता है । इंटक युनियन इन सभी मजदूरों को जागरूक कर उन्हें श्रम विभाग से निबंध करा कर उन्हें लाभ दिलाने का काम करेगी। श्री साहू ने कहा कि मजदूरों के बच्चों को छात्रवृत्ति, औजार खरीदने के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी, मजदूर अपने बच्चियों की शादी करती है तू उन्हें तीस हजार,साथ ही साथ इलाज, पेंशन के लिए भी राशि दी जाएगी ।श्रम अधीक्षक दिनेश भगत ने श्री साहू से कहा कि आप मजदूरों को जागृत करने का काम करउन्हें श्रम विभाग से निबंध करवाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ मजदूर को दिलवाने का काम करें।

## सफलता के लिए मेहनत और लगन बहुत जरूरी है : श्याम सुंदर कुमार



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में नवीन नामांकन भैया- बहनों का अभिनंदन समारोह संपन्न हुआ। कक्षा षष्ठ से नवम तक के नवीन नामांकन भैया -बहनों को चंदन- वंदन एवं उनके बीच चॉकलेट का वितरण किया गया। आचार्य श्यामसुंदर कुमार ने नवीन नामांकित विद्यार्थियों को विद्या भारती शिक्षा पद्धति , संस्कृति, अनुशासन एवं पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। विद्या भारती के उद्देश्यों, लक्ष्यों को समाज तक कैसे पहुंचाया जाए ,उसके बारे में भैया -बहनों को विशेष जानकारी दी। विद्या भारती विद्यालय के विद्यालय में शिक्षक के साथ-साथ, संस्कार दिया जाता है। उसके बारे में भैया- बहनों को जागरूक किया। श्याम सुंदर कुमार ने भैया -बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए मेहनत और लगन बहुत जरूरी है, बिना इनके सफलता का रास्ता कठिन होता है। विद्या एक ऐसा धन है जिसकी कभी भी लूट नहीं हो सकती। भैया-बहन बड़े ही शांतिपूर्वक ढंग से सभी बातों को सुना और समझा ।इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा ,विद्यालय के सभी आचार्य - दीदी एवं कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## गिफ्ट ऑफ एजुकेशन अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं का होगा सुसज्जीकरण

- सभी बीडीओ, बीईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी और विद्यालय प्रधान को उपायुक्त ने भेजा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। वर्ष 2025-26 के प्रारंभ में प्राथमिक शिक्षा की उत्कृष्टता हेतु सभी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा छात्रों की आवश्यकता अनुरूप विभिन्न शिक्षण सहायक सामग्री, चार्ट, पोस्टर तथा टीएलएम निर्माण कर निचली कक्षाओं को सजाते हुए दीवारों पर एफएलएन अवधारणा आधारित सामग्री प्रदर्शन, लर्निंग कॉर्नर, भाषा और गणित कोना आदि के विकास का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा कहा गया है कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 3 तक के बच्चों को आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से युक्त करने का राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड, संकुल एवं विद्यालय स्तर पर ठोस प्रयास अपेक्षित हैं, ताकि बच्चों की बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सके। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य कक्षा 3 के अंत तक प्रत्येक छात्रों में भाषा पढ़ने, समझने, बोलने, लिखने एवं संवाद करने में दक्ष होना तथा गणित में जोड़, घटाव, मापन, तुलना, आकृति पहचान जैसी बुनियादी संकल्पनाओं की समझ बनाना है। गतिविधि अंतर्गत विभिन्न निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों मेंभौतिक संरचना एवं दृश्य वातावरण अंतर्गत कक्षाओं की दीवारों पर शैक्षिक पोस्टर, वर्णमाला, संख्याएं, बाल चित्र आदि चिपकाते हुए बाल-अनुकूल चित्रों, कहानियों एवं रंगीन सजावट से वातावरण जीवंत बनाने को कहा गया है । साथ ही छोटे बच्चों हेतु उपयुक्त पुस्तिकाएं, शब्द काड्र्स, चित्र पुस्तकें, तथा स्थानीय भाषा की सामग्री उपलब्ध हेतु निर्देशित किया गया है । सभी स्कूलों मे शिक्षण अधिगम सामग्री अंतर्गत भाषा व गणित विषयक गतिविधियों हेतु शिक्षक द्वारा स्वयं निर्मित अथवा उपलब्ध शिक्षण सामग्री का उपयोग सहित आकृतियां, गिनती ब्लाक्स, अक्षर काड्र्स, संख्यात्मक चाट्र्स आदि को व्यवस्थित कर बच्चों की भागीदारी को सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है । जिसको लेकर सभी बीडीओ, बीईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी और विद्यालय प्रधान को उपायुक्त ने पत्र भेजा है।

## संवैधानिक संकट उत्पन्न करने वाले मंत्री को बर्खास्त किया जाये : ओम सिंह

- झारखंड के मंत्री के अमर्यादित एवं असंवैधानिक बयान के विरुद्ध भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड सरकार के बड़बोले मंत्री हफीजुल हसन के अमर्यादित व असंवैधानिक बयान के विरुद्ध तथा मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग को लेकर प्रदेश भाजपा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान में धरना दिया गया। धरना के पश्चात अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम जिले के उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन में भाजपाइयों ने कहा कि झारखंड प्रदेश राज्य सरकार संपोषित संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रही है। संविधान की शपथ लेकर पद पर आसीन होने वाले मंत्रीगण संवैधानिक मर्यादाओं को तार तार कर रहे। कहा कि विगत दिनों राज्य के मंत्री हफीजूल हसन द्वारा यह बयान दिया जाना कि हम कुरान को दिल में और संविधान को हाथ में रखते हैं। मंत्री जी यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने कहा कि मेरे लिए शरिया पहले है, संविधान बाद में। राज्य के एक मंत्री इरफान अंसारी संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून को राज्य में लागू नहीं होने देने का धमकी भरा असंवैधानिक बयान देते हैं। दोनों बयान संविधान की मर्यादाओं का उल्लंघन है। इतना ही नहीं बल्कि ऐसे बयानों और मानसिकता के कारण राज्य में उन्मादी शक्तियों का मनोबल बढ़ रहा है। जिसका परिणाम है कि सनातनी पर्व त्यौहार दशहरा, रामनवमी, सरस्वती पूजा, शिवरात्रि, सरहुल के दौरान राज्य में समुदाय विशेष के उपद्रवियों द्वारा पत्थरबाजी, मारपीट, दंगा, फसाद, आगजनी, की घटनाओं को बड़े पैमाने पर अंजाम दिया जा रहा है। राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट मानना है कि राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति है जिसे संविधान की शपथ लेकर सत्ता सुख प्राप्त करने वाले मंत्रीगण ही उत्पन्न कर रहे हैं। यह एक प्रकार से सत्ता संपोषित संवैधानिक संकट है। आप राज्य के संवैधानिक प्रमुख हैं। जिला इकाई भाजपा आपके माध्यम से राज्यपाल से राज्य को संवैधानिक संकट को दूर करने की मांग करती है। साथ ही अनुरोध है कि संविधान की मर्यादाओं का उल्लंघन करने वाले, उसे अपमानित करने वाले, दोयम दर्जा देने वाले तथा राष्ट्र और संविधान प्रथम की जगह शरिया प्रथम मानने वाले कैबिनेट मंत्री हफिजूल हसन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने के लिए मुख्यमंत्री को निर्देशित करने की कृपा की जाए। धरना को मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, राकेश प्रसाद, अजय पंकज, नवीन कुमार टिंकू, हर्षनाथ महतो, पवन तिग्गा, विश्वजीत भारती, सचिन कुमार, प्रकाश नायक, मिथुन तमेड़, सजल कुमार, सामेला भगत सहित कई भाजपाइयों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल उरांव व धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर बालकृष्णा सिंह, सामेला भगत, मीना बाखला, संगीता कुशवाहा, भारती सिन्हा, जगनंदन पौराणिक, राजकुमार वर्मा, सजल कुमार, सुरेश बैठा, नवल साहू, नवीन साहू, निखिल कुमार, राजकुमार मुंडा, अशोक साहू, रामकुमार खेरवार, विवेक सोनी, राजेन्द्र महतो, राजकुमार साहू, नजीर राजेश महतो, मुकेश अग्रवाल, सामेला भगत, अमित लोहरा, ओम गुप्ता, टीपू खान सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लोहरदगा के बसरी व नागड़ा में बाल विवाह के खिलाफ जनजागरण, छात्रों ने शपथ ली और निकाली रैली



लोहरदगा। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोहरदगा प्रखंड के ग्राम बसरी स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरी और नदी नागड़ा में किया गया। बाल विवाह की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए स्कूल की छात्राओं, स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी के सदस्यों और समुदाय के लोगों को शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही बाल विवाह के खिलाफ एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्राम स्वराज संस्थान के कार्यकताओं ने मिलकर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का संदेश दिया। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें आपातकालीन सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में परिजनों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें और शिक्षा के लिए प्रेरित करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जब तक लड़की की उम्र 18 वर्ष और लड़के की उम्र 21 वर्ष पूरी न हो, विवाह न किया जाए ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल टोप्पो, शिक्षक आशुतोष कुमार, शिक्षिका अनीता लकड़ा, सुसरी उरांव, स्वास्थ्य सहिया सरिता उरांव, एल.जी.एस.एस. से द्रोपदी कुजूर, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मनिका प्रखंड में अतिक्रमण मुक्त करवाने का ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से लगायी गुहार

# हर दिन जाम से परेशान रहते है लोग

### जाम के कारण छोटे-बड़े वाहनों के साथ-साथ एम्बुलेंस को भी करना पड़ता है इंतजार

खबर मंत्र संवाददाता


जाम में फंसा एंबुलेंस व अन्य वाहन।


अतिक्रमण कर सड़क के किनारे खोला गया दुकान।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों अतिक्रमण कर अवैध तरीके से दुकान लगाने के कारण क्षेत्र के दुकानदारों एवं आम नागरिकों को प्रति दिन भीड़भाड़ और जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बता दें कि मनिका प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय मार्ग-39 के किनारे पर शिव मंदिर पचफेड़ी से होते हुए ब्लॉक गेट के आसपास,पल्हेया रोड, बांड़ी रोड एवं मुख्य पथ से होते हुए हाई स्कूल मनिका तक कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर अवैध तरीका से दुकान खोला गया है,जबकि राष्ट्रीय मार्ग-39 पर लंबी-लंबी दूरी एवं छोटे-बड़े सभी तरह के वाहनों का प्रतिदिन भारी संख्या में आवागमन होता है और अभी वर्तमान में फोर लाइन निर्माण का कार्य होने से यह सड़क और भी व्यस्त हो गई है,ऐसे में सड़क के किनारे दुकान होने से लोगों की काफी संख्या में भीड़ लगी रहती है और सड़क पर हमेशा ही वाहनों को जाम की समस्या से गुजरना पड़ता है, हद तो तब हो जाती है जब कोई एम्बुलेंस आपातकालीन स्थिति में मरीज को अस्पताल लेकर जा रही है और एंबुलेंस को भी जाम में फंसकर काफी समय तक इंतजार करना पड़ता है। वहीं अतिक्रमण कर कुछ लोगों ने सड़क के दोनों किनारों पर सब्जी, फल, कपड़ा, अंडा, चाउमीन, होटल, गुमटी,समेत कई अन्य प्रकार के दुकान खोल रखा है,जिस वजह से लोगों को पैदल यात्रा में भी परेशानी और सड़क पार करने में भी काफी खतरा बना रहता है। वहीं पचफेड़ी चौक,पल्हेया रोड,बांड़ी रोड,थाना चौक एवं हाई स्कूल के पास सड़क के किनारे टेंपो,सवारी एवं इत्यादि वाहनों को खड़ा करने की वजह से जाम की समस्या आम नागरिकों के लिए और भी दोगुनी हो जाती है।जिसके कारण राष्ट्रीय मार्ग-39 पर पचफेड़ी चौक से लेकर हाई स्कूल तक दुर्घटना की संभावना बना रहता है और लोग हमेशा ही दुर्घटना का शिकार भी होते रहते हैं। वहीं पूर्व में लोगों को जाम व भीड़भाड़ की समस्या से निजात दिलाने के लिए अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निर्देश जारी किए गए थे,परंतु दुकानदारों के ऊपर उनके आदेश का कोई प्रभाव नहीं पड़ा,बल्कि और भी तेजी से कई लोग ब्लॉक गेट के सामने व अन्य जगह पर दुकान खोल रहे हैं जिसका खामियाजा यहां के रहने वाले आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं प्रखंड कार्यालय के आसपास एवं सड़क के किनारे रहने वाले आम नागरिकों ने वर्तमान अंचलाधिकारी नंदकुमार राम से मामले को संज्ञान में लेते हुए सड़क के किनारे से अतिक्रमण मुक्त करवाने का गुहार लगाया है ताकि लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सके।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन


प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजन।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन परिसर में बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को प्रशिक्षण दिया गया। मुखिया नरेश लोहरा ने बताया कि लोगों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत नाव बनाने वाले,अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा मूर्तिकार समेत कई शिल्पकार बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत रोजगार सृजन के लिए एक लाख तक का ऋण 5% ब्याज पर मिलेगा। मौके पर प्रशिक्षण देने आए उद्योग विभाग के प्रशिक्षण करता अंकित कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर उन्हें लाभ पहुंचाया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य ममता देवी ब्रह्मदेव राम, तुलसी राम, बाबूलाल राम रिंकू देवी, सरस्वती देवी, मो. जावेद,ज्योति देवी, सरिता देवी, सनी कुमार लोहरा,सतीश कुमार साहू,मो. शमशाद,यशोदा देवी, चंपा देवी, राजू राम, संतोष राम, मो. सोनू खान समेत कई लोग मौजूद रहे।

## चंदवा: उमवि रखात, बारी, सासंग हाई स्कूल में मना विश्व मलेरिया दिवस



**चंदवा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय रखात मे मलेरिया दिवस मनाया गया। जिसमे बच्चो को मच्छरों से होने वाली बीमारी के बारे मे बताया गया व मलेरिया से बचाव लो लेकर शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान बच्चों के बिच क्विज कॉम्पीटिशन भी कराया गया। वहीं मत्क्रमित मध्य विद्यालय बारी मे विश्व मलेरिआ दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी गई। जबकि प्रोजेक्ट हाई स्कूल सासंग मे एमटीएस चंदवा के द्वारा बच्चों के बीच मच्छर से होने वाले सारी बीमारी के बारे मे बताया गया। इस कार्य के लिए एमपीडब्ल्यू विकाश रंजन, सीताराम कुमार, संजय विश्वकर्मा, सीएचओ प्रिया कुमारी, आभा अंजनी लकड़ा, अनिकेत कुमार, एएनएम तेरेसा सुरीन, सुप्रिया कुमारी, अनुकम्पा एक्का, सहिया उर्मिला देवी, सरिता देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मंईयां योजना के लिए प्रज्ञा केंद्र से आवेदन न करें लाभुक : बीडीओ

**चंदवा।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा निर्देश जारी कर सूचित किया गया है कि मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना के लाभुकों का प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जाना है। इस सम्बंध में जानकारी देते देते हुए बीडीओ चंदन प्रसाद ने बताया कि 31 दिसंबर 2024 से ही विभाग एवं प्रज्ञा केंद्र के बीच एमओयू समाप्त किया जा चुका है। वर्तमान में आवेदन पत्र ग्रामीण क्षेत्र के लिए पंचायत सचिव एवं प्रखंड कार्यालय में तथा शहरी क्षेत्र में राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल कार्यालय में प्राप्त किया जाना है। अब आवेदन पत्र प्राप्त करने में प्रज्ञा केंद्र या सीएससी संचालकों की कोई भूमिका नहीं है। यदि वह ऐसा करते हुए पाए जाएंगे तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उन्होने एक पत्र जारी कर सभी पंचायत सचिव सभी मुखिया एवं सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को आदेश दिया है तथा प्रज्ञा केंद्र को सख्त हिदायत दी गयी है कि मंइयाँ सम्मान योजना की आवेदन पत्र को प्राप्त न करे और ना ही कोई अवैध राशि की उगाही करे। शिकायत मिलने पर सीएचसी संचालको के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आठ साल से विधवा, अब बेघर : चपरी गांव की ललिता देवी की कहानी

## आखिर कब लौटेगी कागज की फाइलों में गुम हो चुकी इंसानियत

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** अगर आप झारखंड में सरकारी योजनाओं की हकीकत जानना चाहते हैं, तो छेचा पंचायत के चपरी गांव आइए। यहां ललिता देवी नाम की विधवा महिला बीते आठ सालों से संघर्ष कर रही हैं। हाल ही में उनका कच्चा घर अचानक गिर गया। बिना बारिश, बिना तूफान। अब उनके पास न छत है, न कोई सहारा।

### ललिता की खामोशी, सिस्टम पर सवाल


दुख बयान करती ललिता मासोमात

ललिता अब कुछ नहीं कहतीं। उनकी चुप्पी में वो तकलीफ छिपी है जिसे शब्द नहीं बयां कर सकते। क्या सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं? क्या गरीबों को घर पाने के लिए भी रिश्वत देनी होगी? यह कहानी सिर्फ एक महिला की नहीं, बल्कि उन तमाम लोगों की है जो सिस्टम की अनदेखी और भ्रष्टाचार के शिकार हैं।

**प्रशासन का जवाब :** आवास योजना समन्वयक दीपक कुमार का कहना है कि ललिता का सर्वे हुआ है और जांच करवाई जाएगी। लेकिन सवाल है, कब तक?

### कागजों में योजनाएं, जमीन पर मायूसी

ललिता देवी ने प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास और अबुआ आवास जैसी कई योजनाओं के लिए आवेदन दिया। लेकिन हर बार उन्हें या तो फार्म भरवाकर टरका दिया गया या फिर पैसे की मांग की गई। ललिता का सवाल सीधा है, बच्चों का पेट पालूं या रिश्वत दूं? शुक्रवार को ज़िप सदस्य संतोषी शेखर गांव पहुंचीं। उन्होंने ललिता की हालत देखकर कहा कि ये सिर्फ. ललिता की कहानी नहीं, ये पूरे सिस्टम की विफलता का उदाहरण है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

## चंदवा: गेहूं अनियंत्रित ट्रक हुई दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल चालक


क्षतिग्रस्त ट्रक।

**चंदवा।** एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के मेनो नाईट मिशन के समीप शुक्रवार की सुबह लगभग 10:00 बजे एक अनियंत्रित ट्रक जेएच 01 बीएफ 7027 सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी वाहन के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि इस घटना में चालक की जान बाल-बल बीच गई। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक नगर उटारी से गेहूं का खेप लेकर नगड़ी रांची जा रही थी। चालक सोनू कुमार ने बताया कि ट्रक का स्टेरिंग काम नहीं किया जिस कारण ट्रक नहीं मुड़ पाई व उक्त हादसा हुआ। इधर घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच गई कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई थी।

## पिता ने पुत्र के गुमशुदगी मामले में लगाई गुहार


अभिनव कुमार।

**चंदवा।** देवनद के समीप स्थित कावेरी रेस्टोरेंट के मालिक अमरदीप प्रसाद का पुत्र अभिनव कुमार (मिट्ठू) गुरुवार की देर शाम से गुमशुदा हो गया है। परिजनों ने बताया कि अभिनव गुरुवार की शाम घर से ट्यूशन पढ़ने जाने की बात कह निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा है, काफी खोजबीन के बाद भी कुछ अता-पता नहीं चल पा रहे है। अभिनव कुमार मिट्ठू आसमानी सफेद कलर का शर्ट व ब्लू कलर का पैंट पहने हुए है, अगर किन्हीं बंधु को उक्त बालक कहीं दिखे तो अमरदीप प्रसाद के मो. न. 8051205978 व अंकित कुमार के मो. न. 7992441083 पर संपर्क कर सूचना देने की अपील की है। मामले को लेकर परिजनों ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज करने एवं गुमशुदा बालक के खोज में मदद की गुहार लगाई है।

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मुस्लिम समुदाय का विरोध प्रदर्शन

खबर मंत्र संवाददाता


मुस्लिम यूथ कमिटी के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते।

**चंदवा।** शुक्रवार को जुम्मे कि नमाज के बाद चंदवा में मुस्लिम समुदाय ने मुस्लिम यूथ कमिटी के बैनर तले पहलगाम आतंकी हमले का जमकर विरोध प्रदर्शन कर इस हमले की कड़ी निंदा की। पाकिस्तान मुदार्बाद, धर्म के नाम पर दहशतगर्दी बंद करो, आतंकवाद मुदार्बाद, पहलगाम के दोषियों को फांसी दो जैसे नारे लगाए। कमिटी के डॉ शम्स रजा ने कहा कि यह हमला देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने की साजिश है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। पूर्व उप प्रमुख हाजी फिरोज अहमद ने कहा कि यह हमला केवल पर्यटकों पर नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता पर प्रहार है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को और तेज करना होगा और आतंकियों को कड़ी सजा देने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है वहीं समाजसेवी नौशाद अंसारी ने आतंकी हमले की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कहा कि पहलगाम में हुआ हमला कश्मीर की शांति और पर्यटन को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। आतंकवाद के खिलाफ देश को एकजुट होकर लड़ना होगा।

हम सरकार से मांग करते हैं कि पाकिस्तान को इस कायरतापूर्ण कृत्य का करारा जवाब दिया जाए। विरोध प्रदर्शन में मो. इरशाद, वहाजुल हक, तबारक, सादिक, शमशेर आलम, सोनू, गुड्डू खान, आदिल समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलम्बी मौजूद थे।

## एडीआरएम-सीनियर डीई ने क्रू कंट्रोल व रनिंग रूम का किया कड़ा निरीक्षण

# शिकायत पंजी में खाने की गुणवत्ता को लेकर मिली गंभीर प्रतिक्रियायें, सुधार के निर्देश


निरीक्षण करते अधिकारी।

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) विनीत कुमार और सीनियर डीई ऑपरेशन रजत कुमार सिंह ने शुक्रवार को बरवाडीह रेलवे स्टेशन में क्रू कंट्रोल सेल तथा रनिंग रूम का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीआरएम व सीनियर डीई-ऑपरेशन ने सबसे पहले क्रू कंट्रोल केंद्र का दौरा कर इंचार्ज एवं अन्य कर्मियों से उनके दैनिक कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए क्रू कंट्रोल में कार्यरत कंट्रोलर्स की संख्या में संक्रमणीय कमी करने का आदेश दिया, जिससे समुचित शिफ्ट व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। साथ ही लोको पायलटों की सुविधा एवं उनके कार्यकलापों से संबंधित भी अहम चर्चा की गई। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने एक घंटे से अधिक समय रनिंग रूम में बिता कर किचन, कर्मियों के रहने के कमरे, शौचालय तथा पेयजल प्रबंध की बारीकियों का जायजा लिया। उन्होंने रनिंग कर्मियों द्वारा दर्ज शिकायत पंजी की भी जांच की, जिसमें खाने की गुणवत्ता से संबंधित कई शिकायतें मिलीं। इन बिंदुओं पर सुधार एवं व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एडीएमई विकास शुक्ला, मार्ग निरीक्षण (एमएम) श्रीनिवास तिवारी, स्टेशन प्रबंधक अनिल द्विवेदी, टीआई अनिल तिवारी, आईओडब्ल्यू पारसनाथ गुप्ता, बसीर अहमद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने मिलकर कर्मचारी सुविधाओं तथा यात्री परिचालन की गुणवत्ता सुधार में समन्वित प्रयास जारी रखने पर बल दिया।

## जल जीवन मिशन के तहत लगे सोलर जलमीनार एक वर्ष से खराब, पेयजल के लिए परेशान




**बारियातू।** प्रखंड स्थित अम्बवाडीह ग्राम मे 2023-24 योजना अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत लगे सोलर जलमीनार एक वर्ष से खराब है जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानी हो रही है। गांव के ग्रामीण सुनीता देवी, बिमला देवी, सुनीता देवी, महरंगिया देवी, भींनसरिया देवी, अशावा देवी, अनिता देवी, सुकारीदेवी, देवंती देवी, जूही देवी, सूरजमनी देवी, जयराम उरांव, सुनील उरांव, महेंद्र उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की एक वर्ष पूर्व घर-घर पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर जलमीनार लगाया गया था। लॉकल कम्पनी के पाट्र्स व सामग्री सोलर जलमीनार मे लगाया गया था। जिसके कारण एक सप्ताह के अंदर मोटर्र खराब हो गया। खराब होने की सूचना बालूमाथ के संवेदक मनोहर को दिया गया परन्तु आजकल करते-करते 6 माह पूर्व मोटर को खोलकर बनवाने के लिए ले जाया गया। संवेदक को मोटर ले गए छः माह बित जाने के बाद भी नहीं लाकर बनाया गया। जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित है। पूर्व प्रमुख महाबीर उरांव ने दूरभाष पर पेयजल समस्या को लेकर संवेदक मनोहर प्रसाद से पिछले कई दिनों से बात करने की कोशिश कर रहे है लेकिन फोन नहीं रिसीव नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से संवेदक पर विभागीय कार्रवाई करते हुए सोलर जलमीनार दुरुस्त कर पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीण बताते हैं की दैनिक कार्य के लिए दूर से पानी लाना पड़ता है। इधर भीषण गर्मी के कारण पेयजल सहित स्नान दूर के नदी जाकर करना पड़ता है। जिससे सर्दी जुखाम हो जाता है।

## पुलिस ने बरामद किया क्षतविक्षत अज्ञात शव

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनहरदी पंचायत अंतर्गत वन क्षेत्र अंतर्गत पत्थर टोली व बोड़ा भट्ठा के बीच ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह क्षतविक्षत अवस्था एक अज्ञात शव पडा देखा। जंगल में अज्ञात सब पड़े होने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस की घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि संभवतः शव तीन-चार दिनों पूर्व से जंगल में पड़ा हुआ था, जिस कारण शव के कई हिस्सों के मांस को जंगली जानवर खा गए है। जिस कारण मृतक कौन है इसकी शिनाख्त भी नहीं हो पा रही थी व हत्या हत्या है या कुछ और इसका भी पता नहीं चल पा रहा था। मामले में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि अज्ञात शव बरामद किया गया है। जिसकी शिनाख्त को लेकर प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## डेढ़गांव आंगनबाड़ी में पानी की समस्या से बच्चों को हो रही परेशानी


आंगनबाड़ी केंद्र भवन।


खराब जलमीनार।

**गारू।** गारू प्रखंड अंतर्गत बारेसाढ़ पंचायत के डेढ़गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन में चापाकल नहीं होने के कारण और जालमीनार के खराब होने के कारण पोषाहार बनाने में तथा शुद्ध पेयजल इंतजाम करने में केंद्र की सेविका को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बतादें की आंगनवाड़ी भवन के पास लगे पानी टंकी काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है।, लेकिन खराब होने के बाद भी किसी ने उसकी मरम्मत नहीं कराई है। जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पोषक आहार बनाने और पेयजल की व्यवस्था करने में कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों को इस समस्या की जानकारी कई बार दी गई है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों और आंगनबाड़ी सेविकाओं की मांग है कि जल्द से जल्द पानी टंकी की मरम्मत कराई जाए और चापाकल की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। ताकी बच्चों को पानी के कारण कोई समस्या न हो पाये।

## विवेकानंद किशोर संस्थान ने पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**चंदवा।** विवेकानंद किशोर संस्थान की ओर से एंबीसन कंप्यूटर सेंटर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए सभी लोगों को पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पूरा वातावरण देशभक्ति और आक्रोश से गूंज उठा। लोगों ने आतंकवाद और पाकिस्तान के विरुद्ध पाकिस्तान मुदार्बाद और आतंकवाद मुदार्बाद जैसे जोरदार नारे लगाए। नरेश प्रसाद गुप्ता ने मांग की अब ऐसी कार्यवाही होनी चाहिए जिससे यह झगड़ा हमेशा के लिए समाप्त हो जाए। मोहिनीश कुमार ने कहा कि गुलाम कश्मीर को भारत में शामिल करना ही मृतकों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर महेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, अरुण शर्मा, रवींद्र प्रसाद, संतोष साहू, गोपाल जायसवाल गुड्डा, वासुदेव राम, नारायण प्रसाद, देवेंद्र साहू, रामवृक्ष चौधरी, राजेश चंद्र पाण्डेय, नवल किशोर लाल, विकास कुमार, मनोज सिंह पप्पू, कृष्णा केशरी, आमोद कुमार, विष्णु कुमार, किशोर कुमार, राहुल कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मलेरिया से बचाव के लिए दी जानकारी

खबर मंत्र संवाददाता


मलेरिया से बचाव के लिए दी जानकारी।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया पंचायत भवन मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचायत मुखिया रानो देवी की अध्यक्षता मे विश्व मलेरिया दिवस 2025 के अवसर पर बैठक कर बचाव को लेकर जानकारी दी गई। वहीं एमटीएस पंकज पाण्डेय ने बताया की मलेरिया बहुत ही खतरनाक बुखार है यदि समय पर इसका इलाज नहीं किया जाय तो मौत भी हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग की आंकड़ा के अनुसार समुचित इलाज नहीं होने पर मलेरिया डेंगू से सबसे अधिक अब तक मौत हुई है। बैठक मे सहिया साथी सहिया व कई ग्रामीण महिला पुरुष भी मौजूद थे। जिन्हे मलेरिया से बचाव के बारे जानकारी देते हुए कहा की मलेरिया की पहचान के लिए गांव की सहिया बुखार पीड़ित परिवार को सेम्पल लेकर जाँच कराते हैं। बीमारी की पहचान होते ही विभाग एलर्ट होकर समुचित जांच दवा की निःशुल्क व्यवस्था करती है। साथ ही बताया की कोई भी बुखार को हल्का मे न लें। सालाईड या किट से जांच के बाद पता चलता है किस तरह का बुखार है। मलेरिया का इलाज आसानी से होता है। हर स्वास्थ्य केंद्र उपकेंद्र मे इसकी व्यवस्था है। ब्रेन मे मलेरिया बुखार होने पर भी समय पर इलाज कराये जाने पर जान बचाया जा सकता है। लापरवाही बरतने पर मौत होने की पूरा संभवना बन जाती है। मलेरिया दो तरह का होता है पीएफ व पीवी लगातार बुखार रहने पर पीलिया सहित अन्य बीमारी हो जाता है। मलेरिया का लक्षण माथा दर्द, उल्टी, चक्कर आना, ठंडा लगना यह मदाअनोफील मच्छर काटने से होता है। मछरों से बचने के लिए साफ-सफाई खना-पान, पहनवा पर ध्यान रखना चाहिए। महिलाओ को लम्बा बांह का ब्लौज व पुरुषों को फूल बांह का सर्ट पहनकर मच्छर से बचा जा सकता है। मच्छरदानी लगाकर सोना अनिवार्य है। मच्छर को काटने से मलेरिया, डेंगू व फैलेरिया जैसी गंभीर बीमारी होती है। सावधानी बरतने पर बचा जा सकता है। जिस गांव से मलेरिया होने का रिपोर्ट विभाग प्राप्त होता है। वहां डीडीटी छिड़काव कराया जाता है। सभी घरों मे छिड़काव करवाना चाहिए एक घर भी छूटना नहीं चाहिए। साथ ही मच्छरदानी भी उपलब्ध कराती है। मच्छर का प्रकोप नहीं बढ़े इसके लिए सतर्क रहना सुरक्षति रहना जरुरी है। आपसब अपने अगल-बगल मे पानी का जमाव नहीं होने दे। पानी जमाव व गंदगी से ही मदा अनोफील मच्छर पैदा होते हैं। मच्छर को काटने से ही मलेरिया व डेंगू जैसा बीमारी शुरू होता है। वहीं ग्रामीणों को बताया की यदि गांव मे किसी को बुखार लगे तो गांव की सहिया को तुरंत सूचित करें। सभी तरह की निःशुल्क जांच उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर सीएचओ सबिता देवी, बीटीटी दिलीप दांगी, एमपी डब्लू संदीप कुमार, ग्राम प्रधान सीताराम गंझु, एएनएम सरिता देवी, राज लक्ष्मी, सहिया साथी गौरी देवी, सहिया बुधनी देवी, कलामनी देवी, पूनम देवी, राजमनी देवी, सुनीता भोगता, दिव्या देवी, बसंती देवी हलीमा खातून, कुंती देवी सहित काफी संख्या मे महिला ग्रामीण भी मौजूद थे।

## आतंकवाद की घटना का अंजुमन-सुबहानुल-मुस्लिमीन ने की निंदा

**बालूमाथ।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिला अंतर्गत पहलगाम के बैसरन घाटी में हुई आतंकवादी घटना जिसमें एक सिविलियन समेत छब्बीस पर्यटकों को आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। घटना को लेकर बालूमाथ अंजुमन-सुबहानुल-मुस्लिमी ने एक स्वर में कठोर निंदा किया है। साथ ही भारत सरकार से आतंकवादी घटना में संलिप्त दहशतगर्दों को करारा एवं मुंहतोड़ जवाब देने की अपील की है। वही शुक्रवार को बालूमाथ जामा मस्जिद में जुमा की नमाज के बाद अंजुमन के सदर हाजी शब्बीर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए अंजुमन सदर ने कहा कि इस कायराना घटना की जितनी भी भर्त्सना की जाए वह कम है। इस्लाम में बेगुनाहों की हत्या को सारे मानवता की हत्या करार दिया गया है।

## पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकी व मास्टरमाइंड को सबक सिखाए केंद्र सरकार: सितमोहन मुंडा


जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा।

**चंदवा।** झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिला अंतर्गत पहलगाम पर्यटन स्थल बैरसन वैली में बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 28 लोगों का धर्म पूछ कर किए गए नरसंहार की घटना की कड़ी निंदा की है। घटना को उन्होंने शर्मनाक बताते हुए इसे मानवता को कलंकित करने वाला कृत्य बताया है। श्री मुंडा ने कहा कि इस जघन्य घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है व पूरे देश में उबाल है। धर्म के नाम पर इस प्रकार की दहशतगर्दी कतई बरदाश्त नहीं की सकती है। आतंकियों द्वारा इस प्रकार टारगेट किलिंग करना कहीं न कहीं देश के अशांति फैलाने की साजिश हो सकती है। इसकी जांच गहनता से होनी चाहिए। इन्होंने घटना में संलिप्त आतंकियों, सहयोग करने वाले लोगों एवं आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान के विरुद्ध केंद्र सरकार से कड़ी कार्रवाई करने, मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा, घायलों के इलाज की उत्तम व्यवस्था करने की की मांग की है।

# बोकारो रेलवे स्टेशन के पास लगी भयंकर आग, 15 से अधिक दुकानें जलकर हुई खाक

- दुकानदारों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है, सरकार उन्हें मुआवजा दे ताकि वे फिर से अपना कारोबार शुरू कर सकें

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बोकारो।** बोकारो रेलवे स्टेशन के नजदीक देर रात लगभग 1.30 बजे भयानक आग लग गई। इस घटना में लगभग 15 से ज्यादा दुकानें पूरी तरह से जल गईं। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। पांच दमकल गाड़ियां देर से पहुंचीं और अथक प्रयास के बाद आग बुझाने में सफल हुईं। तबतक अमित होटल मनोज जनरल स्टोर राशन की दुकानें आदि जलकर खाक हो चुकी थीं। हालांकि, किसी की जान नहीं गई, लेकिन दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग एक गुमटी से शुरू हुई और देखते ही देखते आग ने आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन किया। लेकिन दमकल की गाड़ी लगभग एक घंटे देरी से पहुंची। इसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया गया पर दुकानों को बचाना मुश्किल था। अमित कुमार ने बताया कि उन्होंने रात 11.30 बजे दुकान बंद कर दी थी। उनके कर्मचारी दुकान पर ही सो रहे थे। अचानक उन्हें आग लगने की खबर मिली। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन लपटें बहुत तेज थीं।

मनोज कुमार ने बताया कि उनकी दुकान ही उनकी रोजी-रोटी का एकमात्र साधन थी। सभी दुकानें एक दूसरे से सटी हुई थीं। इसलिए आग एक दुकान से दूसरी दुकान में फैल गई। प्रशासन आग लगने के सही कारणों की जांच कर रहा है। प्रभावित दुकानदारों ने सरकार से मुआवजे की मांग की। दुकानदारों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। वो चाहते हैं कि सरकार उन्हें मुआवजा दे ताकि वे फिर से अपना कारोबार शुरू कर सकें।

## ब्लास्टिंग से कारो बस्ती में चंद्रदेव महतो के घर का छज्जा गिरा, बाल-बाल बची वृद्ध मां

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**फुसरो।** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के कारो परियोजना से सटी कारो बस्ती निवासी चंद्रदेव महतो के घर का छज्जा ब्लास्टिंग की वजह से गिर गया। जिस रूम का छज्जा गिरा उसमें उसकी वृद्ध मां कौशल्या देवी सो रही थी। इस दुर्घटना में जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन घर के 10 सदस्य जिसमें 6 व्यस्क 4 बच्चों डरे-सहमें हैं कि कहीं दुबारा से छज्जा न गिर जाए।

घटना के संबंध में चंद्रदेव महतो ने बताया कि वह अपनी पत्नी, भाई भुनेश्वर महतो उसकी पत्नी, मां, पिताजी, चार बच्चे राहुल कुमार, दिगम्बर कुमार, दृष्टी कुमारी, सृष्टि कुमारी के साथ रहते हैं। परियोजना में होने वाली ब्लास्टिंग से घर की दीवार व छत में जगह जगह दरारें आ गई हैं। वहीं घर का फर्श भी धंस गया। इससे कभी भी कोई दुर्घटना घट सकती है। इसको लेकर प्रबंधन को कई बार पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। लेकिन प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कहा कि पूर्व में भी इस तरह की घटना हुई थी। इसे लेकर कारो पीओ को 21 अगस्त 24 तथा 27 दिसंबर 24 को लिखित दिया गया है, लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी। कहा कि मैं कारो परियोजना का विस्थापित हूं। मेरा जमीन कारो मौजा के खाता नंबर 13 में लगभग 24 एकड जमीन का अधिग्रहण 1984 में किया गया है। जिसका मुआवजा पूर्ण रूप से अभी बाकी है। वहीं तीन व्यक्तियों की नौकरी भी बाकी है। कहा कि कारो प्रबंधन एवं ऑउटसोर्सिंग ठीकेदार के द्वारा बड़े पैमाने पर 400 मीटर के अंदर हैवी ब्लास्टिंग की जाती है। जिस कारण घरों के दिवारों, छत्तों एवं चारदीवारी में काफी दरार पड़ गई है। प्रबंधन जल्द ही मरम्मत नहीं करवाती है, माइंस बंद कराया जाएगा। इस संबंध में कारो पीओ सुधीर सिन्हा ने कहा कि इसकी सूचना मिली है। जांच के लिए ओवरसियर को भेजा गया है। पूर्व में दो बार रिपेयर का आवेदन के बारे में पूछने पर बताया कि सीविल इंजीनियर नहीं था। शनिवार को हम खुद जाकर जांच करेंगे।

## मुस्लिम समाज ने की आतंकी समर्थक मो. नौशाद के पूरे परिवार के सामाजिक बहिष्कार की घोषणा



**बेरमो।** बीते दिनों जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना के समर्थन करने वाले बोकारो के मो. नौशाद का मुस्लिम समाज द्वारा सामाजिक बहिष्कार की घोषणा की गयी। इसे लेकर 24 अप्रैल को बोकारो के पूर्वी हैसाबातू मुखिया कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर मशकुर आलम सिद्दीकी ने मुस्लिम समाज द्वारा मोहम्मद नौशाद आलम और उसके परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने की बात कही। सिद्दीकी ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर खुशी जाहिर करने वाले आतंकी संगठन लशकर ए तैयबा और पाकिस्तान को सोशल मीडिया पर बधाई देने वाले मोहम्मद नौशाद की जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि देशद्रोही के लिए मुस्लिम समाज में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने मामले की जांच की मांग करते हुए दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग प्रशासन तथा सरकार से की है, ताकि इस तरह के असामाजिक तत्व खुले में नहीं रह सकें। कहा कि समाज को बांटने का काम सोशल मीडिया पर काफी आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट करने काम न करें। सिद्दीकी ने कहा कि हम सभी हिंदुस्तानी हैं और पहलगाम की घटना से सभी आहत और दुखी हैं। सरकार छूट दे तो हम सभी मुसलमान ही पाकिस्तान को मिटाने के लिए काफी हैं। अपने वतन पर मर मिटने के लिए सच्चा मुसलमान वह है जो अपने ईमान और वतन से प्यार करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मशकुर आलम सिद्दीकी, मखदुमपुर के मुफ्ती मोहम्मद मंसूर अनवर, हैसाबातू पूर्वी पंचायत मुखिया पति हफीजुद्दीन अंसारी, एजाज खान, सिराजुल आरिफ खान, इजहार अंसारी आदि उपस्थित थे।

## सनौर बालू घाट में वैध चालान के साथ बालू उठाव कार्य में बिहार पुलिस का चला डंडा

- बिहार की सीमा बता हुई पुलिसिया कार्रवाई, ट्रैक्टर सहित एक पुलिस की हिरासत में

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** बसंतराय प्रखंड अंतर्गत डेरमा पंचायत के सनौर बालू घाट में कैटेगरी वन के तहत वैध चालान निर्गत कर हो रहे बालू उठाव के दौरान सीमावर्ती राज्य बिहार के बांका जिला प्रशासन द्वारा कल भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ बालू घाट पर पहुंच कर खूब हाय तौबा मचाते हुए पुलिसिया लाठी भांजी गई।

इस दौरान मौके पर बिहार के बांका जिला के एसडीएम अविनाश कुमार, बौंसी एसडीपीओ अर्चना कुमारी, धोरैया थानाध्यक्ष अमित कुमार समेत लगभग सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

ज्ञात हो कि गोड्डा जिला अंतर्गत बसंतराय प्रखंड का थाना व बांका जिले अंतर्गत धोरैया थाना का सीमा रेखा गेरुवा नदी से होकर गुजरती है लेकिन ये सीमा आखिरकार किस जगह से है इसको लेकर आज तक ना तो बांका जिला प्रशासन ने पहल करना उचित समझा ना ही गोड्डा जिला प्रशासन ने आज तक इस बाबत ध्यान दिया। नतीजतन पूर्व में भी कई बार सीमा विवाद के कारण बिहार का किया धरा कृत्य का ठीकरा झारखंड के ऊपर फोड़ा जा चुका है। ऐसा ही कुछ माजरा गुरुवार को भी हुआ जहां बांका जिला प्रशासन बगैर अपनी सीमा को जाने नदी में अपनी सीमा क्षेत्र बताकर प्रवेश कर गई और बालू उठा रहे बालू कारोबारियों को खदेड़ने के साथ साथ मारपीट करना शुरू कर दिया, साथ ही एक ट्रैक्टर समेत एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। उसके बाद पता नहीं कि गिरफ्तार व्यक्ति का क्या हुआ, उसे छोड़ा गया या फिर उसके विरुद्ध कोई मामला दर्ज किया गया।

पर सवाल ये है कि आखिर बांका जिले की पुलिस इस बात से कैसे आश्वस्त थी कि बालू का उठाव बिहार से हो रहा है जबकि आज तक कभी सीमांकन हुआ ही नहीं है। क्या बांका की पुलिस को गोड्डा जिला प्रशासन से ऐसी कार्यवाही करने से पहले इस मुद्दे पर बात नहीं करनी चाहिए थी। और अंत में एक बड़ा सवाल ये भी है कि आखिर सीमांकन के उलझे विवाद का शिकार आम जनता, कब तक पुलिसिया लाठी खाती रहेगी।

### बालू के अवैध उठाव, परिवहन व भंडारण पर करें सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

**गोड्डा।** उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में खनन विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा अवैध बालू उठाव एवं अवैध खनन पर किए गए कार्रवाई की प्रखंडवार समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत जिले में बालू के अवैध उठाव, परिवहन, भंडारण करने वालों एवं अवैध उत्खनन करनेवाले लोगों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने और ऐसे क्षेत्रों में लगातार छापामारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अंचलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर बालू के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।मौके पर जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा सन्नी कुमार सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### बीजीएच के सौजन्य से संत निरंकारी मिशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**बोकारो।** संत निरंकारी मिशन बोकारो के द्वारा स्थानीय सेक्टर 04 स्थित बौद्ध बिहार के प्रांगण में बोकारो जनरल अस्पताल के सौजन्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संत निरंकारी मिशन बोकारो के सदस्यों के द्वारा 24 यूनिट रक्त का रक्तदान किया गया। इस अवसर पर बीजीएच के ब्लड बैंक के प्रभारी डा सुरेन्द्र कुमार (एसीएमओ) ने कहा कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य-थैलेसिमीया सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना तथा रक्त की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। ब्लड बैंक के प्रभारी डा सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 18 वर्ष से 60 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ पुरूष स्वेच्छा से एक वर्ष में चार बार तथा एक स्वस्थ महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकती है। रक्तदान करने से शरीर के किसी भी अंग में कोई कमजोरी नहीं आती है। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए रक्त केन्द्र बीजीएच के काउन्सलर कविता कुमार झारखण्ड सरकार नर्सिंग सिस्टर रजिता एक्का विनिता लैब टेकनीशियन महेन्द्र प्रसाद अंकिता एवं कौशल कुमार का अहम योगदान था।

### आतंकी हमले के खिलाफ बोकारो में पुरोहितों ने निकाला कैंडल मार्च, किया पुतला दहन



**बोकारो।** पाकिस्तान-परस्त आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में किए गए हमले के खिलाफ देशभर में चौतरफा उबाल है। इस्पातनगरी बोकारो उपशहर चास सहित आसपास के इलाके में भी जोर-शोर से इसका विरोध कर सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ अब निर्णायक व आक्रामक कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शनों की कड़ी में शहर के सेक्टर-3 स्थित थाना मोड़ में मोमबत्ती जुलूस निकाला गया। थाना मोड़ शिव मंदिर से निकले इस कैंडल मार्च में भारी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए जो जुलूस की शक्ल में सेक्टर-3 सामुदायिक केन्द्र और हायर सेकेंडरी स्कूल होते हुए कृष्णा मोड़ पहुंचे। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के गगनभेदी नारे लगाए। कृष्णा मोड़ पहुंचकर पाकिस्तानी हुकूमत का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थाना मोड़ सेक्टर 3 शिव मंदिर के पुजारी एवं बोकारो जिला पुरोहित समाज के अध्यक्ष संजय पांडे ने आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। उपस्थित लोगों ने आतंकी हमले में जाति एवं धर्म पूछकर मारे गए लोगों को शहीद बताते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु मौन रखा तथा ईश्वर से प्रार्थना की। इस विरोध कार्यक्रम में नवीन कुमार सिंह संजीव कुमार मुकेश कुमार सिंह नरेंद्र प्रसाद सिंह हरि सिंह गोपाल सिंह बालेश्वर पांडे प्रेम नारायण जीतू पांडे राजेश पांडे विजय कुमार मनोज कुमार आदि ने भी अपने विचार रखे।

### हिंदू फ्रंट ऑफ इंडिया ने कश्मीर में निहत्थे निर्दोष हिंदुओं की जघन्य हत्या पर निकाला आक्रोश मार्च

**बोकारो।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों पर अब तक के सबसे क्रूर व बर्बर आतंकी हमला के विरुद्ध बोकारो जिला अन्तर्गत चास गरगा पुल भारत माता की प्रतिमा के समक्ष हिंदू फ्रंट ऑफ इंडिया के बैनर तले आक्रोश मार्च निकाल कर पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध जताया गया। निर्दोष पर्यटकों की हत्या मानवता पर हमला है। फ्रंट के नेताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस आक्रोश यात्रा के माध्यम से हम केंद्र सरकार से आतंक और आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग करते हैं ताकि भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने से पहले आतंकी हजार बार सोचे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के प्रदेश संयोजक कौशल किशोर राय राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि विक्रम कुमार महतो भाजपा नेता अर्जुन सिंह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह मुकेश राय अर्चना सिंह भाजपा की प्रखर नेत्री डॉ परिंदा सिंह करमचाँद गोप आशीष कुमार महतो गोपाल साह अमर चौरसिया शशि सम्राट भाजपा युवा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार अशोक कुमार वर्मा ऋषभ राय शंकर रजक विवेक सिंह अनिल सिंह अमर स्वर्णकार कृष्ण कुमार दिलीप सिंह शिव शंकर राय प्रदीप सिंह गौरी शंकर आतिश सिंह मनजीत सिंह धर्मेंद्र महथा टुनटुन मिश्रा अरुण बरनवाल संतोष बरनवाल रामलाल सोरन आदि उपस्थित रहे।

### झारखंड में एक्सप्रेसवे एवं हाईवे के एलिफेंट कोरिडोर के क्रासिंग स्थलों पर अंडरपास क्रास बनाने की मांग

**बोकारो/कसमार।** भारतमाला परियोजना फेज वन एवं टू के कारण झारखंड में एलिफेंट कोरिडोर बंद होने को लेकर झारखंड वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो ने प्रधानमंत्री कार्यालय व केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री तथा बोकारो जिला वन पदाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए एलिफेंट कोरिडोर अंतर्गत चिन्हित स्थानों में एलिफेंट अंडरपास क्रॉसिंग बनाने की मांग किया है ताकि जंगली हाथी अपने निश्चित कोरिडोर से भटके नहीं। केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री महतो ने कहा है कि झारखंड में जंगली हाथियों का एक विशाल कोरिडोर है जहां जंगली हाथी उसी कोरिडोर के अंतर्गत सालों भर परिभ्रमण करते रहते हैं। जिससे होकर भारतमाला परियोजना फेज-1 एवं 2 के गुजरने से कोरिडोर कई जगहों पर बंद जायेगा। जिससे जंगली हाथियों का समूह कोरिडोर मार्ग से भटक जायेंगे और गांव एवं शहर की ओर मुड़ जायेंगे। जिससे जंगली हाथियों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो जायेगा। इसलिए हाथियों के संरक्षण एवं आम जनता व ग्रामीणों की सुरक्षा के निमित्त प्रस्तावित एवं निर्मित एक्सप्रेस वे एवं हाईवे कोरिडोर अंतर्गत चिह्नित स्थानों पर एलिफेंट अंडरपास क्रास बनाया जाय।

### पत्थरकट्टा चौक पर दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत




**बोकारो।** बोकारो शहर के पत्थरकट्टा चौक (गोलंबर) के समीप लगभग 62 वर्षीय एक स्कूटी सवार की दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा हेलमेट चेकिंग के भय से भागने के क्रम में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के ट्रक की चपेट में स्कूटी सवार आ गया और काफी गंभीर रूप से घायल हो गए।। आनन फानन में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया पर अन्तत: उसकी मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा छुपकर कहीं भी चेकिंग करना ही उसकी मौत का कारण बना। निस्संदेह ट्रैफिक पुलिस लोगों की हिफाजत के लिए हेलमेट वगैरह की चेकिंग पोस्ट लगाती है परंतु व्यस्त चौराहे या सड़क पर चेकिंग-वह भी छुपकर करना शायद उचित नहीं। बकायदे चेकिंग पोस्ट लगाकर ट्रैफिक नियमों के अनुपालन करवाना ही उचित है। वरना ट्रैफिक चेकिंग के भय से भागने के क्रम में ऐसी जानलेवा घटनाएं होती रहेंगी और दोषी चालकों सहित निर्दोष भी भुक्तभोगी बनते रहेंगे।

## हत्या के मामले में दो अभियोगी गिरफ्तार



**गोड्डा।** आज एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद उनके साथ गोड्डा एसडीपीओ गोड्डा अशोक प्रियदर्शी भी उपस्थित थे । एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि 19 अप्रैल 2025 की रात्रि महगामा के बनरचुआ ग्राम निवासी श्यामा झा की गोली मार कर हुई हत्या मामले में दो गिरफ्तार। इस संदर्भ में महागामा थाना में 04 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध मामला अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस द्वारा की गई छापामारी में काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त निवेदिता देवी और अप्राथमिकी अभियुक्त राजाराम यादव उर्फ राजू का इस कांड में शामिल होने की बात सामने आई जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। उक्त काण्ड में यह बात प्रकाश में आई की जमीन विवाद को लेकर निवेदिता देवी के पति सच्चिदानंद मिश्रा की हत्या बीते वर्ष 2023 में कर दी गई थी। जिसका बदला लेने के नियत से इस घटना को अंजाम दिया गया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लागातार छापामारी की जा रही है।छापेमारी में तीन मोबाईल एवं एक गोली का खोखा बरामद।

## सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार घायल

बेरमो /बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के होसीर स्थित बीके 10 ओएनजीसी प्लांट के निकट सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया घायल की पहचान पेटरवार प्रखंड अंतर्गत घरवाटांड़ पंचायत के पिपराडीह गांव निवासी 45 वर्षीय घनश्याम यादव के रूप में हुई है मिली जानकारी के अनुसार घनश्याम यादव गोमिया की ओर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक भारी वाहन ने अचानक ओएनजीसी प्लांट की ओर मुड़ गई जिससे उनकी बाइक सीधा वाहन से टकरा गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के तुरंत बाद उसी रास्ते से गुजर रहे राहगीर व ग्रामीणो वासीम आलम,अमित कुमार,और आकाश रवानी के अलावा ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय गोमिया थाना और एंबुलेंस चालक को सूचना दी सूचना मिलते ही गोमिया थाना से तुरंत मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस के माध्यम से घायल को गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है घनश्याम यादव ने बताया कि हादसा वाहन चालक की लापरवाही के कारण हुआ फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बाबासाहेब के विचार हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे : मंत्री





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत के गोमिया पंचायत के बेलाटांड़ ग्राम में अंबेडकर समिति बेलाटांड़ की ओर से भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का 134वीं जयंती पखवाड़ा बुद्ध वंदना के साथ हर्षोउल्लास मनाया गया। इस अवसर पर समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग मंत्री योगेन्द्र प्रसाद व विशिष्ट अतिथि बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ, गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम व मुखिया बलराम रजक ने संयुक्त रूप से बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की स्थापित प्रतिमा पर पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पणकर नमन किया। मौके पर माननीय मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में उन्हें याद करते हुए कहा कि बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर ने हजारों वर्षों से अंधकार में डूबे समाज को न्याय,समानता और सम्मान का उजाला देनेवका काम किया है,संविधान निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय है। डॉ.भीमराव अंबेडकर जी एक व्यक्ति से बढ़कर एक विचार हैं, एक आंदोलन हैं। उनके विचार हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। संविधान निर्माण के दौरान उन्होंने हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म और हर समुदाय के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया। हम सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है। उन्होंने डॉ.अंबेडकर को महान युगपुरुष बताया। उन्होंने कहा कि अपने जीवन काल से शिक्षा, समाजिक क्षेत्र में सभी जाति धर्म के लोगो को अपने हक और अधिकार प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित होकर जुझारू बनने की राह बाबा साहेब की देंन है, उनके तीन मूलमंत्र शिक्षित बनो,संगठित रहो और संघर्ष करो के मार्ग पर चलने की जरूरत है।वही सभी ने बाबासाहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के उपरांत कमिटी के लोगो ने माननीय मंत्री जी को एवं उपस्थित अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं बेज पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मंच संचालन बाबूचंद रविदास ने किया।

मौके पर अमित पासवान, घनश्याम महतो, कमिटी के अध्यक्ष गिरधारी रविदास, सचिव बसंत रविदास, तिलेश्वर रविदास, सुरेन्द्र रविदा, बद्री राम, गंदोरी राम, रंजीत कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### अधिवक्ता परिषद झारखंड बोकारो जिला इकाई ने उपायुक्त के नाम सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र

# न्यायिक आचरण की निगरानी के लिए एक नया कानून तुरंत लाया जाये : विजय कुंवर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** अधिवक्ता परिषद झारखंड बोकारो जिला इकाई द्वारा अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित- स्वतंत्र न्यायपालिका की जवाबदेही संबंधी प्रस्ताव का एक ज्ञापन उपायुक्त के नाम उपायुक्त की अनुपस्थिति में उनके प्रभार में कार्यरत कार्यपालक दंडाधिकारी मेनका को समर्पित किया गया तथा अनुरोध किया गया कि उक्त प्रस्ताव महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्य न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली को विधिवत्त अग्रसारित किया जाए।

उक्त अवसर पर परिषद के प्रदेश महामंत्री विजय नाथ कुंवर विशेष रूप से उपस्थित थे। कुंवर ने कहा कि पूर्व निर्णय अनुसार आज संपूर्ण देश में अधिवक्ता परिषद की सभी इकाइयों द्वारा स्थान अनुरूप एसडीओ, डीसी, आयुक्त एवं राज्यपाल को उक्त प्रस्ताव की कॉपी ज्ञापित की जा रही है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करते समय किसी को भी जवाबदेही की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि नियुक्ति की प्रक्रिया और न्यायिक आचरण की निगरानी को और अधिक पारदर्शी तरीके से करने के लिए एक नया कानून तुरंत लाया जाये एवं इस प्रक्रिया में न्यायपालिका की प्रमुख भूमिका हो। जब तक यह कानून प्रभावी नहीं हो जाता तब तक कॉलेजियम के माध्यम से उच्च न्यायपालिका में नियुक्ति की वर्तमान प्रक्रिया जारी रह सकती है। वर्तमान पदाधिकारियों की जवाबदेही से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व सीजेआई और उच्च न्यायालयों के सीजे और विशेषज्ञ व्यक्तियों के साथ एक स्थायी समिति का गठन किया जाना चाहिए। यदि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का कोई भी सगा संबंधी उनके क्षेत्राधिकार में वकालत कर रहा हो तो वैसे न्यायाधीशों को स्थानांतरण नोटिस पर रखना चाहिए। यदि यह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश से संबंधित है तो उस विशेष परिवार के सदस्य को उस न्यायाधीश के सेवानिवृत्त होने तक सर्वोच्च न्यायालय में प्रैक्टिस नहीं करनी चाहिए। यदि आवश्यक हो तो प्रासंगिक कानूनों में संशोधन करके सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों और मध्यस्थता के लिए तीन साल की सेवानिवृत्ति के बाद की कूलिंग अवधि का पालन किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में भविष्य की नियुक्तियां समान सेवानिवृत्ति आयु के अधीन हो सकती हैं। उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों और उनके तत्काल परिवार के सदस्यों की संपत्ति हर साल संबंधित न्यायालयों की वेबसाइटों पर अपलोड की जाये। प्रत्येक उच्च न्यायालय में अन्य उच्च न्यायालयों के एक तिहाई न्यायाधीश होने चाहिए।

मौके अवसर पर इकाई के महामंत्री संतोष गिरी उमाकांत पाठक अर्चना ठाकुर कल्पना श्रीवास्तव उषा श्रीवास्तव डॉली झा संजू सिंह पुष्पांजलि संजय कुमार सिंह सुनील सिंह दीपक कुमार संजीव कुमार पाठक राजेश मिश्रा प्रेम कुमार तिवारी प्रकाश कुमार मृत्युंजय कुमार लालू कुमार तरुण कुमार आदि अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ कस्तूरीरंगन का निधन

**बेंगलुरु।** प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डॉ कस्तूरीरंगन ने सुबह 10:43 बजे अपने निवास पर अंतिम स्वास ली। परिवारिक सूत्रों के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को रविवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया है। उन्होंने महान वैज्ञानिक के परिवार, उनके छात्रों, वैज्ञानिक साथियों तथा अनगिनत प्रसंशकों के प्रति दुख की इस घड़ी में संवेदना व्यक्त की है।

### यूपी बोर्ड में बेटियों ने लहराया परचम

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडियेट परीक्षा परिणामों में छात्राओं ने परचम लहराया है। हाईस्कूल में जालौन के यश प्रताप सिंह ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में टॉप किया है वहीं इंटर परीक्षा में प्रयागराज की महक जायसवाल 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में प्रथम स्थान पर आयी हैं। हाईस्कूल परीक्षा में 90.11 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये हैं जिनमें छात्राओं के उत्तीर्ण का प्रतिशत 93.87 और छात्रों का 86.66 प्रतिशत है वहीं इंटर परीक्षा में 81.85 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये हैं। हाईस्कूल परीक्षा में जालौन के आरकेडी इंटर कालेज उमरी के यश प्रताप ने 600 में से 587 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

### गाजा में इजरायल का हमला, 50 मरे

**गाजा।** गाजा पट्टी पर गुरुवार सुबह से इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 52 हो गई है, जिनमें से 39 गाजा शहर और एन्क्लेव के उत्तरी इलाकों में हुए हमलों में मारे गए हैं। अल जजीरा प्रसारक ने फिलिस्तीनी चिकित्सा स्रोतों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

### थाईलैंड में विमान क्रैश, छह की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के फेत्चाबुरी प्रांत के रिसॉर्ट शहर हुआ हिन के तट के पास शुक्रवार सुबह एक छोटा पुलिस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। थाई पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि पुलिस विमानन प्रभाग का विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब विमान पैराशूट प्रशिक्षण के लिए परीक्षण उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी।

### बहराइच में दम घुटने से पांच मरे और तीन गंभीर

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के दरगाह क्षेत्र में शुक्रवार सुबह में एक राइस मिल के ड्रायर से उठे धुएं से दम घुटने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से बीमार हो गये । राजगढ़िया फूड फैक्ट्री में शुक्रवार की सुबह अचानक ड्रायर से धुआं उठने पर हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में काम कर रहे लोग आग लगने की आशंका से उसे बुझाने के लिए गए कि तभी दम घुटने से आठ लोग बेहोश हो गए । सभी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जांच के बाद डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया।

### पाकिस्तान में विस्फोट 4 सुरक्षाकर्मी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में शुक्रवार को शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट में अर्धसैनिक बल के चार जवान मारे गये और तीन अन्य घायल हो गये। शहर के पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा के बाहरी इलाके में हुई, जहां बम निरोधक दस्ते को ले जा रहे एक वाहन को एक आईईडी से निशाना बनाया गया।

# जम्मू-कश्मीर में सेना प्रमुख ने कमांडरों के साथ की बैठक

## सेना ने शुरू की आतंकवाद पर बड़ी चोट की तैयारी

▸▸ सेना प्रमुख ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की और डीजीपी से ली हालात की जानकारी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत आतंकवाद के बुनियादी ढांचे और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को कुचलने के लिए सटीक कदम उठा रहा है। इसी दिशा में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे और स्थिति की समीक्षा तथा भविष्य की कार्रवाई पर एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सेना प्रमुख और उपराज्यपाल के अलावा सेना की उत्तरी कमान के चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार, सेना के उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और 15 कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव शामिल हुए। इसमें सुरक्षा तंत्र, विभिन्न अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक उपायों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच एकीकरण और समन्वय की समीक्षा की गई। सेना प्रमुख जम्मू-कश्मीर स्थित विक्टर फोर्स और 15 कोर मुख्यालय भी गए। उन्हें मौजूदा स्थिति की जानकारी दी गई। सेना प्रमुख के इस दौरे में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच एकीकरण और समन्वय की भी समीक्षा की गई। सेना प्रमुख ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी मुलाकात की। वहीं, राज्य के पुलिस महानिदेशक से हालात की जानकारी ली। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद सेना प्रमुख श्रीनगर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने सेना की उत्तरी कमान के कमांडर के साथ सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा भी की। सेना प्रमुख से बातचीत के दौरान उपराज्यपाल ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले का हर अपराधी और समर्थक, चाहे वह किसी भी स्थान या संबद्धता का हो, पकड़ा जाना चाहिए। आतंकवादियों को हमारे नागरिकों के खिलाफ कायरतापूर्ण और नृशंस कृत्य की भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने जनरल उपेंद्र द्विवेदी से कहा कि वह न केवल पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं, बल्कि आतंकवाद के बुनियादी ढांचे और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को कुचलने के प्रयासों को भी तेज करें। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा पर कुछ जगहों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। भारतीय सेना ने इसका प्रभावी तरीके से जवाब दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने निहत्थे पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। हमले के बाद से सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ पूरे इलाके में विस्तृत अभियान छेड़ रखा है। सेना और सुरक्षाबलों ने कई संदिग्ध स्थानों की घेराबंदी कर रखी है। सेना हेलिकॉप्टर के जरिए भी निगरानी कर रही है।

## आतंकवाद की लड़ाई के खिलाफ पूरा विपक्ष केंद्र के साथ : राहुल

▸▸ पहलगाम में आतंकवादी हमले के पीछे समाज को विभाजित करने की थी मंशा



**श्रीनगर।** कांग्रेस और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना के जवाब में पूरा विपक्ष सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। इस घटना में दो दर्जन से ज्यादा लोग मारे गए और कई घायल हो गए। गांधी ने कहा कि गुरुवार को हमारी सरकार के साथ बैठक हुई थी। विपक्ष ने इस हमले की निंदा की और सरकार की हर कार्रवाई को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। शुक्रवार सुबह श्रीनगर पहुंचे गांधी ने पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की और कहा कि हमले के पीछे समाज को विभाजित करने की मंशा थी। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हर एक भारतीय एकजुट हो। हमें आतंकवादियों की कोशिशों को हराना होगा। अपने कश्मीर दौरे के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम हमले में घायल लोगों से एक से मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि उन सभी लोगों को मेरा प्यार और स्नेह, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है।उन्होंने कहा कि यह देखकर दुख होता है कि कुछ लोग देश के अन्य हिस्सों में कश्मीर के मेरे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं। हमें एक साथ खड़े होकर आतंकवाद को हमेशा के लिए हराना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के लिए राहुल गांधी को लगायी फटकार, कहा

# स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक न उड़ायें

## अदालत ने इंदिरा गांधी के पत्र को दिलाया याद



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में एक रैली में विनायक दामोदर सावरकर पर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की निंदा की, लेकिन उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

पीठ ने गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या उन्हें पता है कि महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों को लिखे अपने संदेश में आपका वफादार सेवक जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। जब सिंघवी ने तर्क दिया कि गांधी के खिलाफ शत्रुता और सार्वजनिक उत्पात को बढ़ावा देने के आरोप नहीं बनते, तो पीठ ने टिप्पणी की, आप बहुत आज्ञाकारी हैं...क्या आपके मुवक्किल को पता है कि महात्मा गांधी ने भी वायसराय को संबोधित करते समय आपका वफादार सेवक कहा था? क्या महात्मा गांधी को सिर्फ. इसलिए अंग्रेजों का सेवक कहा जा सकता है क्योंकि उन्होंने वायसराय को आपका सेवक कहा था। उन दिनों, मैंने भी देखा है, कलकत्ता उच्च न्यायालय के हमारे न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश कोआपका सेवक लिखकर संबोधित करते थे। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि क्या आपके मुवक्किल को पता है कि उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने भी प्रधानमंत्री रहते हुए इसी सज्जन (सावरकर) की प्रशंसा करते हुए एक पत्र भेजा था? न्यायाधीश ने कहा कि तो, स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान न दें। आपने कानून पर एक अच्छी बात कही है, आप इस पर रोक लगाने के हकदार हैं। हम इस पर कुछ नहीं कह रहे हैं। पीठ ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनके (गांधी) द्वारा दिए गए किसी भी अन्य बयान पर स्वतः संज्ञान लिया जाएगा। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों पर और कोई शब्द नहीं... उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ ऐसा व्यवहार करते हैं? यह तरीका नहीं है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता अधिवक्ता नृपेन्द्र पांडे को नोटिस जारी किया और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें गांधी के खिलाफ निचली अदालत के सम्मन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। सिंघवी ने अदालत से कोई टिप्पणी न करने का आग्रह किया।

# संसद से पारित कानून वक्फ कानून संविधान सम्मत

## सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा, खारिज की जाएं सभी याचिकाएं




▸▸ 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर से ज्यादा की वृद्धि हुयी है : सरकार

▸▸ उच्चतम न्यायालय तभी कानून की समीक्षा कर सकता है, जब विधायी अधिकार क्षेत्र और अनुच्छेद 32 में निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज करने का शुक्रवार को अनुरोध करते हुए कहा कि इस कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती, क्योंकि संवैधानिकता की धारणा इसके पक्ष में है।

सरकार ने 1,332 पृष्ठ के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बातहै कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20,92,072.536 हेक्टेयर (20 लाख हेक्टेयर से ज्यादा) की वृद्धि हुई। हलफनामे में कहा गया कि मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता के बाद के दौर में भारत में कुल 18,29,163.896 एकड़ भूमि वक्फ की गई। हलफनामे में निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया। यह हलफनामा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन ने दायर किया। हलफनामे मे कहा गया कि कानून में यह स्थापित स्थिति है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी।

संसद द्वारा बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। संवैधानिकता की धारणा एक कानूनी सिद्धांत है, जिसके अनुसार अगर किसी कानून को अदालत में चुनौती दी जाती है, तो अदालत सामान्यतः यह मानकर चलती है कि वह संवैधानिक है, और केवल तभी उसे असंवैधानिक ठहराया जाता है, जब वह स्पष्ट रूप से संविधान का उल्लंघन करता हो। केंद्र सरकार ने कहा कि न्यायालय याचिकाओं की सुनवाई के दौरान इन पहलुओं की समीक्षा करे लेकिन आदेश के प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना पूरी तरह से रोक (या आंशिक रोक) लगाना अनुचित होगा। हलफनामे में कहा गया है कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं इस झूठी दलील के आधार पर दायर की गई हैं कि कानून में संशोधन धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को छीन लेते हैं।

केंद्र सरकार ने कहा कि उच्चतम न्यायालय तभी कानून की समीक्षा कर सकता है, जब विधायी अधिकार क्षेत्र और अनुच्छेद 32 में निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ हो। सरकार ने कहा कि प्रमुख राजनीतिक दलों के सदस्यों वाली संसदीय समिति के बहुत व्यापक, गहन और विश्लेषणात्मक अध्ययन करने के बाद ये संशोधन किए गए हैं। हलफनामे में कहा गया है कि संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि वक्फ जैसी धार्मिक संस्थाओं का प्रबंधन इस प्रकार से किया जाए कि उनमें आस्था रखने वालों का और समाज का विश्वास कायम रहे तथा धार्मिक स्वायत्तता का हनन न हो। केंद्र सरकार ने कहा कि यह कानून वैध है और विधायी शक्ति का जायज तरीके से इस्तेमाल करके बनाया गया है। हलफनामे में कहा गया है कि विधायिका द्वारा की गई विधायी व्यवस्था को बदलना अस्वीकार्य है।

केंद्र सरकार ने 17 अप्रैल को, शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक वक्फ बाय यूजर संपत्ति समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करेगी और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्ति करेगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ अंतरिम आदेश पारित करने के मामले पर पांच मई को सुनवाई करेगी।



### भागलपुर के 'मोदी-3' आम का स्वाद लेंगे राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री

**भागलपुर। इस साल भी भागलपुर के खास आम का स्वाद देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चखेंगे। भागलपुर के मैंगो मैन अशोक चौधरी ने इस बार अपने बगीचे में एक अनोखा आम का पेड़ विकसित किया है, जिसका नाम है मोदी-3। अशोक चौधरी ने इस आम को पूरी तरह जैविक तरीके से तैयार किया है। चौधरी ने मोदी के पहली बार प्रधानमंत्री बनने पर उन्होंने मोदी-1, दूसरी बार मोदी-2, और अब तीसरी बार मोदी-3 नाम से आम का पेड़ तैयार किया है।**

## नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल को अदालत ने नोटिस जारी करने से किया इंकार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा अन्य को नोटिस जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। ईडी ने दावा किया है कि कानून के नए प्रावधानों के अनुसार, शिकायत पर संज्ञान (ईडी के आरोपपत्र के समतुल्य) आरोपी को सुने बिना नहीं लिया जा सकता। ईडी ने अदालत से कहा कि हम नहीं चाहते कि यह आदेश लंबा चले। नोटिस जारी किया जाए। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि इससे पहले कि अदालत इस बात से जब तक संतुष्ट न हो जाए कि नोटिस की आवश्यकता है, तब तक वह ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकती। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत को कोई भी आदेश पारित करने से पहले यह देखना होगा कि कोई कमी तो नहीं है।

# नीट पेपर लीक का मास्टर माइंड संजीव मुखिया दानापुर में धराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ 10 अप्रैल को बिहार पुलिस ने संजीव मुखिया पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था



**पटना।** नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गुरुवार की रात पटना से बिहार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आर्थिक अपराध यूनिट (ईओयू) की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। संजीव मुखिया पर तीन लाख का इनाम घोषित किया था। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने शुक्रवार को बताया कि नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया मुख्य आरोपी है और वह लंबे समय से फरार था। 10 अप्रैल को बिहार पुलिस ने संजीव मुखिया पर 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात मिले एक इनपुट के आधार पर दानापुर थाना क्षेत्र के शागुनामोर स्थित एक अपार्टमेंट से ईओयू और बिहार एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई के बाद नीट पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गिरफ्तार किया है।

# बिहार में 3837 पदों पर जल्द होगी बहाली

## बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त नियमावली सहित 34 एजेंडों पर कैबिनेट की मुहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ राम मंदिर की तरह बनेगा माता जानकी का पुनौराधाम

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। मौखिक सहमति के आधार पर पूर्व में किए गए बदलैन को भी अब आधार माना जायेगा। इसके लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली 2025 की स्वीकृति के साथ कुल 34 एजेंडों पर मुहर लगाई है। कैबिनेट ने बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली 2025 की स्वीकृति दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के एजेंडा में बताया गया है कि बिहार में रैयती एवं अन्य प्रकार की भूमि का नया अधिकार अभिलेख (खतियान) एवं भू मानचित्र (नक्शा) निर्मित किया जा रहा है। भूमि के सर्वेक्षण एवं बंदोबस्ती के क्रम में यह महसूस किया गया है कि सर्वेक्षण में 100 फीसदी शुद्धता, पारदर्शिता एवं गतिशीलता सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त संशोधन नियमावली 2012 के अंतर्गत खानापूरी दल को अन्य तथ्यों के साथ-साथ मौखिक सहमति के आधार पर पूर्व से क्रियान्वित बदलैन को भी आधार मानने संबंधी प्रावधान किया जाना उचित है। ऐसे में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त संशोधन नियमावली 2025 की स्वीकृति दी जाती है। कैबिनेट की बैठक में पर्यटन विभाग के अंतर्गत में मां सीता का मंदिर से जुड़ा महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। सीतामढ़ी जिले में अवस्थित मां सीता की जन्मस्थली, पुनौराधाम के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के अनुरूप समग्र विकास हेतु डिजाईन कन्सलटेंट के रूप में मेसर्स डिजाईन एसोसिएट्स इन्कॉरपोरेटेड, नोएडा का मनोनयन के आधार पर चयन किये जाने की स्वीकृति कैबिनेट ने प्रदान की है।

सरकार ने विभिन्न विभागों के लिए 3837 पद सृजन की स्वीकृत दी है। मंत्रिमंडल के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ के अनुसार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग में 2159 पदों को पुनर्गठित का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों के संचालन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 663 गैर तकनीकी पद सृजित किए गए हैं। नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के अनुपालन में प. चंपारण के मधुबनी अंचल, वैशाली में गोरौल अंचल, बेगूसराय में शाम्हों अंचल, गया में इमामगंज अंचल, कैमूर में अधौरा अंचल, बांका में कटोरिया, मुंगेर में असरगंज और जमुई में चकाई अंचल में प्रस्तावित डिग्री महाविद्यालय के लिए शिक्षक श्रेणी के 422 और शिक्षकेत्तर श्रेणी के 104 कुल 526 पदों का सृजन किया गया है। खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के लिए 244 पद, अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के 104 पद और राजस्व अधिकारी सह कानूनगो (भू अर्जन) के 81 पदों कुल 185 पदों के सृजन सृजित किए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय, पटना के लिए 34 स्थायी और संविदा वाले 6 कुल 40 पद, गन्ना उद्योग विभाग में संपर्क पदाधिकारी, सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, पौधा संरक्षक निरीक्षक और तकनीकी सहायक के कुल 19 पदों को ईख पर्यवेक्षक के रुप में बदलने तथा राजकीय औषधालय, राजभवन, पटना में आयुर्वेदिक पंचकर्म ईकाई के संचालन के लिए मूल कोटि के आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के एक पद के सृजन का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है।